▸ वर्ष 72 ▸ अंक 343 ▸ पृष्ठ 12 + 8 = 20
▸ रीवा, बुधवार 10 सितम्बर 2025
▸ आश्विन कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2028
▸ नगर ■ ■ ▸ मूल्य : 5.00 रुपए

आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com



धू धू कर जलता नेपाल का संसद भवन

# नेपाल में अराजकता

## संसद, सुप्रीम कोर्ट और एयरपोर्ट धधके; पीएम और राष्ट्रपति दोनों ने छोड़ा पद; सेना ने संभाला मोर्चा

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल में सोमवार को शुरू हुए अराजक माहौल मंगलवार को राजधानी काठमांडू के सभी सरकारी प्रतिष्ठानों को अपनी चपेट में ले चुका है। इस समय नेपाल ऐसे भीषण राजनीतिक और सामाजिक संकट से गुजर रहा है, जिसकी कल्पना कुद दिन पहले तक नहीं की जा सकती थी। राजधानी काठमांडू और देशभर में भड़की हिंसा ने लोकतंत्र की सारी संस्थाओं को झकझोर दिया है। संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट से लेकर एयरपोर्ट तक आग की लपटों में घिर गए हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद मंगलवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी पद छोड़ दिया। अब तक 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं।



### आग में झुलसीं पूर्व पीएम की पत्नी की मौत

प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल के घर पर हमला कर आगजनी की। उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार लपटों में घिर गईं। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन कीर्तिपुर बर्न अस्पताल में उनकी मौत हो गई। यह घटना जनता और प्रदर्शनकारियों के गुस्से के बीच एक और विस्फोटक मोड़ बन गई। पूर्व पीएम के पड़ोसियों के मुताबिक, लोग यह कहते सुने गए- 'नेताओं ने देश जलाया है, अब जनता नेताओं के घर जलाएगी।'

### नेताओं को काठमांडू में दौड़ा-दौड़कर पीटा

राजधानी की सड़कों पर अब तक के सबसे भयावह दृश्य देखने को मिले। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा को उनके ही घर में घुसकर पीटा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि लोग उन्हें धक्का देकर गिरा रहे हैं और लाठियां चला रहे हैं। इसी तरह, वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को भी काठमांडू की गलियों में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। एक युवक उनके सीने पर लात मारता नजर आया। यह वीडियो गुस्से का प्रतीक बनकर पूरे नेपाल में वायरल हो गया है।

प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद मंगलवार देर रात राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी पद छोड़ दिया। राष्ट्रपति भवन से जारी बयान में उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहता कि मेरे पद के कारण देश और गहरे संकट में जाए। इसलिए मैं पद छोड़ रहा हूं। अब यह जिम्मेदारी जनता और उनके चुने प्रतिनिधियों की है कि वे नया नेपाल बनाएं।' ओली को सेना का हेलिकॉप्टर पहले ही सुरक्षित स्थान पर ले गया था। अब राष्ट्रपति के इस्तीफे ने राजनीतिक शून्य को और गहरा कर दिया है। हालात को संभालने के लिए नेपाली सेना को मोर्चे पर उतरना पड़ा। नेपाली सेना ने बयान जारी किया। सेना ने कहा, 'देश की आजादी और जनता की जान-माल की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हम हर हाल में एकता और शांति बनाए रखने की कोशिश करेंगे, लेकिन जनता को भी संयम बरतना होगा।'दिलचस्प है कि हिंसा की अगुवाई करने वाले जेन जी प्रदर्शनकारी धड़े ने लेटर जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि अब सरकार घुटनों पर आ चुकी है। उन्होंने अपने समर्थकों से अपील की कि सार्वजनिक संपत्ति को और नुकसान न पहुंचाएं और भविष्य के लिए शांतिपूर्ण रास्ता चुनें। हालांकि सड़कों पर उठती लपटें और धुएं के गुबार के बीच यह अपील लोगों तक कितनी पहुंचेगी, कहना मुश्किल है।

**संसद को लगाई आग:** हिंसा की शुरुआत संसद भवन को आग लगाने से हुई थी, मगर यह धीरे-धीरे सरकार और न्यायपालिका की सभी इमारतों तक फैल गई। संसद भवन पर कब्जे के बाद भीड़ ने ओली के निजी आवास को आग के हवाले कर दिया।

**सुप्रीम कोर्ट में फाइलें जलाईं:** प्रदर्शनकारियों का गुस्सा महज कार्यपालिका तक सीमित नहीं रहा। मंगलवार शाम को भीड़ ने सुप्रीम कोर्ट में घुसकर फाइलें जलाईं और कोर्ट रूम की कुर्सियां व दस्तावेज बाहर फेंक दिए। न्यायपालिका की यह सबसे बड़ी इमारत अब धुएं में बदल चुकी है।

**एयरपोर्ट पर हमला:** संसद और सुप्रीम कोर्ट में आग लगाने के बाद बाद शाम को भीड़ ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर धावा बोला। रनवे पर खड़े विमानों में आग लगाने की कोशिश हुई और टर्मिनल भवन के अंदर तोड़फोड़ की गई। नेपाल का दुनिया से हवाई संपर्क पूरी तरह ठप हो गया है।

**राष्ट्रपति भवन आग के हवाले:** राष्ट्रपति भवन (शीतल निवास) और गृहमंत्री रमेश लेखक का घर भी आग के हवाले कर दिया गया। राष्ट्रपति भवन में सुरक्षा बलों ने हालात काबू करने की कोशिश की, लेकिन गुस्साई भीड़ ने हथियार तक लूट लिए। इससे पहले राष्ट्रपति ने इस्तीफा दे दिया था।

### जेल से भागे 1500 कैदी, सेना ने दी चेतावनी

ललितपुर स्थित नक्खू जेल से करीब 1500 कैदी फरार हो गए। इनमें कई कुख्यात अपराधी और माओवादी संगठन के पुराने नेता भी शामिल बताए जा रहे हैं। इससे आम लोगों में दहशत और बढ़ गई है।

### ASIA CUP एशिया कप में आज

**इंडिया बनाम यूएई**

समय : शाम 8.00 बजे से

प्रसारण: सोनी स्पोर्ट्स और सोनी लिव एप पर

**उपराष्ट्रपति चुनाव:** एनडीए प्रत्याशी ने 152 वोटों से दर्ज की जीत, सुदर्शन रेड्डी को मिले 300 मत

# राधाकृष्णन 15वें उपराष्ट्रपति


**नई दिल्ली, जेएनएन।** मंगलवार को हुए चुनाव के बाद देश को नया उपराष्ट्रपति मिल गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विजयी हुए। राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले, जबकि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडिया) के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट प्राप्त हुए। इस तरह राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

कांग्रेस ने दावा किया था कि इंडिया गठबंधन के 315 सांसद राधाकृष्णन के खिलाफ वोट डालेंगे, लेकिन नतीजों में 15 वोट कम पड़े। इसके पीछे मतभेदों और अनुपस्थिति को कारण बताया जा रहा है। वहीं बीआरएस और बीजद ने चुनाव में भाग नहीं लिया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सांसद हैं। पंजाब में बाढ़ की स्थिति का हवाला देते हुए शिरोमणि अकाली दल के एकमात्र सांसद ने भी मतदान नहीं किया।

गौरतलब है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। धनखड़ के त्यागपत्र के बाद यह चुनाव कराया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राधाकृष्णन को जीत पर बधाई दी और कहा कि उनका अनुभव व दृष्टिकोण संसदीय परंपराओं को और मजबूत करेगा। विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने हार को स्वीकार करते हुए कहा, 'मैं सांसदों के फैसले को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में अटूट विश्वास के साथ स्वीकार करता हूं। नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति को शुभकामनाएं देता हूं।'

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि विपक्ष का प्रदर्शन पिछली बार की तुलना में बेहतर रहा। उन्हें 40 फीसदी वोट मिले, जबकि 2022 के चुनाव में विपक्ष को केवल 26 फीसदी वोट मिले थे। उन्होंने इसे भाजपा की 'नैतिक हार' बताते हुए कहा कि वैचारिक लड़ाई जारी रहेगी। जीत की घोषणा होते ही दिल्ली, जयपुर, चेन्नई आदि शहरों में स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर जश्न शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटी। भाजपा नेताओं ने इसे विपक्ष पर बड़ी राजनीतिक जीत बताया। वहीं विपक्ष ने अपने प्रदर्शन को सम्मानजनक करार दिया। 9 सितंबर को सुबह से ही मतदान शुरू हुआ था। पीएम मोदी ने सबसे पहले वोट डाला। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, विदेश मंत्री ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### 17 साल की उम्र में ली थी संघ की सदस्यता

20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन किशोरावस्था से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े। 17 वर्ष की उम्र में उन्होंने भारतीय जनसंघ की सदस्यता ली और 1980 में भाजपा की स्थापना के साथ ही इसके संस्थापक कार्यकर्ताओं में शामिल रहे। 2004 से 2007 तक वे भाजपा तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष रहे और इस दौरान उन्होंने 93 दिनों तक राज्यव्यापी रथ यात्रा निकाली।

### 1998 में बने सांसद

राधाकृष्णन ने 1998 और 1999 में कोयंबटूर से लोकसभा चुनाव जीते। संसद में वे कपड़ा उद्योग पर संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे और वित्त, सार्वजनिक उपक्रमों व स्टॉक एक्सचेंज घोटाले पर बनी समितियों में सक्रिय भूमिका निभाई। राजनीति के साथ-साथ उन्होंने वस्त्र उद्योग में भी पहचान बनाई। 1985 से 1998 के बीच वे कपड़ा निर्यात व्यवसाय से जुड़े और कई देशों से व्यापारिक संबंध स्थापित किए। बाद में उन्हें कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष (2016-20) बनाया गया और 2023 में झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्होंने तेलंगाना, पुडुचेरी और महाराष्ट्र का भी कार्यभार संभाला।

# कैबिनेट: अब जनता सीधे चुनेगी निकायों के अध्यक्ष

## प्रत्यक्ष प्रणाली से निकाय चुनाव कराने का प्रस्ताव मंजूर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में अब नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्षों को जनता सीधे चुनेगी। वर्ष 2027 में होने वाले इन चुनावों को प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने के प्रस्ताव पर मंगलवार को डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने वाहनों की स्क्रैप नीति को लेकर बड़ा फैसला लिया,जिसमें स्क्रैप करने पर नई गाड़ी की खरीदने में 50 प्रतिशत मोटरकर में रियायत मिलेगी।



मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है। इनमें में सबसे अहम प्रस्ताव निकाय चुनावों को लेकर रहा। जिसमें नगर पालिका और नगर निगम के अध्यक्ष पद के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से वर्ष 1999 से 2014 तक लगातार किया जाता रहा है। कोविड महामारी के आ जाने से वर्ष 2019 में निर्वाचन नहीं हो सके। इसके बाद वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली से किया गया। इसके लिए कैबिनेट ने मध्यप्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 लाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 19, 20(2), 32 से 35, 43, 45, 47, 55, 63 और 328 सहित दूसरी अन्य धाराओं में संशोधन किया जाएगा।

### स्क्रैप नीति में बदलाव: स्क्रैप करने पर नई गाड़ी खरीदी पर 50 प्रतिशत टैक्स छूट

कैबिनेट में हुए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने एक और अहम प्रस्ताव पर सहमति जताई है। यह प्रस्ताव स्क्रैप नीति को और कारगर बनाने के लिए पुराने वाहनों को लेकर अहम निर्णय लिए गए है। प्रस्ताव में बीएस-1 और बीएस-2 गाड़ियों को स्क्रैप करने के लिए अधिक प्रोत्साहन देने की व्यवस्था की गई है। इसमें अब स्कैपिंग संस्था को इंडस्ट्री की तरह ही सुविधाएं मिलेंगी, जो वाहन मालिक अपनी पुरानी गाड़ी स्क्रैप करेंगे, उन्हें नई गाड़ी खरीदते समय मोटर कर में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग द्वारा 8 सितंबर 2022 को जारी अधिसूचना के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली मोटरयान कर की छूट उन वाहनों पर लागू नहीं होगी, जिन्हें इस अधिसूचना के अंतर्गत मोटर यान कर छूट प्रदान की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मालेगांव ब्लास्ट: पीड़ित परिवार हाई कोर्ट पहुंचे

**मुंबई, जेएनएन।** 2008 मालेगांव ब्लास्ट के पीड़ितों के परिजनों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर विशेष एनआईए अदालत के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में अदालत ने 31 जुलाई को साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और अन्य छह आरोपियों को बरी कर दिया था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि अदालत का यह आदेश कानून के विरुद्ध और गलत है, जिसे रद्द किया जाना चाहिए। यह अपील मृतकों के छह परिजनों ने मिलकर दाखिल की है। इनमें निसार अहमद सैयद बिलाल और पांच अन्य शामिल हैं। उनके वकील मतीन शेख़ ने सोमवार को यह अपील दायर की। हाईकोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, यह मामला 15 सितंबर को जस्टिस ए.एस. गडकरी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आ सकता है। 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक ज़िले के मालेगांव कस्बे में एक मस्जिद के पास खड़ी मोटरसाइकिल में बंधा विस्फोटक धमाका हुआ था।

**दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी**

### शिक्षित महिला नहीं कह सकती कि वह गुमराह है

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि एक शिक्षित और स्वतंत्र महिला अपनी मर्जी से एक शादीशुदा पुरुष के साथ संबंध रखती है, तो वह यह दावा नहीं कर सकती कि उसे गुमराह या शोषित किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करते हुए सुनाया, जिस पर शादी का झांसा देकर, धोखाधड़ी और ठगी के साथ-साथ शिकायतकर्ता ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने रेप का मामला खारिज करते हुए कहा, शिकायतकर्ता को पता था कि आरोपी ने किसी और से शादी कर ली है, फिर भी वह उसके साथ स्वेच्छा से रही और यौन ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**मर्जी से संबंध रखती है तो फैसले के लिए खुद जिम्मेदार**

**रिपोर्ट** 'रिपोर्ट ऑन कॉजेज ऑफ डेथ: 31 प्रतिशत मौत की वजह हार्ट से जुड़ी

# भारत में हर तीसरी मौत का कारण हृदय रोग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में गैर-संचारी रोग मौतों का सबसे बड़ा कारण बन चुके हैं। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के अंतर्गत जारी 'रिपोर्ट ऑन कॉजेज ऑफ डेथ: 2021-2023' के अनुसार, देश में कुल मौतों में से लगभग 56.7 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों से होती हैं। इनमें सबसे प्रमुख है हृदय संबंधी रोग, जो लगभग 31 प्रतिशत मौतों का कारण बने। यानी देश में हर तीसरी मौत अब हृदय रोग से हो रही है।

रिपोर्ट बताती है कि 2020-2022 (कोविड प्रभावित अवधि) में गैर-संचारी रोगों का योगदान 55.7 प्रतिशत था और संक्रामक मातृ, प्रसवपूर्व तथा पोषण संबंधी कारणों से होने वाली मौतें 24 प्रतिशत थीं। हालांकि कोविड का प्रभाव अब कम हो चुका है, लेकिन मौतों में हृदय रोग का दबदबा और बढ़ा है।

इसके अलावा, चोटों से 9.4 फीसदी मौतें होती हैं जबकि 10.5 फीसदी मौतें ऐसे कारणों से दर्ज की गईं, जिन्हें स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया जा सका। दिलचस्प बात यह है कि अस्पष्ट कारणों से होने वाली मौतें अधिकतर 70 वर्ष से ऊपर की आयु में होती हैं। रिपोर्ट ने मौतों को आयु समूहों के अनुसार भी विभाजित किया है। इससे स्पष्ट है कि जहां युवा वर्ग मानसिक और सामाजिक दबावों के कारण आत्महत्या की ओर जा रहा है, वहीं वयस्क और बुजुर्ग वर्ग में जीवनशैली संबंधी बीमारियां मौत का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं। रिपोर्ट में मौतों के कारणों को आयु, लिंग, निवास (ग्रामीण-शहरी) और भौगोलिक क्षेत्रों के अनुसार भी वर्गीकृत किया गया है। इससे नीति-निर्माताओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि किस क्षेत्र या वर्ग में कौन-सी बीमारी ज्यादा प्रचलित है और उसके लिए विशेष स्वास्थ्य नीतियां बनाई जा सकती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में अनियमित खानपान, शारीरिक गतिविधि की कमी, तनाव, धूम्रपान और शराब का सेवन हृदय रोग और डायबिटीज जैसी बीमारियों को तेजी से बढ़ा रहा है। शहरी क्षेत्रों में फास्ट फूड और कामकाजी जीवनशैली इसका बड़ा कारण है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब ये आदतें तेजी से फैल रही हैं।

रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया है कि मौतों के कारणों को दर्ज करने में कुछ हद तक गलत वर्गीकरण की संभावना बनी रहती है।

**30 वर्ष से ऊपर: मौत का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग।**
**15-29 वर्ष आयु वर्ग: आत्महत्या प्रमुख कारण।**

**रोग से मौतें सबसे ज्यादा, इसके बाद संक्रमण और कैंसर**

| | |
|---|---|
| हृदय रोग | : 31 फीसदी |
| श्वसन संक्रमण | : 9.3 फीसदी |
| कैंसर व अन्य नियोप्लाज्म | : 6.4 फीसदी |
| श्वसन रोग | : 5.7 फीसदी |
| पाचन तंत्र संबंधी बीमारियां | : 5.3 फीसदी |
| अज्ञात कारणों से बुखार | : 4.9 फीसदी |
| अनजाने हादसे (वाहन दुर्घटना को छोड़कर) | : 3.7 फीसदी |
| डायबिटीज | : 3.5 फीसदी |
| जनन-मूत्र संबंधी बीमारियां | : 3.0 फीसदी |

# हेड कांस्टेबल को टक्कर मार कर घसीटा, आईसीयू में भर्ती

## इंदौर: विशेष चैकिंग के दौरान वारदात, आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के फूटी कोठी इलाके में पुलिस के विशेष चैकिंग अभियान के दौरान एक गैरमामूली हादसा हुआ। यहां अफसरों की मौजूदगी में चैकिंग ड्यूटी में तैनान द्वारकापुरी थाने के हेड कांस्टेबल डीडी शर्मा को स्कूटर सवार युवकों ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी और कई फीट तक घसीटकर ले गये। हादसे में शर्मा को सिर में गंभीर चोट पहुंची और फ्रैक्चर हो गया। उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां आईसीयू में उनका इलाज जारी है।



घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात 1 बजे के करीब की है। वारदात में शामिल तीनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर स्कूटर जब्त कर ली है और उनके खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के आदेश पर शहर में ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को लेकर ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### अपशब्द कहे, खुद भी गिरे

रात 1 बजे के करीब सात्विक अग्रवाल, कार्तिक कुशवाह और सजल शाह तेज रफ्तार स्कूटर से आ रहे थे। सिपाही नीतेश बघेल ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने अपशब्द कहे और स्कूटर भगाने लगे, जिसके बाद हेड कांस्टेबल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी और उन्हें घसीटते हुए ले गए। हालांकि तीनों युवक भी स्कूटर से गिर पड़े और पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया।

# छात्र-छात्राओं ने महिला थाना का किया भ्रमण, पुलिस की जानी कार्यशैली







जागरण, सतना

मंगलवार को स्कूली छात्र छात्राओ ने महिला थाना का भ्रमण कर पुलिस की कार्यशैली जानी। बताया जाता है कि अनिल कान्वेंट स्कूल के बच्चे महिला थाना भ्रमण पर पहुचे जहां पर थाना प्रभारी स्वेता मौर्य ने उन्हे पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यशैली की जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होने स्कूली छात्र छात्राओ को जानकारी देते हुये बताया कि यदि कभी किसी विषय पर शिकायत की जरूरत पडती है तो वे किस तरह से शिकायत दर्ज करा सकते है। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बालमित्र योजना का विशेष अभियान 8 से 15 सितम्बर तक चलाये जाने के निर्देश दिये गये है जिसके चलते स्कूली बच्चे थाना का भ्रमण कर कायदे कानून की जानकारी प्राप्त करेगें।

## दी गई ये जानकारी

9 सितंबर को महिला थाना सतना में अनिल कान्वेंट स्कूल अहिरी टोला सतना के छात्र एवं छात्राओं को आमंत्रित किया गया एवं उनको देशभक्ति, जन सेवा राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा की भावना,साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, परिणाम डायल 112, गुड टच बैड टच, संविधान एवं नए कानून की मूल जानकारियां दी गई। इसके अतिरिक्त थाना परिसर के प्रत्येक भवन एवं पुलिस स्टेशन में उपयोग होने वाले गेजेट्स, वाहन और हथियार के संबंध में बताया गया तथा पुलिस थाना में संचालित कार्य एवं पुलिस की भूमिका जैसे शिकायत दर्ज करना कानून व्यवस्था बनाए रखना, गस्त लगाना, अपराध की रोकथाम, लापता बच्चों की खोज हेल्पलाइन महिला और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष कार्य प्रणाली पुलिस थाना में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी के पद की जानकारी तथा बच्चों से संबंधित प्रमुख कानून जैसे पोक्सो एक्ट जेजे एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, साइबर सुरक्षा एवं जरूरी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई तथा बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने हेतु कानून का पालन, नियमों का सम्मान ट्रैफिक नियमों का पालन करना अभद्र भाषा व्यवहार से बचाना, बड़ों शिक्षकों, अभिभावकों एवं पुलिस से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने की समझाइ, दी गई। अभियान का उद्देश्य. इस अभियान के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों कर्तव्य और सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक बनाना पुलिस व्यवस्था से परिचय करना, बच्चों में कानून के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करना है।

# एकेएस के विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक का शोधपत्र प्रकाशित



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्व विद्यालय, सतना के विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक प्रशान्त कुमार का शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंटिफिक्र डेवलपमेंट एंड रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। यह शोधपत्र श्कौशलए भावना और स्टार्ट.अप कानूनी विषय.वस्तु के साथ युवा उद्यमिता की शैक्षिक नींव शीर्षक से प्रकाशित हुआ। यह शोधकार्य प्रशान्त कुमार ने रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के शिक्षा संकाय के सह.प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार राजपूत के साथ संयुक्त रूप से किया है। शोधपत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि शिक्षा किस प्रकार युवाओं में कौशल विकासए उद्यमशीलता की भावना तथा कानूनी साक्षरता को जोड़कर उन्हें सक्षम उद्यमी बना सकती है। इसमें नवाचार, वित्तीय प्रबंधन, संचार, डिजिटल दक्षता, समस्या.समाधान जैसे कौशलों के साथ लचीलापन, रचनात्मकता और जोखिम उठाने की क्षमता को आवश्यक बताया गया है। साथ ही पाठ्यक्रम में उद्यमिता को शामिल करने तथा स्टार्ट.अप से जुड़े नियम, अनुबंध, बौद्धिक संपदा अधिकार, कराधान और अनुपालन जैसे कानूनी पहलुओं के महत्व को भी रेखांकित किया गया है। इस उपलब्धि पर एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनी विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुधीर कुमार जैन तथा संकाय के अन्य प्राध्यापकों ने प्रशान्त कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## रोटरी क्लब का शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना द्वारा सर्किट हाउस स्थित क्लब भवन में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत क्लब के अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल द्वारा किया गया। शिक्षक रामानुज पाठक श्रीमती मंजू रानी सिन्हा आनंद कुमार गुप्ता का शाल श्रीफल सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर सुनील अग्रवाल सचिव पवन गुप्ता कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल कार्यक्रम के संयोजक सनातन अग्रवाल विनोद गोयल सुशील शर्मा लखन केसरवानी संजय अग्रवाल मनोज वालेचा जितेंद्र अग्रवाल सहित काफी संख्या में रोटेरियन साथी उपस्थित थे।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 37 आवेदन



**जागरण, सतना।** मंगलवार को नगर निगम सभागार में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान कुल 37 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्राप्त हुये है। जनसुनवाई का आयोजन 11 बजे दिन से दोपहर एक बजे तक महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी एवं उपायुक्त सत्य मिश्रा की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान जनकल्याणकारी योजना से संबंधित 05, अतिक्रमण से संबंधित 05, पेयजल से संबंधित 02, सम्पत्ति कर से संबंधित 04, विकास कार्य से संबंधित 04, साफसफाई से संबंधित 04, सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अहातन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। महापौर द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने किया आंदोलन, सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** भारतीय किसान यूनियन और राजनीतिक द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर समय 12 दिन से कलेक्ट्रेट कार्यालय मे धरना प्रदर्शन सत्यग्राह का आंदोलन किया गया आंदोलन स्थल पर किसान पंचायत का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथ प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह रहे एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंद्रजीत पाठक ने किया कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमृतलाल पटेल महासचिव महेंद्र सिंह संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद तिवारी आर पटेल जिला अध्यक्ष मैहर नागेंद्र सिंह जगनंदन पटेल इंजीनियर जगनंदन पटेल सुखदेव सिंह धीरेंद्र पटेल केडी सिंह रामकलेश सिंह अर्जुन दहिया संतोष सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए एवं किसानों किसने की मांगों का समर्थन करते हुए शासन से तत्काल निराकरण की मांग की मुख्य अतिथि जगदीश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों के के लिए किसान भटक रहा है एक.एक बोरी के लिए दिन भर लाइन में लगा रहता है धक्का खाता एवं पुलिस की लाठी खाता तब भी यूरिया नहीं मिल रही धान की फैसले खराब हो रही हैं उत्पादन में कमी आएगी जिसमें किसानों की क्षति होगी आवारा जानवर फसलों को चौपट कर रहे हैं जले ट्रांसफार्मर बदलने एवं अतिरिक्त भार हितकर मनमानी बिल व्याप्त मनमानी बिल वापस करने एवं वास्तविक खपत से विद्युत बिल जारी करने एवं डिलौरा सोनबरसा में नियमों के विपरीत संचालित अबैधानिक फल सब्जी मंडी को कृषि उपज मंडी में स्थानांतरित कराई जाए। 2:30 बजे अनुभागीय अधिकारी को सौंपा गया सभा के अंत में करहिया मंडी रीवा एवं भिंड जिले में खाद के लिए लाइन में लगे किसानों पर लाठी चार्ज करने की निंदा की जाती हैं एवं दोषी पुलिस कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग मध्य प्रदेश शासन से की गई आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रूप से चिंतामणि कुशवाहा शिवसागर सिंह इंद्रभान सिंह सुनील कुमार तिवारी प्रेम सिंह विजय सिंह अरविंद सिंह रामकृष्ण पांडे इंद्रपाल पांडे राम रक्षा तिवारी पोषण लाल पटेल डॉ सिंह कामता सिंह राम प्रसाद भगत जितेन सिंह श्रीकांत सिंह सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## परिवार को जोड़ने का अनूठा माध्यम बना परिवार कनेक्ट

**जागरण, सतना।** बच्चे अक्सर कामकाज आदि के सिलसिले में घर या शहर से बाहर चले जाते हैं और घर में रह जाते हैं परिवार के अन्य सदस्य। वे भी अपनी जिम्मेदारियों और अन्य कामों के चलते अक्सर व्यस्त रहते हैं। ऐसे मेंए अपने लिए समय निकालना और विशेष रूप से अपने हुनर को दिखाने का अवसर लगभग न के बराबर ही मिलता है। इस बात की गहराई को समझते हुए उत्तर भारत की सर्वश्रेष्ठ पीआर संस्थाए पीआर 24×7 ने हाल ही में परिवार कनेक्ट परिवार नाम का अपनी तरह का सबसे अनूठा वर्चुअल इवेंट आयोजित किया जो कंपनी के एम्प्लॉयीज़ और उनके परिवारों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। प्रथम पुरस्कार उज्जैन की रहने वालीं 73 वर्षीय किरण गौर को श्आजा सनम मधुर चाँदनी में हम गीत पर मधुर स्वर में प्रस्तुति देने के एवज में प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों में सबसे उम्रदराज होने के बावजूद उनका जज़्बा देखने लायक था। इतना ही नहीं कार्यक्रम के अंत को सुमधुर बनाते हुए उन्होंने एक खूबसूरत लोकगीत भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहाए संगीत से मुझे अपार प्रेम हैए लेकिन सबके सामने अपनी आवाज़ में गीत गाने का कभी अवसर नहीं मिला। उम्र के इस पड़ाव में अपना हुनर दिखा पाना बहुत बड़ी बात है ऐसे में यह मंच मेरे दिल के बहुत करीब है।

## सतना जिले में हुई 993.9 मिमी औसत वर्षा

**सतना।** सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 9 सितंबर तक 993.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 1190.4 मि.मी. सोहावल (रघुराजनगर) में 844.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 1259.3 मि.मी, बिरसिंहपुर में 775.3 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 1014.3 मि.मी., नागौद में 1253.8 मि.मी., जसो (नागौद) में 495 मि.मी. एवं उचेहरा में 1119 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 672.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## दो सूत्री मांगो को लेकर रोजगार सहायकों ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रामपुर बाघेलान।** ग्राम रोजगार सहायक संघए मनरेगा ग्राम रोजगार सहायक महासंघ के बैनर तले ग्राम रोजगार सहायकों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पाण्डेय को जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा। सहायकों की प्रमुख मांगों में सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायकों ;सहायक सचिवोंद्ध को पंचायत सचिव का चार्ज सौंपना तथा ग्राम रोजगार सहायकों का दो माह से लंबित मानदेय शीघ्र अंतरित करना शामिल रहा।

## सेवा पखवाड़ा केवल पार्टी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन: भगवती पाण्डेय




**जागरण सतना।** भाजपा युवा मोर्चा की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय भरहुत नगर आयोजित की गई मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी विनोद तिवारी सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक जिला महामंत्री ऋषभ सिंह सह संयोजक डॉ गौरव सिंह गहरवार शैलेन्द्र शर्माए जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी विजय तिवारी जिला मंत्री जान्हवी त्रिपाठी रेनू सिंह जिला कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता सुनील मिश्रा अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी ने की। सभी अतिथियों ने ष्सेवा पखवाड़ाष् पर आयोजित युवा मोर्चा जिला स्तरीय कार्यशाला को दीप प्रज्जवलन एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहितए सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे कार्यकर्ता तपोनिष्ठ एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। पार्टी के कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण है। इसलिए हमें आने वाले कार्यक्रमों से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से युवा पीढ़ी को अवगत कराना होगा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के उद्देश्य को समझें और समर्पण से काम में जुट जाएं। विकसित भारत सिर्फ संकल्प नहीं सिद्धि का मार्ग है।

## मैहर एएसपी ने की जनसुनवाई

**सतना।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में एएसपी डॉ चंचल नागर ने जनसुनवाई करते हुये निराकरण के निर्देश दिये है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई में शामिल होकर लोगो ने अपनी समस्या बताई जिसे सुनकर एएसपी डॉ चंचल नागर ने संबंधित थाना प्रभारियों को निराकरण के निर्देश दिये है।

## मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 46 आवेदन



**जागरण सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 46 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# नवागत इंजीनियरों को एमडी ने बताए श्रेष्ठता के मूलमंत्र

## एमपी ट्रांसको को मिले 46 नये कार्मिक



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में 46 नवनियुक्त कार्मिकों ने कंपनी में अपनी औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें 7 महिला जूनियर इंजीनियर और कंपनी के इतिहास में पहली बार नियुक्त की गई एक महिला सिविल अटेंडेंट भी शामिल हैं। इन सभी कार्मिकों को पिछले दिनों भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने इन नये कार्मिकों का अभिनंदन और स्वागत करते हुये उनसे परिचय प्राप्त किया। प्रबंध संचालक ने नवागत जूनियर इंजीनियरों को संबोधित करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको देश की सर्वश्रेष्ठ पावर कंपनियों में से एक है जिसका एक मुख्य कारण यहां कार्य करने का एक सकारात्मक वातावरण है। अतः सभी के सामने इस श्रेष्ठता को कायम रखने की चुनौती रहेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जूनियर इंजीनियर का दायित्व किसी भी एक विशेष क्षेत्र तक सीमित नही है बल्कि उनके पास नवीनतम टेक्नालॉजी के साथ एमपी ट्रांसको के किसी भी क्षेत्र में कार्य करने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहेगा।

### जीरो एक्सीडेंट पालिसी को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने नवागत इंजीनियरो से कंपनी की जीरो एक्सीडेंट पालिसी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये अपना कैरियर प्रारंभ करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सामान्यतः देश में एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के इंचार्ज सहायक अभियंता स्तर के अधिकारी होते है पर एमपी ट्रांसको ने इससे आगे बढ़ते हुये जूनियर इंजीनियरों को महत्व देकर उन्हें सबस्टेशनों का इंचार्ज बनाने का एक सफल प्रयोग किया है। इसके अलावा जूनियर इंजीनियरों को फील्ड में कार्य संपादित कराने की जिम्मेदारी भी दी गई है। जूनियर इंजीनियर प्रबंधन और फील्ड कार्मिकों के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि मे मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम SONU AGRAWAL था जिसे मै शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम SON CHAMADIYA W/O VARUN CHAMADIYA कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम SON CHAMADIYA W/O VARUN CHAMADIYA के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया तथा मेरे निवास ASHOK TRADERS, SUB-HASH CHOWK, RAGHURAJNAGAR DISTRICT SATNA (M.P.) है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि मे मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम NEHA PARASWANI था जिसे मै शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम NEHA NANDWANI W/O MAYANK NANDWANI कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम NEHA NANDWANI W/O MAYANK NANDWANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. BANK COLONY PATNAHA JI KE GHAR KE SAMNE RAGHURAJNAGAR, DISTRICT SATNA (M.P.) है।

# सीधी के नए पुलिस अधीक्षक होंगे संतोष कोरी



जागरण स्थानांतरण

## खरगौन के पुलिस अधीक्षक होंगे डॉ. रवींन्द्र वर्मा

### कई आईपीएस अधिकारियों का प्रदेश में हुआ स्थानांतरण

जागरण, सीधी





पुलिस महकमे में सोमवार को आधी रात आईपीएस अधिकारियों का थोक में स्थानांतरण किया गया। दो चरणों में आदेश जारी कर आधा सैकड़ा आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इनमें 15 जिलों के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं। सीधी के नए पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी होंगे। वहीं सीधी पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा को खरगौन पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस अधिकारियों के थोक में हुए स्थानांतरण में रीवा, सतना के पुलिस अधीक्षक भी स्थानांतरित हो गए हैं। पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों के हुए स्थानांतरण के बाद अब सीधी में जल्द ही नए पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी होंगे। श्री कोरी 2012 के आईपीएस अधिकारी हैं। जबकि स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र वर्मा के कार्यकाल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को चाक-चौबंद बनाने के लिए काफी बेहतर कार्य किए गए हैं। उनके द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान पुलिसिंग व्यवस्था को काफी प्रभावशाली ढंग से लागू किया गया था। सबसे खास बात यह रही कि डॉ. वर्मा थाना एवं चौकी में पदस्थ प्रभारियों की कमियां सामने आने पर स्थानांतरण करने में कोई गुरेज नहीं करते थे। उनकी तत्परता के चलते थाना एवं चौकी स्तर पर भी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति लगातार सुधार में रही। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा कानून एवं व्यवस्था में कोई भी शिथिलता बर्दाश्त नहीं करते थे। वह थाना एवं चौकी स्तर पर होने वाली कार्यवाहियों पर स्वयं नजर रखते थे। जहां कमियां सामने आती थीं उसको तत्काल दूर कराने का प्रयास किया जाता था। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा द्वारा आम जनता को भी न्याय दिलाने में काफी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते थे। उनकी तत्परता के चलते ही पुलिस अधीक्षक की होने वाली साप्ताहिक जन सुनवाई में दूर-दूर से लोग अपनी समस्या लेकर आते थे। डॉ. वर्मा प्रत्येक समस्याओं को स्वयं सुनते थे और वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े थाना एवं चौकी प्रभारियों को तत्काल कार्यवाही के लिए निर्देशित करते थे। डॉ. वर्मा के प्रयासों से पुलिस विभाग की छवि आम लोगों की नजर में काफी अच्छी रही है। उनके द्वारा पुलिस की छवि को काफी बेहतर किया गया। आम लोगों में भी पुलिस के प्रति नजरिया बदला। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के कार्यकाल की लोग काफी सराहना कर रहे हैं। साथ ही यह भी मान रहे हैं कि स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। इस वजह से सभी अधिकारी को एक न एक दिन ट्रांसफर पर दूसरे जगह जाना है। फिर भी जिस सजगता के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने कार्य किया उसकी सराहना की जा रही है।

## पुलिस ने अवैध नशा को रोकने चलाया अभियान

पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान अवैध नशा के कारोबार को नेस्तनाबूद करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसके सार्थक नतीजे सामने आए। थाना एवं चौकी स्तर पर अवैध नशा के कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध मुखबिरों की सूचना पर ताबड़तोड़ कार्यवाही का सिलसिला जारी रहा। डॉ. वर्मा के कार्यकाल में अवैध नशा के विरुद्ध जिस तरह से कार्यवाही की गई और अवैध नशे के जखीरे को जप्त करने का सिलसिला शुरू किया गया तो वह एक मिशाल बनी। थाना एवं चौकी स्तर पर उनके प्रयाशों के चलते ही अवैध नशा का कारोबार करने वाले अधिकांश लोगों ने दूसरा कारोबार शुरू कर दिया या फिर भूमिगत हो गए। पुलिस अधीक्षक के प्रयासों के चलते ही गांव-गांव में बिकने वाला अवैध नशे पर जबरजस्त अंकुश लगाया गया। खासतौर से नशीली सिरप के अवैध कारोबार को रोंकने के लिए पुलिस की तत्परता लगातार बनी रही। नशीली सिरप, गांजा एवं अवैध शराब के कारोबार को बंद कराने के लिए पुलिस का अभियान सतत रूप से जारी रहा। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने ऐसे समय में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान शुरू किया जब सीधी जिले में गांव-गांव और शहर में यह काफी चरम पर पहुंच गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध नशा के विरुद्ध पुलिस को एलर्ट कर जो अभियान चलाया गया उसके चलते नई पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से दूर रखने में काफी मदद मिली है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 213 आवेदकों की समस्याएं



## अधिकारियों से संपर्क कर निराकरण के दिए गए निर्देश

जागरण, सीधी

नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 213 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# न्यूज कार्नर

## कराटे में चयनित दो छात्राओं को किया गया सम्मानित




**जागरण, सीधी।** शहर के श्रीगणेश हायर सेकेण्ड्री स्कूल अमहा में अध्ययनरत दो छात्राओं का कराटे में चयन हुआ है जो कि अब अपना हुनर ग्वालियर में दिखाएंगी। जिनका सम्मान भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी एवं वरिष्ट समाजसेवी मिश्रा बीज भंडार के संचालक पुष्पराज मिश्रा द्वारा गणेश स्कूल में किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य जेएन मिश्रा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। मालूम हो कि रीवा में गत दिवस संभागीय प्रतियोगिता कराटे को लेकर हुआ था। जिसमें गणेश स्कूल अमहा की दो छात्रा जिसमें रिया द्विवेदी 8वीं एवं यशी सिंह परिहार 7वीं कक्षा का राज्य स्तर में चयन हुआ है। जो कि अब ग्वालियर में अपना हुनर दिखाएंगी। उनके इस चयन पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी ने सम्मान करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि बेटियां कहीं भी कम नहीं है। शिक्षा के साथ हर विधा में बेटियां आज अव्वल हैं। उन्होने गणेश विद्यालय के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के साथ हर विधा में अव्वल है। वहीं वरिष्ट समाजसेवी मिश्रा बीज भंडार पुराना बस स्टैंड सीधी के संचालक पुष्पराज मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि बच्चियों को आगे लाने के लिए सरकार लगातार प्रयास करती है। यह दोनो बेटियां प्रदेश स्तर में चयनित हुई हैं इसके लिए हम बधाई देते हैं। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य जेएन मिश्रा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के साथ हर विधा में बच्चों को आगे लाना रहता है। इसके लिए विद्यालय सदैव काम करता रहा है। वहीं वरिष्ट शिक्षक सतीष तिवारी ने कहा कि विद्यालय हर गतिविधियों में काम कर रहा है। कौन बनेगा हजारपति को लेकर भी विद्यालय के छात्रों ने बढ़कर हिस्सा लिया था। इसके अलावा विद्यालय के समस्त शिक्षक की उपस्थिति रही है।

## विधायक के निर्देश पर उचित मूल्य दुकान की हुई जांच



**जागरण, सीधी।** धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के निर्देश पर शासकीय उचित मूल्य दुकान महखोर की जांच मौके पर करने अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे। जांच के दौरान लोगों की भीड़ लग गई। अधिकारियों को बताया गया कि विक्रेता द्वारा जून, जुलाई और अगस्त महीने का खाद्यान्न नहीं दिया गया है। दरअसल धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम को आवेदन देकर ग्रामीणों ने फरियाद किया था कि उचित मूल्य की दुकान महखोर के विक्रेता सुरेश प्रसाद मिश्र द्वारा हम सभी राशन कार्ड धारियों का खाद्यन्न माह जून, जुलाई, अगस्त 2025 का नहीं दिया गया है। विक्रेता द्वारा कहा जाता है कि खाद्यान्न पूरा नहीं आया है। जब आएगा तब दिया जाएगा। जबकि दुकान में खाद्यान्न पूरा है। बुलाने पर यह भी बोलते हैं कि कल, परसो देंगे कह कर सभी को वापस कर दिया जाता है और दुकान बंद करके इधर-उधर चले जाते हैं। ऐसे में विक्रेता को यहां से तत्काल हटाया जाय और किसी अन्य विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण कराया जाना उचित होगा। साथ ही विक्रेता का कार्य व्यवहार चाल चलन भी सही नहीं है। धौहनी विधायक ने ग्रामीणों की फरियाद को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जांच कर खाद्यान्न वितरित कराने के निर्देश दिए थे।

## सड़क की मांग लेकर जनसुनवाई में पहुंचे बैगा जनजाति



**जागरण, सीधी।** कलेक्टर की जन सुनवाई में आज दुरासिन माता मंदिर से वन चौकी चरकी तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर राजस्व ग्राम चरकी के बैगा जनजाति के लोग पहुंचे। उनके द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत कुशमहर के राजस्व ग्राम चरकी के बैगा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र दुरासिन माता मंदिर से वन चौकी चरकी तक सड़क का निर्माण करा दी जाए तो उनको आवागवन की सुविधा मिल जाएगी। सड़के के अभाव में उनके क्षेत्र का संपर्क पूरी तरह से कट जाता है। जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आपातकालीन स्थिति में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चरकी गांव चारों तरफ से वनों से घिरा हुआ है।

## मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन दिलाने की मांग



**जागरण, सीधी।** जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत कटौली निवासी फुलौआ साकेत पति स्व. भगवानदीन साकेत ने आज कलेक्टर की जन सुनवाई में आवेदन देकर मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की। फुलौआ ने आवेदन में कहा है कि जिनकी पुत्री संतान है और पुत्र नहीं हैं ऐसी विधवा महिला को मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना का लाभ दलाया जाना चाहिए। जिससे भरण-पोषण में हो रही परेशानियां दूर हो सकें। उसे विधवा पेंशन का लाभ मिल रहा है लेकिन उससे उससे भरण-पोषण नहीं हो पाता। फुलौआ साकेत निवासी ग्राम पंचायत कटौली ने जन सुनवाई में दिए आवेदन में कहा है कि भरी बरसात में उसका कच्चा मकान गिर गया। जिससे रहने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। वह विधवा गरीब महिला है और उसके पुत्र का भी निधन हो चुका है। घर में भी कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे में बरसात में उसका घर गिरने से घर में रखा खाद्य पदार्थ एवं अन्य सामान भी नष्ट हो गया।

## एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन 16 को

**जागरण, सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन सीधी के सहयोग से जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा शासन के निर्देशानुसार बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु दिनांक 16 सितंबर 2025 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर नैकिन सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन किया गया है। जो आवेदक एवं आवेदिका रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त करना चाहते है तो उक्त दिनांक को सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक अपने संपूर्ण दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर रोजगार का लाभ ले सकते हैं।

# ऋषिकेश रत्न अलंकरण समारोह पारंपरिक ज्ञान और कला का सम्मान




**जागरण, सीधी।** स्व. न्यायाधीश ऋषि तिवारी की पुण्य स्मृति में ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा आयोजित ऋषिकेश रत्न अलंकरण समारोह का सफल आयोजन आज उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में किया गया। इस गरिमामय समारोह का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक ज्ञान, कला और कौशल को यथोचित सम्मान देना था। जो आज भी भारतीय शिक्षा प्रणाली पर हावी मैकाले शिक्षा मॉडल की औपचारिकता से परे है। यह समारोह उस विचार को चुनौती देने का एक लघु प्रयास था, जो बच्चों को केवल पेटजीवी बनाकर पूंजीपतियों का चाकर बनाने को तत्पर है। इस अवसर पर पद्मश्री सम्मानित लोक कलाकार अर्जुन सिंह धुर्वे ने मुख्य अतिथि और गांधीवादी चिंतक एवं कलाधर्मी संतोष कुमार द्विवेदी ने अध्यक्ष के रूप में मंच की शोभा बढ़ाई। समारोह में सेवानिवृत्त अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील मिश्रा, व्यवहार न्यायाधीश शुभांशु ताम्रकार, सुप्रसिद्ध काष्ठ कलाकार दलपत सिंह बीजापुरी और प्रख्यात लोक गायिका भागवती रठुड़िया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न कला क्षेत्रों की लगभग पचास उत्कृष्ट प्रतिभाओं को ऋषिकेश रत्न अलंकरण से विभूषित किया गया। इनमें मूर्तिकारए बांस शिल्पी, मृदा शिल्पी, चर्म शिल्पी, गायक, वाद्ययंत्र वादक, पाककलाकार और चित्रकार आदि शामिल थे, जिन्होंने अपनी कला और श्रम से समाज को समृद्ध किया है। इसके अतिरिक्त, नौ विशिष्ट अतिथियों को विशेष स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। बघेलखंड की विशिष्ट लोक कलाओं का प्रदर्शन हुआ, जिसमें नन्हे लाल घासी के नेतृत्व में बारह कलाकारों द्वारा गुदुम बाजा नाच, तिरान्नवे वर्षीय शम्भू प्रजापति के नेतृत्व में कोहराई कबीर गायन और शिवबालक बैगा द्वारा नकसुर वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सृजन मिश्रा ने हारमोनियम और श्लोक तिवारी ने तबले पर संगत देते हुए भजन गायन भी प्रस्तुत किया। यह समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उन गुमनाम प्रतिभाओं को पहचान देने का एक प्रयास है, जो अपनी कला और कौशल के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए हुए हैं। ऋषिकेश फाउंडेशन का यह लघु प्रयास पारंपरिक ज्ञान और रचनात्मकता को सम्मान देकर एक नई दिशा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ की बैठक संपन्न

**जागरण, सीधी।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सीधी की बैठक पीसीसी पोल फैक्ट्री सीधी में संपन्न हुई। जिसमें 80 से 100 के लगभग विद्युत पेंशनर्स बैठक में उपस्थित हुए जिसमें लगभग 10 महिला पेंशनर भी उपस्थित थी। सभी पेंशनों की समस्याओं को सुना गया कैशलेस इंश्योरेंस के संबंध में पेंशनर्स को अवगत कराया गया। जिन पेंशनर्स ने रिटर्न नहीं भरा है उन्हें रिटर्न भरने का प्रोत्साहन दिया गया। स्व. हरि नरेश रजक इसकी सेवाकाल मात्र दो महीने थी, माह जुलाई 2025 में निधन होने के कारण उनके परिवार को किसी भी प्रकार का भुगतान न होना, अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन भुगतान की कार्रवाई न किया जाना के संबंध में स्थित जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक पेंशनर जिन्हें 20 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान नहीं हो रहा है। फूलचंद गुप्ता विद्युत पेंशनर से चुरहट की जानकारी ली जाकर अगली कार्रवाई करने हेतु पेंशनर को आश्वासन दिया गया।

# शिक्षकों का सम्मान करके बैंक ने स्थापना दिवस मनाया

## सत्य की परछाइयां छलती नही हैं: डॉ. श्रीनिवास

जागरण, सीधी



अलका छाया डैनिहा के सामने स्थित बैंक आफ इंडिया राष्ट्रीयकृत बैंक के शाखा प्रबन्धक कुलदीप कुमार राय नें दिनांक 8 सितम्बर 2025 को कार्यालयीन सभागार में सायं 5 बजे से स्थापना दिवस के रूप में एक समारोह मनाया। यह समारोह बैंक आफ इंडिया के 120वर्ष पूर्ण करने के परिप्रेक्ष्य में मनाया गया जिसमें जिले के दर्जन भर सेवानिवृत्त तथा बरिष्ठ शिक्षकों को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस गरिमामय स्थापना समारोह के मुख्य अतिथि चन्द्रमोहन गुप्त बरिष्ठ अधिवक्ता, अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बाघेल संविदाकार तथा प्रमुख वक्ता साहित्यकार डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमालोब साहित्यिक मंच सीधी मप्र रहे। मंच का सफल संचालन साहित्यकार शिक्षक रमाकान्त द्विवेदी सावन ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शाखा प्रबंधक राय एवं सहायक शाखा प्रबंधक गुप्त नें सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करके माल्यार्पण से स्वागत किया। प्रमुख वक्ता डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शाखा प्रबंधक ने शिक्षक सम्मान करके बैंक का स्थापना दिवस मनाया यह उनके गहन चिन्तन तथा दूरदर्शी सूझ बूझ का द्योतक है, इसलिए उनको इस सोच के लिए अनन्त शुभ कामनाएँ। बैंक मैनेजर राय ने कहा कि हम सीधी में बैंक के माध्यम से अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएँ मुहैया कराकर सेवा करनें का प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि भैया चन्द्रमोहन गुप्त ने ग्राहकों को बैंक का विकास रीढ बताकर उनसे मृदु व्यवहार करने की बात कही तथा अध्यक्षता कर रहे संविदाकार अजयप्रताप सिंह बाघेल नें शुभकामनाएं दी। आभार ज्ञापन सहायक प्रबंधक गुप्त ने तथा सतीश पाण्डेय शलभ शिक्षक कवि ने किया। सम्मानित होने बाले शिक्षकों में राजबहोर पाठक, अनुज तिवारी, लखपति सिंह गोंड, सतीश पाण्डेय बम्हनी, रामकृष्ण तिवारी, तथा जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह सहित दर्जन भर शिक्षक प्रमुख रहे।

## छात्रों ने विश्वविद्यालय मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन




**जागरण, सीधी।** संजय गांधी कॉलेज एवं महिला महाविद्यालय सीधी एवं अन्य स्कूल कॉलेज के छात्राओं द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक धरना प्रदर्शन करने के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार गोपद बनास सीधी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन छात्रा ज्योति ने की। यह धरना प्रदर्शन एक दिवसीय रहा। छात्रों ने कहा कि मांग जल्द पूरी नहीं होती है तो अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। ज्ञात हो कि छात्रों के द्वारा जिले में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर पिछले 5 वर्षों से संघर्षरत हैं और जनप्रतिनिधियों को लगातार मांग पत्र सौंप कर अनुरोध कर रहे हैं। छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहे शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने कहा कि जिले में परंपरागत 2 से 3 संकाय के अलावा कोई कोर्स उपलब्ध नहीं है। जिले के छात्रों को यहां के कॉलेज में प्रवेश के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ता है। किसी तरह से प्रवेश मिल जाता है तो उन्हें मनचाहा विषय नहीं मिल पाती है। मजबूरी में अन्य जिले प्रदेशो में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं के समाधान हेतु जिले में विश्वविद्यालय स्थापना के लिए छात्रों ने आज धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में इंद्रलाल, ज्योति पटेल, अंकुर सिंह सुमित पटेल, कंचन पटेल, भरत तिवारी, विवेक चतुर्वेदी, शिवेंद्र पटेल, कृपाशंकर पटेल, सागर यादव, अभय यादव, पुष्पा सिंह, रोशनी पटेल, तसलीमा खातून, फूल कुमारी सिंह, विमल सिंह, अशोक कुमार साकेत, देवराज प्रजापति, संजीव विश्वकर्मा, पृथ्वीराज सिंह चौहान, राघवेंद्र सिंह चंदेल, चंदन पटेल, बीरेंद्र कुमार पटेल, प्रीती साहू, मयंक पटेल, अरविंद पटेल, साक्षी सिंह पटेल, विमल सिंह, प्रमिला सिंह, कुमारी सिंह फूल, नितिन पटेल, ओंकार पटेल, निलेश प्रजापति, नीलेश पटेल, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, मार्तंड सिंह, कुमारी सिंह, रितिका पटेल, राखी पटेल, रोहित पटेल, अनीश पटेल, सुमित पटेल, आदित्य सिंह, प्रदीप पटेल, रोशनलाल यादव, सचिन विश्कर्मा, आदित्य सिंह पटेल, अवधेश वर्मा सहित अन्य छात्र=छात्राएं उपस्थित रहें।

# हरी सब्जियों के जायके में पड़ी महंगाई की मार, जेब हो रही हल्की

## सब्जी के दाम बढने से बिगड़ा आम आदमी का स्वाद

### कम होने का नाम नहीं ले रही सब्जियों की महंगाई

जागरण, सीधी



बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का स्वाद छीन लिया है। हरी सब्जियों के दाम इन दिनों आसमान छू रहे हैं। टमाटर 40 रुपए एवं धनिया पत्ती के दाम 250 रुपए के पार पहुंच चुके हैं। महंगाई की मार से मध्यम एवं गरीब तबके ज्यादा परेशान हैं। सब्जी मंडी में सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आए कुछ लोगों ने चर्चा के दौरान बताया कि हरी सब्जियों के दाम विगत एक सप्ताह से फिर लगातार बढ़ रहे हैं। गर्मी के दिनो में जो कीमतें थी अब वह बरसात के सीजन में भी काफी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। इस वजह से जो लोग एक किलो सब्जी खरीदने के लिए घर से निकले थे उनको भारी दाम के चलते एक पाव सब्जी लेकर ही घर जाना पड़ रहा है। लोगों का कहना था कि स्थिति यह है कि रोजाना हरी सब्जियों के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसा आभाष होता है कि सीधी में मनमानी दाम बढ़ाने वाले व्यवयायियों के लिए कोई विभाग नहीं है। सबसे ज्यादा महंगाई की मार लोगों को सब्जी एवं किराना सामग्री की खरीदी में उठानी पड़ रही है। सरकार द्वारा सरसो के तेल के दाम तक गिरा दिए गए हैं। फिर भी कालाबाजारी में लगे व्यवसायियों द्वारा मनमानी दाम वसूला जा रहा है। सीधी शहर में जितनी किराना की दुकानें हैं अलग-अलग दाम मिलेंगे। काफी कम ऐसी दुकानें हैं जिनके द्वारा अपने दाम स्थिर रखे गए हैं। किराना सामान एवं हरी सब्जियों की खरीदी अमीर से लेकर गरीब तक करते हैं। जिसके पास जितना पैसा है वह उतना बढ़ती महंगाई में लुटा रहा है। व्यवसायी पूरी तरह से बेलगाम हैं। चर्चा के दौरान कुछ लोगों का कहना था कि सीधी शहर में सम्राट चौक क्षेत्र एवं मानस भवन क्षेत्र में कुचवाही से ग्रामीण सब्जी विक्रेता आते हैं उनके द्वारा थोक सब्जी मंडी से सुबह सब्जी खरीदी जाती है और उसी को देशी बताकर दुगना दामों में बेंचना शुरू कर दिया जाता है। शहर में जो फुटकर सब्जी विक्रेता हैं उनके द्वारा थोक सब्जी मंडी से आधे से कम दामों में हरी सब्जियां खरीदी जाती हैं और उसको दोगुना से ज्यादा दामों में बेंचने का खेल शुरू किया गया है। उनके इस मनमानी के चलते गरीब तबके के ग्राहक सब्जी के नाम पर सबसे ज्यादा लुट रहे हैं। जो आलू-प्याज थोक में 12-14 रुपए किलो आसानी से मिल रहे थे वही फुटकर कारोबारियों द्वारा दोगुने दामों में बेंचने का खेल शुरू किया गया है। ऐसा आभाष होता है कि सीधी में कोई भी ऐसा विभाग नहीं है जो कि ग्राहकों के साथ हो रही लूट या धोखाधड़ी पर कार्यवाही करने के लिए सडक में उतरता हो। इसी मनमानी के चलते ग्राहक पूरी तरह से लुटने के लिए मजबूर हैं। मुंह मांगे दाम देने के बाद भी नापतौल में धोखाधड़ी की जाती है। जिसके चलते एक किलो सब्जी लेने पर उसका बजन तीन पाव से भी कम रहता है। सब्जी के साथ में फलों के दामों में भी इसी तरह धोखाधड़ी एवं नापतौल में खेल किया जा रहा है। इसके चलते ग्राहक पूरी तरह से त्रस्त हैं और संबंधित विभागों के अधिकारी अपने चेंबरों में बैठकर कागजी घोड़े दौड़ा रहे हैं।

## हरी सब्जियों के दाम पर नजर

स्थानीय सब्जी मंडी में इन दिनों आलू 20 रुपए, प्याज 20 रुपए बिक रहे हैं। हरी सब्जियों में कद्दू 40 रुपए, लौकी 40 रुपए, करैला 50 रुपए, भिंडी 40 रुपए, बरबटी 60 रुपए, बैगन 40 रुपए, फूल गोभी 40 रुपए नग, पत्ता गोभी 40 रुपए किलो, परवर 120 रुपए किलो, शिमला मिर्च 80 रुपए किलो, रुइया 60 रुपए किलो, रेरुआ 40 रुपए किलो, तर्ररोई 40 रुपए किलो, टमाटर 40 रुपए किलो, धनिया पत्ती 250 रुपए किलो, खीरा 30-40 रुपए किलो, मूली 60 रुपए किलो, गाजर 60 रुपए किलो, पालक 80 रुपए किलो, लाल भाजी 40 रुपए किलो की दर से बिक रहे हैं। उक्त दाम मुख्य सब्जी मंडी के हैं। सब्जी मंडी के बाहर फुटपाथ पर सब्जी बेंचने वालों के दाम और भी ज्यादा हैं। जो लोग जल्दबाजी में सडक़ के किनारे हरी सब्जियां खरीदते हैं उनको 10 रुपए तक ज्यादा किलो में देना पड़ता है। इसी वजह से शहर के मुख्य सडकों के किनारे फुटपाथी सब्जी विक्रेताओं की भरमार शहर में है।

# ग्राम दादर में पुलिस की बड़ी कार्यवाही, अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, युवक गिरफ्तार

## घेराबंदी कर दबिश, 90 लीटर देसी प्लेन शराब, वाहन और मोबाइल जब्त

**देवलौद।** गणेश विसर्जन के समय थाना देवलौद पुलिस को ड्यूटी के दौरान मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम दादर-झिरिया मोड़ सोन नदी के पास बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने वाहन सहित अवैध शराब पकड़ी और एक युवक को गिरफ्तार किया। सूचना मिली थी कि वाहन क्रमांक एम.पी.18 टी.3502 (सुप्रो, पीला रंग) जिस पर वैष्णव पब्लिक स्कूल बुड़वा लिखा है, उसमें अवैध शराब ले जाई जा रही है। इस पर थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने तत्काल टीम को रवाना कर घेराबंदी की। खेराबंदी के दौरान वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें चालक धर्मेन्द्र बैस पिता बृजवासी बैस (26 वर्ष), निवासी ग्राम झिरिया थाना देवलौद मिला। वाहन की जांच करने पर पुलिस ने 90 लीटर देशी प्लेन शराब (500 पाउच, प्रत्येक 180 एम.एल.) बरामद की, जिसकी कीमत करीब ?35 हजार आँकी गई है। साथ ही पुलिस ने महिन्द्रा सुप्रो वाहन (कीमत लगभग ?1 लाख) और एक वीवो मोबाइल भी जब्त किया।पूछताछ में आरोपी धर्मेन्द्र बैस ने स्वीकार किया कि यह शराब राघवेन्द्र बैस निवासी बुड़वा द्वारा सीधी जिले के अमिलाई से मंगवाई गई थी। सोन नदी पुल के पास स्कॉर्पियो से यह शराब सुप्रो गाड़ी में लोड कर ग्राम दादर ले जाने के लिए दी गई थी। पुलिस ने धर्मेन्द्र बैस सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी मुकेश अविद्रा के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाष दुबे एवं थाना देवलौद के स्टाफ की विशेष सक्रियता रही। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की योजना बनाई और मौके पर पहुंचकर दबिश दी। त्वरित कार्रवाई के कारण अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता मिली।

## कटनी का लाल छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद

**कटनी।** जिले के ग्राम निटर्रा निवासी और सीआरपीएफमें पदस्थ हवलदार नीलेश गर्ग नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हो गए। यह मुठभेड़ सोमवार देर रात छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में हुई। जैसे ही शहीद होने की सूचना गांव पहुँची पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। सीआरपीएफ हेड्क्वार्टर से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम तक शहीद का पार्थिव शरीर कटनी पहुंचेगा। बुधवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**गर्व और गम का माहौल :** परिजनों ने कहा कि भले ही नीलेश अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्हें गर्व है कि उनका बेटा मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ। गांव और जिले के लोग शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। नीलेश गर्ग वर्ष 2005 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे और वर्तमान में हवलदार के पद पर पदस्थ थे। उनका परिवार कटनी बस स्टैंड के समीप शिवाजी नगर गली नंबर 10 में निवास करता है। शहीद के पिता ललित गर्ग पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं। छोटे भाई मुंबई नेवी में पदस्थ हैं। नीलेश की पत्नी अधिवक्ता हैं और उनका 10 वर्षीय पुत्र है। बताया गया कि शहीद की ड्यूटी सुकमा के अस्पताल में थी, लेकिन अचानक हुई नक्सली मुठभेड़ में उन्हें भेजा गया जहाँ गोली लगने से उन्होंने वीरगति पाई।

## चोरी के बाद रेल कर्मचारी के क्वार्टर को किया आग के हवाले

**कटनी।** पुलिस प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। हथियार बंद चोर गिरोह लगातार पुलिस को चुनौती दे रहा है। बीती रात रेल्वे क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे अस्पताल के पास बदमाशों ने रेल कर्मचारी वीरन दास रैदास के क्वार्टर को निशाना बनाया। बदमाशों ने क्वार्टर में चोरी के बाद उसको आग के हवाले कर दिया। जिससे घर गृहस्थी का दूसरा सामान भी जल कर खाक हो गया। घटना से आक्रोशित रेलकर्मियों का आक्रोश सुबह फूट पड़ा। रेलकर्मियों ने मंगलवार सुबह एरिया मैनेजर के बंगले का घेराव करते हुए आरपीएफ और जीआरपी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

## ऑपरेशन शिकंजा के तहत अवैध शराब पैकरियों के विरुद्ध कार्रवाई

**कटनी।** जनहित एवं सामाजिक व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस कटनी द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान ऑपरेशन शिकंजा के अंतर्गत जिलेभर में अवैध शराब बिक्री एवं पैकारी गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की गई। कटनी पुलिस के थाना माधवनगर, कुठला, एनकेजे, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, उमरियापान, ढीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़, कैमोर,बरही, बडवारा, रीठी, बाकल थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा दबिश दी गई और अवैध देशी विदेशी मदिरा एवं कच्ची शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में शराब और निर्माण सामग्री जप्त की गई। कार्यवाही में कुल 58 प्रकरण दर्ज किए गए।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में आमजनता के आवेदनों में की सुनवाई : शहडोल।** शहडोल 09 सितम्बथर 2025- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## आवश्यकता है

महिला शिक्षक की भारतीय आदर्श विद्यालय खुटेही रीवा मप्र को योग्य महिला शिक्षक की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र संपर्क करें। मो.नं.-9630290357, 8269391880
आरएन-82787 (13/09)

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

**राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण दल बेंगलुरू के लिए रवाना : कटनी।** राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण दल गत दिवस उप संचालक संभाग पी.पी.सिंह एवं जिले के अध्यापक डॉ.सचिन श्रीवास्तव के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कर्नाटक के बेंगलुरू के लिए रवाना हुआ। इस राज्य स्तरीय भ्रमण दल में कटनी के पहाड़ी निवार स्थित शासकीय विद्यालय के छात्र जय चौबे और छात्रा आकांक्षा मौर्य भी शामिल है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 3819/राजस्व/न.पा.नि./2025–26 — रीवा दिनांक 08/09/2025

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत समस्त सम्पत्ति करदाताओं को सूचित किया जाता है, कि कलेक्टर गाईड लाइन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए सम्पत्ति कर स्वनिर्धारण हेतु कर योग्य सम्पत्ति मूल्य की दरें निगम के 15वें साधारण सम्मिलन दिनांक 28.08.2025 के प्रस्ताव क्रमांक–07 द्वारा पारित संकल्प अनुसार अनुमोदित की गई हैं तथा वित्तीय वर्ष 2025 – 2026 के लिए सम्पत्तिकर की रकम का भुगतान किए जाने की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

वित्तीय वर्ष 2025–2026 के सम्पत्ति कर एवं अन्य संलग्न कर 31 जनवरी 2026 तक जमा करने पर निम्नानुसार सम्पत्ति कर में छूट प्रदान की गई है :–

| माह | छूट की दर |
|---|---|
| अप्रैल, मई, जून, जुलाई 2025 | 6 प्रतिशत |
| अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर 2025 | 5 प्रतिशत |
| नवम्बर, दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 | 4 प्रतिशत |
| अधिभार :– | |
| माह फरवरी 2026 में | 4 प्रतिशत अधिभार |
| माह मार्च 2026 में | 5 प्रतिशत अधिभार |
| पूर्व बकाया (31 मार्च 2025 तक के बकाया) सम्पत्तिकर पर | 12 प्रतिशत फ्लैट दर पर अधिभार देय होगा |

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

## मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

मुख्यालय, भोपाल
क्रमांक/गु.नि./795452/2025/241 — भोपाल, दिनांक : 09.09.2025

**प्रदेश में गेहूं, धान एवं अन्य उपजों (सीएमआर चावल के अतिरिक्त) के उपार्जन के समय स्वीकार किये जाने के पूर्व गुणवत्ता का परीक्षण किये जाने के लिए "सर्वेयर" की नियुक्ति हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्पोरेशन द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश में गेहूं, धान एवं अन्य उपजों के उपार्जन के समय उनकी गुणवत्ता का परीक्षण किये जाने के लिए "सर्वेयर" की नियुक्ति हेतु पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा वेबसाइट **https:/www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। इस हेतु पात्र सेवा प्रदाताओं से निर्धारित निविदा दस्तावेज जिसमें निविदा कार्यक्रम (समय-सीमा), निर्देशों, शर्तें, नियमों प्रावधान का विस्तृत उल्लेख है, अनुसार आमंत्रित हैं।
निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https:/www.mptenders.gov.in** एवं **www.mpscsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।
निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002, 0120-4001005, 0120-4200462 एवं 0120-6277787 पर संपर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/121972/2025 — महाप्रबंधक (गु.नि.)

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन

भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
ई-मेल-udaujjain@gmail.com, website; www.udaujjain.org
No. 25/104 — dt.8/9/25

**Notice Inviting Expression of Interest (EOI)**

**Expression of Interest (EOI) for Shortlisting of Concessionaires for Development, Operation & Maintenance of Dewas Gate Mahakal Inter Modal Station (IMS), Ujjain on PPP (DBFOT) Basis** at Centre of the City Ujjain Development Authority (UDA), on behalf of Ujjain Municipal Corporation (UMC) and Urban Administration & Development Department (UADD), Government of Madhya Pradesh, invites Expressions of Interest (EOI) from eligible private sector entities/consortia for shortlisting of Concessionaires for the proposed Development, Operation & Maintenance of Dewas Gate Mahakal Inter Modal Station (IMS), Ujjain on Public-Private Partnership (PPP) mode through Design, Build, Finance, Operate and Transfer (DBFOT) basis. EOI Documents: Available at GoMP e-procurement portal: https://mptenders.gov.in.

- **Land Area:** ~27,917 sqm/~6.90 Acres
- **Mode of Submission:** Online (portal)+2 hard copies to UDA.
- **Last Date & Time** 23.09.2025 by 17:30 Hrs (IST).

**Sandeep Soni**
Chief Executive Officer
Ujjain Development Authority

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के सोहागपुर निवासी सुखधारी लाल वर्मा ने बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य पर रोक लगवाने, कल्याणपुर निवासी सेवा निवृत्त लैबटेक्नीशियन रामप्रसाद पनिका ने अर्जित अवकाश की राशि भुगतान कराने, गोहपारू निवासी कमल गुप्ता सेवा निवृत्त सहायक ग्रेड-2 ने वेतन एरियर्स की राशि का भुगतान कराने, जिला उमरिया के मानपुर निवासी अश्वनी सोनी ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए।

## स्थानान्तरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र खो जाने संबंधी सूचना

अभिमन्यु सिंह पिता अखिलेश सिंह सेक्रेट हार्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल से टी.सी. और सी.सी. 2022–23 में जारी हुई थी जो खो गई। डुप्लीकेट टी.सी. और सी.सी. के लिए स्कूल में आवेदन किया गया है।
जिस किसी सज्जन को उक्त दस्तावेज मिलें हो तो कृपया नीचे लिखे पते पर अथवा मोबाइल नंबर पर सूचित करें।

संपर्क विवरण -अभिमन्यु सिंह
मनकीशर, जिला सतना (म.प्र.)
मो.: 9201221378
RN- 84268

## अति आवश्यक विधिक सूचना

नोटिस अजतरफ मेसर्स सृजन बिल्डर्स, पार्टनरशिप फर्म, इलाहाबाद रोड, रीवा, (म०प्र०) द्वारा पार्टनर्स :- 1. भानु प्रताप सिंह तनय शमशेर बहादुर सिंह, निवासी-3 "निर्मल छाया" खुटेही रीवा, तहसील हुजूर 'नगर', जिला-रीवा (म०प्र०) 2. आदित्य प्रताप सिंह तनय शमशेर बहादुर सिंह, निवासी ब्लाक आफिस के पीछे खुटेही रीवा, तहसील हुजूर 'नगर', जिला-रीवा, (म०प्र०) 3. रवि प्रकाश सिंह तनय स्व० श्री राघवेन्द्र सिंह परिहार, निवासी सिविल लाइन्स रीवा, (म०प्र०) द्वारा अधिवक्ता रमेश त्रिपाठी, एडवोकेट चेम्बर नं0 40, जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, रीवा (म०प्र०)। .........................नोटिसदातागण

बनाम

1. श्रीमती मीना बंसल पत्नी स्व० अरुण बंसल, 2. वेदान्त बंसल तनय अरुण श्री बंसल, दोनो क्र0 1 व 2 निवासीगण शिल्पी सिटी, पुराना एन०एच०-7 चोरहटा रीवा, तहसील हुजूर 'नगर', जिला-रीवा, (म०प्र०)3. शिल्पी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमि०, द्वारा डायरेक्टर श्री राजेन्द्र शर्मा, कार्यालय-द्वितीयतल बी-ब्लाक, शिल्पी प्लाजा रीवा शहर, जिला-रीवा, (म०प्र०) 4. राजेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर, शिल्पी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमि०, द्वितीयतल बी-ब्लाक, शिल्पी प्लाजा रीवा शहर, जिला-रीवा, (म०प्र०) 5. हर आम व खास, तथा समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय विभाग, रीवा (म०प्र०), मध्यप्रदेश राज्य एवं शासन।

.........................नोटिसग्रहीतागण

नोटिस म्यादि 07 दिवस प्राप्ति के दिनांक से।

जो कि मेरे पक्षकार सृजन बिल्डर्स के पार्टनर्स भानु प्रताप सिंह, आदित्य प्रताप सिंह एवं रवि प्रकाश सिंह द्वारा इस नोटिस से संबंधित समस्त तथ्यों से अवगत कराते हुए व आवश्यक दस्तावेज दिखाते हुए आप नोटिसग्रहीतागण को यह विधिक नोटिस प्रेषित करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया है, तद्नुसार यह विधिक नोटिस आप नोटिसग्रहीतागण को प्रेषित की जा रही है, जिससे आप नोटिसग्रहीतागण अवगत हों :- 1. यह कि मेरे पक्षकारगण, व आप नोटिसग्रहीता क्र० 1 के पति व क्र0 2 के पिता अरुण बंसल द्वारा, सृजन बिल्डर्स के नाम से, एक पार्टनरशिप फर्म स्थापित की गई थी। जिसका विलेख दिनांक 11.12.2003 को निष्पादित हुआ था, जिसे अत्रपश्चात् प्रश्नाधीन फर्म लिखकर सम्बोधित किया जायेगा। 2. यह कि प्रश्नाधीन फर्म द्वारा एक रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेसर्स कमर्शियल इन्स्टालमेंट, जिसका रजिस्टर्ड कार्यालय 53 गांधी रोड़ देहरादून उत्तराखण्ड में था, व जिसकी शाखा 124 नेपियर टाउन, जबलपुर म०प्र० में थी, से दिनांक 12.12.2014 को आराजी खसरा क्र0 231 (s) रकबा 0.1290 हे0 व 232/1(s) रकबा 0.506 हे०, स्थित ग्राम पड़रा, पटवारी हल्का नं० 37, तहसील हुजूर, जिला रीवा एवं इस तरह कुल रकबा 0.635 हे० क्रय किया गया था, व इस आधार पर सभी पार्टनर अर्थात मेरे पक्षकारगण व आप नोटिसग्रहीता क्र० 1 के पति व 2 के पिता संयुक्त रुप से बराबर मालिक व हिस्सेदार मय संयुक्त कब्जा के थे, व हैं। जो आज तक विक्रय विलेख अनुसार 3/4 का स्वत्व व संयुक्त आधिपत्य मेरे पक्षकारगण का कायम है। 3. यह कि उक्त पार्टनरशिप विलेख दिनांक 11.12.2003 के तहत यह विनिश्चित किया गया था कि उपरोक्त आराजी खसरा क्र0 231(s)रकबा 0.129 हे 9 व 232/1(s) रकबा 0.506 हे0 में जो ग्राम पड़रा 333 में स्थित है, जो तहसील हुजूर, जिला रीवा के अन्तर्गत ग्राम पड़रा में आता है, जिसमें व्यापारिक व रिहायशी बिल्डिंग का निर्माण करेंगें, इस उद्देश्य से सृजन बिल्डर्स नामक उक्त फर्म गठित की गई थी व इस फर्म का कार्यकाल उक्त आराजी खसरा क्र0 231 (s) व 232/1(s) के निर्माण कार्य पूर्ण होने तक यह पार्टनरशिप फर्म कायम रहेगी, ऐसा उल्लेख किया गया था। 4. यह कि आप नोटिसग्रहीता क्र० 1 के पति व क्र0 2 के पिता की मृत्यु कोरोना काल के दौरान हो गई थी, व अपरिहार्य कारणवश पार्टनरशिप फर्म गठन के पश्चात् उक्त व्यवसायिक व रहायशी बिल्डिंग का निर्माण नही किया जा सका। 5.यह कि आप नोटिसग्रहीता क्र० 1 के पति व क्र0 2 के पिता की मृत्यु दिनांक 21.04.2021 के तथ्य को छिपाते हुए आप दोनो नोटिसग्रहीतागण ने नोटिसग्रहीता क्र० 3 फर्म शिल्पी इन्फ्रा प्रोजेक्टस प्राइवेट लिमिटेड, डायरेक्टर श्री राजेन्द्र शर्मा, कार्यालय द्वितीयतल शिल्पी प्लाजा, बी-ब्लाक रीवा, जिला रीवा, (म०प्र०) के साथ मिलकर धोखाधड़ी की है व मेरे पक्षकार के प्रश्नाधीन आराजी खसरा क्र0 231 (s) रकबा 0.1290 हे0 तथा आ०ख०क्र0 232/1(s) रकबा 0.5060 हे० पर वास्तविकता को छिपाते हुए मेरे पक्षकारगण के हक व हित हड़पने के उद्देश्य से एक अनुबन्ध ज्वाइन्ट वेंचर्स का दिया व अरुण बंसल की मृत्यु को छिपाते हुए दिनांक 27.06.2021 को, अर्थात अरुण बंसल की मृत्य के 02 माह 06 दिन पश्चात्, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय से अनुमति प्राप्त की जिसका पत्र क्र० 618/न०ग्रा०नि०/प्र०क्र० बी-6/तक०/बी०/आर0ओ0/2021 के अनुमति पत्र के तहत, मेरे पक्षकारों को स्वत्व, स्वामित्व को छिपाते हुए प्राप्त की, तथा अभी हाल में नगर पालिक निगम, रीवा में भी दिनांक 13.08.2025 को उपरोक्त जानकारी न देते हुए धोखाधड़ी व फरेब किया जो एक आपराधिक कृत्य भी है। क्योंकि उक्त अनुमति दिनांक 27.06.2021 की अवधि, अनुमति के पैरा-23 के अनुसार 03 वर्ष तक के लिये ही विद्यमान थी, जिसकी अवधि दिनांक 27.06.2024 को समाप्त हो चुकी थी। और इसका भी उल्लेख आप लोगों ने संबंधित विभागों में न करके आपराधिक कृत्य भी किया है। अर्थात जब नगर तथा ग्राम निवेश की मंजूरी 27.06.2024 के पश्चात् न तो अस्तित्व में थी, न ही 27.06.2024 के पश्चात् कोई नवीन अनुमति ही ली गई, ऐसी स्थिति में नगर पालिक निगम, रीवा की अनुमति दिनांक 13.08.2025 अपने आप में ही विधि विरुद्ध व अमान्य है। यद्यपि किसी भी अनुमति में यह स्पष्ट उल्लेख होता है कि कोई भी जानकारी झूठी होने तथा छिपाई जाने से अनुमति स्वतः समाप्त हो जायेगी। 6. यह कि उपरोक्त पार्टनरशिप विलेख की कण्डिका 14, 15, 16 का आप नोटिसग्रहीतागण या तो स्वयं अध्ययन कर लें या किसी व्यक्ति से करा लें व सम्पूर्ण पार्टनरशिप डीड का गहनता से अध्ययन कर लें। 7. यह कि मेरे पक्षकार को अभी हाल में ज्ञात हुआ कि आप नोटिसग्रहीतागण द्वारा अथवा आप नोटिसग्रहीता क्र० 1 के पति व 2 के पिता स्व० श्री अरुण बंसल द्वारा विधि विरुद्ध व फर्जी कार्यवाही संभवतः करके अपने आप उक्त भूमियों का एकमात्र मालिक जाहिर किया गया व उस पर किसी संस्था के साथ मिलकर बिना मेरे पक्षकारगण की जानकारी व बिना सहमति के निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की योजना बनाई जा रही है, व शीघ्र अवैध व अनधिकृत निर्माण श्री राजेन्द्र शर्मा, बिल्डर द्वारा प्रारम्भ किया जाने वाला है, जिस कारण यह नोटिस दी जा रही है तथा इसकी एक प्रति श्री राजेन्द्र शर्मा को भी प्रेषित की जा रही है कि वो इस नोटिस के परिप्रेक्ष्य में कोई निर्माण प्रश्नाधीन भूमि पर प्रारम्भ न करें। 8. यह कि आपका उक्त कृत्य आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है, जिसके लिये कार्यवाही करने के पूर्व मेरा पक्षकार आप नोटिसग्रहीता क्र० 1 के पति व 2 के पिता की मान, मर्यादा को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन को कलंकित नही करना चाहता, और आप नोटिसग्रहीतागण के विरुद्ध भी इस नोटिस की अवधि के दौरान वैधानिक कार्यवाही नही करना चाहता, बशर्ते आप उक्त दोनो भूमियों में कोई निर्माण कार्य आप न स्वयं करें, न किसी से करायें और उक्त संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करें। 9. यह कि आप नोटिसग्रहीतागण कैसे व किस अधिकार से आराजी खसरा नं0 231(s) व 232/1(s) स्थित ग्राम पड़रा पर अपना मालिकाना हक एकमात्र जताया जा रहा है। जबकि इस संबंध में भी स्पष्ट विवरण दें, ताकि आप नोटिसग्रहीतागण अथवा स्व० श्री अरुण बंसल द्वारा विधि विरुद्ध या फर्जी कार्यवाहियां की गई हो तो, उस संबंध में मेरे पक्षकारगण सक्षम कानूनी कार्यवाही, जिसमें आपराधिक व दीवानी की कार्यवाहियां शामिल होंगी, कर सकते हैं। 10. यह कि यह नोटिस प्राप्त होते ही आप नोटिसग्रहीतागण उक्त दोनो आराजी खसरा क्र0 231 (s) व 232/1(s) में न तो कोई निर्माण कार्य करें, न ही निर्माण की कोई योजना बनायें और यदि ऐसा कोई कार्य करने जा रहे हो तो, उसे तत्काल बंद कर दें तथा इस नोटिस का जवाब 7 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार को व मुझे प्रेषित करें, व अपने जवाब के समर्थन में जो भी दस्तावेज आपके पास हों, तो उनको भी जवाब के साथ फोटो प्रतियों के रुप में सत्य प्रमाणित प्रति मुझे प्रेषित करें। 11. यह कि आप नोटिसग्रहीतागण यह नोटिस प्राप्ति से 07 दिवस के अंदर कोई जवाब प्रेषित नही किया अथवा जवाब प्रेषित किया, किन्तु उसके समर्थन में कोई दस्तावेज प्रेषित नही किया तो यह माना जायेगा कि आप नोटिसग्रहीतागण व स्व० श्री अरुण बंसल द्वारा फर्जी व विधि विरुद्ध कार्यवाही की गई हो तो जिससे आप नोटिसग्रहीतागण दण्ड के भागी होंगे। 12. यह कि आप नोटिसग्रहीता क्र० 4 श्री राजेन्द्र शर्मा को सूचित किया जा रहा है कि आप अपने राजनैतिक पद का दुरुपयोग कर विधि विरुद्ध कार्यवाही करने से विरत रहें अन्यथा भविष्य में आप इस नोटिस से संबंधित विषय में कोई भी बचाव लेने से विबंधित रहेंगे। यह नोटिस साफ-साफ टाइप है व पठनीय है जो मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को जारी की जा रही है, इस नोटिस की तीन प्रतियां मैने अपने कार्यालय में सुरक्षित रख ली है, जो आवश्यकता पड़ने पर वैधानिक कार्यो में अथवा जहां भी जरुरत होगी, प्रस्तुत की जायेगी। अतः आप नोटिसग्रहीतागण इस विधिक नोटिस से अवगत हों।

दिनांक : 09.09.2025

नोटिसदाता
रमेश त्रिपाठी, एडवोकेट
चेम्बर नं0 40, जिला एवं सत्र न्यायालय
परिसर, रीवा (म॰प्र॰)

## कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला रीवा (म.प्र.)

E-mail ID- cmodabhaura@mpurban.gov.in
क्रमांक/1552/ई–टेन्डर/न.परि./2025 — डभौरा, दिनांक 09.09.2025

**ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रण–सूचना**

म.प्र. शासन में पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों एवं संविदाकारों से फार्म "ए" में ई–टेन्डरिंग के माध्यम से हैण्ड पम्प सामग्री क्रय / सफाई सामग्री क्रय एवं निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार हैं।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा फॉर्म क्रय शुल्क | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD_449900_1 | हैण्ड पम्प सामग्री क्रय | 500000 | 5000 | 2000 | 24.09.2025 |
| 2 | 2025_UAD_450149_1 | सफाई सामग्री क्रय | 500000 | 5000 | 2000 | 24.09.2025 |
| 3 | 2025_UAD_250157_1 | वार्ड क्र. 02 में बृजमोहन साहू के घर से बुद्धीलाल पटेल के घर तक पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 175406 | 3508 | 1000 | 24.09.2025 |
| 4 | 2025_UAD_450162_1 | वार्ड क्र. 04 में सोनू कोल के घर से रघुवीर के घर तक पी.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 120710 | 2414 | 1000 | 24.09.2025 |
| 5 | 2025_UAD_450171_1 | वार्ड क्र. 05 में संजय गुप्ता के घर से लल्लू हलवाई तथा यू.बी.आई. एटीएम से विजय मेडिकल स्टोर तक कवर्ड नाली एवं सड़क चौड़ीकरण का कार्य। | 1284091 | 9631 | 2000.00 | 10.10.2025 |

शर्तें :–
1. निविदा दिनांक 10.09.2025 को सुबह 10:30 से बेवसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेंगे, विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी बेवसाईट https://mptender.gov.in पर देखी जा सकती हैं ऑनलाईन प्राप्त / प्रस्तुत की जा सकती हैं।

(ज्ञानेन्द्र मिश्रा)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा, जिला–रीवा (म.प्र.)

**जीएसटी सहायक आयुक्त ने जबलपुर से कटनी आए दो परचून वाहनों को पकड़ा : कटनी।** मंगलवार सुबह जीएसटी की टीम ने अभियान के तहत जबलपुर से कटनी पहुंचे दो परचून वाहनों को मिशन चौक पर पकड़ा और कोतवाली थाना में खड़ा कराया है और वाहनों में लोड समान की जांच शुरू कि तो जीएसटी टीम को सुपाड़ी, ग्रिसलीन सहित अन्य समान बिना बिल का मिला जबकि कुछ सामान में ई वे बिल मिला है। सुबह से दोपहर तक जीएसटी टीम ने एक एक समान की जांच की और बिलों का मिलान किया।

## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,मैकेनिकल खण्ड रीवा (म0प्र0)

Email ID :- eephemrewa@rediffmail.com PH No. 07662-251023
क्रमांक 1267 तक/का.यं./लो0स्वा0यां/मैके0खण्ड/24–25 — रीवा, दिनांक 26 /08 /2025

**ई–निविदा सूचना क्रमांक 01/2025-26**
**System Tender No._2025_PHED_447216_1**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड रीवा के अन्तर्गत सिंगरौली जिले मे रिग मशीन KLR-2 के मरम्मत कार्य मे लगने वाले Different Type of Spare Parts प्रदाय हेतु ऑन लाइन डिजिटली हस्ताक्षरित मोहर बंद निविदा अनुभवी ठेकेदार से निविदा प्रपत्र "C" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखो जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग मे पंजीयन, सामग्री निर्माता/अधिकृत विकेता का प्रमाण–पत्र इत्यादि निविदा प्रस्तुत करते समय Online प्रस्तुत करना होगा। मोहरबन्द निविदा दिनांक 09.09.2025 को समय 10.00 AM से बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन प्रदर्शित होगी एव कय की जा सकेगी। दिनांक 09.09.2025 समय 10.00 AM से दिनांक 19.09.2025 समय 6.00 PM तक निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। तकनीकी ऑफर दिनांक 22.09.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। पात्र पाये जाने वाले संविदाकारो के वित्तीय ऑफर दिनांक 24.09.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्यूमेन्टस) राशि रू. ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन कय किये जा सकते है.। निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे एवं ऑनलाइन देखी जा सकती है।

**सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल उपखण्ड सिंगरौली**

| समाग्री का विवरण: PARTICULAR | ITEM NO. | QTY. | Amount t Rs. | अनुमानित लागत रू. | बयाने की राशि रू. | प्रपत्र का मूल्य रू. | सामग्री प्रदाय का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Liner Cylinder (Make-Cummins) | 3241328 | 6 | 109494.00 | 857011.00 रू. आठ लाख सतावन हजार ग्यारह मात्र | 17140/– | 2000/– | सहायक यंत्री लो. स्वा.यॉ.मेकेनिकल उपखण्ड सिंगरौली |
| Set Piston Ring (Make-Cummins) | 4089811 | 6 | 94770.00 | | | | |
| Kit Piston & Ring Set (Make-Cummins) | KIT323853 | 6 | 309318.00 | | | | |
| Bushing (Make-Cummins) | 187420 | 6 | 5346.00 | | | | |
| Bearing Connecting Rod (Make-Cummins) | 214950 | 6 | 8808.00 | | | | |
| Upper Engine Gasket Set (Make-Cummins) | 4024946 | 1 | 35819.00 | | | | |
| Core Aftercooler (radiator) (Make-Cummins) | 3026923 | 1 | 293456.00 | | | | |
| Total | | | 857011.00 | | | | |

जी- 18419/25

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा0यॉ0 मेकेनिकल खण्ड
रीवा (म0प्र0)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

दूरभाष (फोन) 07805–234745
**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 02/2025–26**
क्रमांक/2496 /ग्रा.यां.से./2025 — सिंगरौली, दिनांक 02/09/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्वति) राशि रू. 50 लाख से अधिक एवं Cover-2 (दो लिफाफा पद्वति) राशि रू. 50 लाख तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:–

| क्र. | सिस्टम आई.डी. नम्बर | कार्य का नाम | विकासखण्ड | निविदा लागत (पी.ए.सी.) रू. लाख में | अमानत राशि (राशि रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू. लाख में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | एस.ओ.आर. /आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_448608 | शासकीय हाई स्कूल धिनहागांव में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण ग्राम पंचायत धिनहागांव | देवसर | 12.24 | 24480 | 2000 | 06 | 11.04.2022/प्रथम |
| 2 | 2025_RES_448609 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पड़री में कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण | बैढन | 12.24 | 24480 | 2000 | 06 | 11.04.2022/प्रथम |
| 3 | 2025_RES_448610 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल विन्ध्यनगर में कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण | बैढन | 12.24 | 24480 | 2000 | 06 | 11.04.2022/प्रथम |
| 4 | 2025_RES_448611 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गोरबी कालरी में अटल टिकरिंग लैब का निर्माण | चितरंगी | 12.24 | 24480 | 2000 | 06 | 11.04.2022/प्रथम |
| | | कुल योग :– | | 48.96 | | | | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 08.09.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 15.09.2025 समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। रूपये 50.00 लाख के अन्दर तक के कार्य की निविदा कवर "अ" (Cover-1), एवं "स" (Cover-3) तथा रूपये 50.00 लाख एवं अधिक तक के कार्य की निविदा कवर "अ" (Cover-1), "ब" (Cover-2) एवं "स" (Cover-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (Submit) करने होगें। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

जी- 18400/25

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

(लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन)
लिंक रोड नंबर 3, पत्रकार भवन ,भोपाल– 462003

**:–विज्ञापन–:**

विज्ञा.क्र./एन.एच.एम./एच.आर. /2025/3264 — भोपाल, दिनांक 09/09/2025

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म0प्र0 के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत टेली मानस सेल हेतु संविदा काउन्सलर के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, यह अनुबंध 31 मार्च 2026 तक के लिये होगा, जिसे आगामी वर्षो की वार्षिक कार्ययोजना मे स्वीकृत अनुसार नवीनीकृत किया जा सकेगा:–

| क्र | पदनाम | रिक्त पद | मासिक मानदेय | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संविदा काउन्सलर | 14 | 30000/– रुपये प्रतिमाह | Bachelors in Psychology or Social Work (Regular/Distance/Open mode) or Nursing (Regular) from a recognized educational institution. With 2-Years of post UG qualification experience in Mental Health Counselling. Or Masters in clinical Psychology/Social Work / Sociology/Psychology from a recognized educational institution in regular/ distance /open mode. | 21–40 वर्ष अधिकतम आयु सीमा में (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति , अन्य पिछड़ा वर्ग , निःशक्त जन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट) (01/01/2025 की स्थिति में) |

आवेदन एम.पी. ऑनलाईन के बेब पोर्टल http:// www.mponline.gov.in एवं http://iforms.mponline.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है, आवेदन के लिए लिंक दिनांक 09/09/2025 से उपलब्ध की जायेगी। ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि 27/09/2025 है। ऑफ लाईन आवेदन किसी भी स्थिति में मान्य/स्वीकार नही किये जावेगें।

पद हेतु आरक्षण निम्नानुसार होगा:–

| पदनाम | कुल पद | अनारक्षित (27%) ओपन | अनारक्षित (27%) महिला | अनुसूचित जनजाति (20%) ओपन | अनुसूचित जनजाति (20%) महिला | अनुसूचित जाति (16%) ओपन | अनुसूचित जाति (16%) महिला | अन्य पिछड़ावर्ग (27%) ओपन | अन्य पिछड़ावर्ग (27%) महिला | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (10%) ओपन | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (10%) महिला | दिव्यांगजन (6%): (दृष्टिबाधित एवं कम दृष्टि) 1.5 % | दिव्यांगजन (6%): बहरे कम सुनने वाले) 1.5 % | दिव्यांगजन (6%): (लोको मीटरडिसेबिलिटी सम्मिलित है जैसे सेरेब्रल पाल्सी कुष्ठ रोग मुक्त बौनापन एसिड अटेक पीडित मस्कुलर डिस्ट्राफी) 1.5 % | दिव्यांगजन (6%): (ऑटिज्म, बौद्विक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निग डिसेबिलेटी ओर मानसिक बीमारी ओर बहुदिव्यांगता) 1.5 % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संविदा काउन्सलर | 14 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | - | - | 1 | - |

(शीर्ष पंक्ति: रिक्तियों में से म.प्र. की मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों है आरक्षित पदों की संख्या (6%))

- दिव्यांगजन का आरक्षण क्षैतिजिक (Horizonatal) के आधार पर 06 प्रतिशत का प्रस्ताव तैयार किया गया है। निःशक्तजनों के लिए कुल रिक्तियों में से 06 प्रतिशत पद निःशक्तजन के लिए आरक्षित है, जिस श्रेणी का निःशक्तजन इन पदो के लिए चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जावेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन नियुक्तियों में सम्मिलित है।

3. निर्धारित प्रारूप में नही किये गए अथवा अपूर्ण आवेदन स्वयमेंव निरस्त माने जायेंगे।
4. अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।
5. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ,म.प्र. किसी भी आवेदन को बिना कारण बताये स्वीकृत निरस्त करने अथवा प्रकिया को निरस्त करने का अधिकार होगा।

Digitally signed by MANOJ KUMAR SARIYAM
Date ; 09.09.2025 08:25:08

अपर मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश

जी- 18440/25

# ग्राम पंचायत में तेजी से तूल पकड़ रहा देवी स्थान पर अतिक्रमण का मामला

## आवेदन के बाद सड़को में आए ग्रामीण

जागरण, मंडला



जिले जनपद पंचायत नारायणगंज की ग्राम पंचायत पटेहरा के ग्राम टिकरिया में देवी स्थान के सामने हुए अतिक्रमण का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है ग्राम टिकरिया के खसरा नंबर 227 में लगभग 10 माह पूर्व दुर्गा देवी मंच के सामने राजकुमारी धुर्वे द्वारा पक्की दुकान का निर्माण किया जा रहा था ग्राम की सबसे ज्यादा आस्था का स्थान बचाने के लिए सभी ग्राम वासियों ने अतिक्रमण धारी का विरोध किया जिसमें राजस्व विभाग की उपस्थिति में कार्य को बंद करवा दिया गया था परंतु राजकुमारी धुर्वे एवं उनके परिवार ने 29/08/2025 को पुनः कार्य चालू कर दिया जिसमें ग्राम के लोगों ने पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की उपस्थिति में पुनः कार्य बंद कराया गया एवं अतिक्रमण धारी के द्वारा सात दिवस में देवी स्थान से अतिक्रमण हटाने की सहमति प्रदान की गई वही अतिक्रमणधारी द्वारा सहमति प्रदान करने के पश्चात भी 2/10/2025 को जनसुनवाई एवं आजाक थाने में उपस्थित होकर ग्राम के ही जनप्रतिनिधि जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा के खिलाफ झूठी शिकायत का आवेदन प्रस्तुत कर दिया एवं साथ ही ग्राम के सरपंच कालीचरण मार्को एवं भूतपूर्व सरपंच के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कर दी जिस पर गांव में आक्रोश पैदा हो गया और ग्रामवासियों ने पुनः तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने आवेदन दिया जिस पर तहसीलदार ने सात दिवस का समय देते हुए 01/09/2025 को बेदखली का आदेश कर दिया गया परंतु अतिक्रमण धारी द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए साथ दिवस में भी अतिक्रमण नहीं हटाया जिस पर ग्राम वासियों द्वारा पुनः बैठक का आयोजन करते हुए तहसीलदार एवं थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर ज्ञापन दिया कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जो भी अतिक्रमण धारी द्वारा शिकायत की जा रही है वह पूर्णता मिथ्यापूर्ण एवं झूठे आरोप है अतिक्रमण धारी अपनी हार को देखकर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ यह षडयंत्र किया गया है और बताया गया कि हमारे ग्राम में भी लगभग 75 प्रतिशत आदिवासी परिवार निवास करते हैं सभी की आस्था देवी माता के स्थान से जुड़ी हुई है और हमारी उपस्थिति में वह अतिक्रमण हटाने संबंधी सभी जनप्रतिनिधि को हमारे द्वारा आमंत्रित किया गया था तब वे उपस्थित हुए थे वह हमारे गांव की आस्था का केंद्र है जहां लगभग 25-30 साल से माता जी की मूर्ति स्थापित की जाती ऐसे सार्वजनिक स्थान पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते हैं अतः तत्काल वहां से अतिक्रमण हटाते हुए अतिक्रमण धारी पर कठोर कार्रवाई की जावे एवं जो आप उनके द्वारा हमारे जनप्रतिनिधियों पर लगाए गए हैं उनकी शिकायत खारिज की जावे जिस पर तहसीलदार महोदय ने दो दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया है। ग्राम वासियों का कहना है कि 15 दिवस बाद पूरा गांव माता की मूर्ति उसी मंच में स्थापित करेगा और यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो ग्राम के समस्त परिवार आंदोलन हेतु बाध्य होंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# वॉर्ड वासियों ने पृथक-पृथक मुद्दों के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## सैकड़ों की तादात में एकत्रित होकर महिलाओं ने दिया ज्ञापन



**लवकुश नगर।** आज वार्ड क्रमांक 3 और 5 के वासियों ने पृथक पृथक मुद्दों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, वही वार्ड वासियों ने वार्ड की महिलाओं के साथ एकत्रित होकर जोश के साथ प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल को राजस्व परिसर में ज्ञापन दिया।

**ज्ञापन क्रमांक 1**

प्राचीन झूमर हनुमान मंदिर का रास्ता कुछ दबंगों द्वारा जबरन बंद किया जा रहा है, वही यह मंदिर लोगों की आस्थाओं के साथ जुड़ा हुआ है वही प्राचीन झूमर मंदिर के लिए जाने वाली आम रास्ता पर कुछ लोगों के द्वारा नगर परिषद द्वारा डाली गई पाइपलाइन को भी क्षतिग्रस्त करने का काम किया जा रहा है जिससे आए दिन रास्ते में कीचड़ फिसलन जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है इस वजह से वहां से निकलने वाले श्रद्धालुओं को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने वाले भक्त मंदिर तक पहुंच ही नहीं पाते इसी समस्या से निजात पाने के लिए आज वार्ड क्रमांक 3 के रहवासियों के द्वारा कलेक्टर पार्थ जायसवाल को ज्ञापन दिया गया जिसमें जल्द से जल्द समस्या का निवारण करने की बात पार्थ जायसवाल के द्वारा कही गई।

**ज्ञापन क्रमांक 2**

लवकुश नगर का हृदय स्थल कहे जाने वाले स्वामी विवेकानंद पार्क जो की नगर के बीचों-बीच स्थित है पार्क के चारों तरफ इस समय अतिक्रमण चरम सीमा पर पहुंच चुका है यहां पर लगने वाले हाथ ठेला सब्जी भाजी बेचने वाले दुकानदारों ने पार्क की बाउंड्री के चारों तरफ अतिक्रमण करके नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को चरमरा कर रख दिया है जिसकी वजह से आए दिन सड़क हादसे होने का खतरा बना रहता है वही पर पार्क की सुंदरता भी धीरे-धीरे धूमिल होती हुई दिखाई दे रही है अभी तक ना ही करोड़ों की लागत से बने नए बस स्टैंड को चालू करवाया गया है और ना ही रोजमर्रा की जिंदगी में अपना जीवन यापन करने वाले इन दुकानदारों को स्थाई स्थान दिया गया है जिसकी वजह से पुराने बस स्टैंड में आए दिन सड़क हादसे ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति निर्मित होती है वार्ड वासियों का कहना है की जल्द से जल्द इन दुकानदारों को एक उचित स्थान पर स्थापित किया जाए एवं पार्क की सुंदरता को वापस से उसके नए रूप में नगर को सोपा जाए कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने इन सभी मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# गाँव में बिजली की समस्या गंभीर : झूलते तार और बिजली कटौती से ग्रामीणों की बढ़ीं मुसीबतें



**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चटुवा के ग्रामीण लंबे समय से झूलते विद्युत तारों और अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। जनसुनवाई में शिकायत करने आए जनपद सदस्य संतोष चंदेल ने बताया कि खंभों से लगी तारें कई जगहों पर बेहद झूल रही हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।पहले भी दो बार धान के भूसे में आग लगने जैसी घटनाएँ घट चुकी हैं। बरसात के दिनों में तारों से करंट उतरने की वजह से लोगों की जान जोखिम में रहती है। वहीं, बिजली आने पर भी वोल्टेज बेहद कम रहता है, जिससे गाँव में अंधेरा छाया रहता है।अंधेरे के कारण सर्प व कीड़े-मकोड़ों का खतरा हमेशा बना रहता है, साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। कई बार जनपद पंचायत की सामान्य सभा एवं बिजली विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई सुधार कार्य नहीं किया गया।हाल ही में समीपस्थ गाँव बीच में भी तार टूटने की घटना घटी थी और उस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी फोन तक नहीं उठा रहे थे। इससे ग्रामीणों का विभाग पर भरोसा कम होता जा रहा है। शिकायत करने आए जनपद सदस्य संतोष चंदेल ने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर तारों की मरम्मत, आवश्यक सुधार कार्य एवं नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि गाँव में सुरक्षित माहौल बन सके और बच्चे सुचारु रूप से पढ़ाई कर सकें।

# जन सुनवाई में प्राप्त 75 आवेदनों पर हुई सुनवाई समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश



**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।ग्राम कुटेलीदादर के ग्रामीणों ने जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की। उनका कहना था कि अधूरा कार्य बंद होने से विद्यार्थियों एवं आमजन को पाँच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।इसी तरह ग्राम जमुनिया के आवेदक ने वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए पात्र घोषित होने के बावजूद आज तक आवास न मिलने की शिकायत की और बताया की कई बार निवेदन करने के बाद भी आवास स्वीकृति नहीं दी गई है। वही ग्राम बरबसपुर के ग्रामवासियों ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी।ग्राम पंचायत चटुवा के लोगों ने गाँव में लगे जर्जर विद्युत तारों की मरम्मत और नियमित बिजली आपूर्ति की माँग की। ग्रामीणों ने बताया कि तारों के टूटने से आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है, वहीं पर्याप्त रोशनी न होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।ग्राम पंचायत पंकू टोला के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की समस्या उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात में कच्चे रास्तों से बच्चों को स्कूल जाने और बीमार मरीजों को अस्पताल पहुँचाने में काफी कठिनाई होती है। उन्होंने वैकल्पिक सड़क निर्माण कार्य के लिए मंजूरी और राशि उपलब्ध कराने की माँग की। ग्राम पंचायत बिलासर के दुर्गा स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने तालाब में मछली पालन कार्य पर रोक लगाने और उससे जुड़ी परेशानियों की शिकायत दर्ज कराई। महिलाओं ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण उनका मछली पालन कार्य प्रभावित हो रहा है।इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने भी पेयजल, राजस्व भूमि विवाद और शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएँ अधिकारियों के सामने रखीं।

# दो माह से मानदेय से वंचित ग्राम रोजगार सहायक, महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में ग्राम रोजगार सहायक संघ-मनरेगा, ग्राम रोजगार सहायक महासंघ एवं पंचायत सहायक सचिव कर्मचारी संघ के संयुक्त संगठन (मोर्चा) मध्यप्रदेश ने ग्राम रोजगार सहायकों (सहायक सचिवों) का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग उठाई है। संगठन द्वारा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।संयुक्त संगठन ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आयुक्त एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि विगत दो माह से ग्राम रोजगार सहायक मानदेय से वंचित हैं।इस दौरान रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख त्यौहार बिना मानदेय के ही बीत गए।संगठन ने कहा कि भुगतान में लगातार हो रही देरी से ग्राम रोजगार सहायक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी कार्य क्षमता और मनोबल पर पड़ रहा है। ग्राम स्तर पर विकास योजनाओं के सफल संचालन की जिम्मेदारी उन्हीं पर है, लेकिन समय पर परिश्रम का प्रतिफल न मिलना खेदजनक है।

# राजनगर भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनगर।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के तत्वाधान में किसानों ने नगर परिषद राजनगर के सभागार मे मंचीय कार्यक्रम के बाद ट्रैक्टर रैली निकालकर राजनगर तहसील प्रांगण पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मूंगफली खरीदी का समर्थन मूल्य 7263 रुपये प्रति क्विंटल करने, उपज मंडियों में फसल की खरीदी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने, बिजली व सिंचाई समस्याओं के समाधान, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, भू-अधिग्रहण कानून में संशोधन, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से खाद-बीज वितरण की व्यवस्था दुरुस्त करने सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल एवं तहसीलदार धीरज गौतम भी मौजूद रहें को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से मंच संचालन कर्ता राधाचरण पटेल युवा वाहिनी जिला प्रमुख, अयोध्या प्रसाद पटेल जिला अध्यक्ष, मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह प्रांत महामंत्री, गजराज सिंह प्रांत अध्यक्ष, तुलाराम प्रांत संगठन मंत्री, रहीस संभागीय अध्यक्ष, हेमंत संभागीय मंत्री, राम भाई दमोह अध्यक्ष, कैलाश पटेल जिला कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र पटेल जिला मंत्री, हरदयाल कुशवाहा जिला मीडिया प्रभारी, परशुराम पटेल जिला उपाध्यक्ष, राजाराम यादव जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र पटेल सदस्य, ब्लाक अध्यक्ष रामप्रकाश, हरप्रसाद ब्लाक मंत्री, महेंद्र पटेल ब्लाक कोषाध्यक्ष,प्रीतम पाल सह मंत्री, राकेश पटेल ब्लाक उपाध्यक्ष, बाबूलाल पटेल सदस्य, संतोष कुशवाहा, हुकुम पटेल, सुरेश पटेल, हरिचरण पटेल, दीनदयाल अहिरवार सहमंत्री, पुलिस प्रशासन सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# अमानक स्तर के खाद बीज बेचने वालों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही : कमिश्नर



**छतरपुर।** कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने सागर संभाग में अमानक स्तर के बीज खाद एवं कीटनाशक बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उपसंचालकों को दिए हैं। कमिश्नर ने सागर संभाग के कृषि विभाग के सभी उपसंचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अमानक स्तर के खाद बीज और कीटनाशक बेचने वाले फर्मों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में किसी भी स्थिति में अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशकों का विक्रय नहीं होना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि अगर कोई फर्म अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशक विक्रय करता हुआ पाया जाता है तों ऐंसे फर्मों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। कमिश्नर ने सागर संभाग में खाद, बीजों और कीटनाशकों के गुण नियंत्रण हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने के कारण सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उपसंचालकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश संयुक्त संचालक कृषि को दिए हैं। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश आज कृषि विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग में पराली जलाने से होने वाले हानियों के प्रति किसानों को जागरुक करें तथा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में आधुनिक कृषि यंत्रों हैप्पी सीडर, सुपर सीडर के संबंध में किसानों को जानकारी होना चाहिए।

# लव जिहाद के आरोपी पर युवती का पलटा बयान

**छतरपुर।** जिले के मातगुंवा थाना क्षेत्र में दर्ज एक चर्चित मामले ने नया मोड़ ले लिया है। 4 माह तक जेल की सलाखों के पीछे रहने के बाद छूटे आरोपी समीर खान पर लगाए गए आरोपों से पीड़ित युवती ने अपने बयान बदल दिए हैं। पूर्व में नाबालिक युवती का विवाह हुआ था अधेड़ से,दो बच्चो के बाद,पहले पति से तलाक के पहले समीर से निकाह कर की थी कोर्ट मैरिज,युवती की शिकायत पर मामले को गंभीरता से लेकर मातगुंवा थाना प्रभारी ने दुष्कर्म,धर्म परिवर्तन आदि व्रह्रस कि धाराओं पर किया था मामला दर्ज और आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा था जेल,आरोपी के जेल से छूटने के बाद अब युवती ने बयान बदले,हिन्दू संगठन भगवा ब्रेगेट ने निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की उठाई मांग है।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026 in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding National Standard Examinations (NSEs) (for science subjects) on November 22 and 23, 2025, conducted by the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
**NSEs:** https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc 48143/12/0007/2526

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8057766078

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **30/09/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स आन्या एक्वा एसोसिएट्स प्रोपराइटर- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह** निवासी : एलन टाउन स्कूल के सामने, जेपी टर्न के पास, पडारा, रीवा म.प्र.-486001 **श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह** | 1) भूमि खसरा नं. 3/21, रकवा 0.014 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 25*60=1500 वर्गफिट (0.014 हेक्टेयर), मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- लालमनी शर्मा की भूमि, उत्तर- श्रीमती नीतू सिंह का प्लाट, दक्षिण- भूतपूर्व वेन्डर का बिका हुआ प्लाट 2) खसरा नं. 3/20/2, रकवा 0.012 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 23.5*60=1350 वर्गफिट, (0.012 हेक्टेयर) मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- वेन्डर द्वारा 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- श्री रमेश पांडे का प्लाट, उत्तर- सियावती मिश्रा का प्लाट, दक्षिण- श्रीमती प्रीतू सिंह का खरीदा हुआ प्लाट **सांकेतिक कब्जा** | 04-05-2021 / 20-10-2021 / दि. 08/09/2025 को ₹ 71,34,738.46/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 47,72,000/- / ₹ 4,77,200/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 29/09/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30/09/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 08-09-2025, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# संकट मोचन तिराहा पर जन सहयोग से नवनिर्मित पुलिस सहायता केंद्र का किया गया लोकार्पण

## जन सहयोग से निर्मित यह पुलिस सहायता केंद्र जन सेवा हेतु समर्पित



**छतरपुर।** नगर के थाना सिविल लाइन एवं थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत संकट मोचन तिराहा पर जन सहयोग से निर्मित आधुनिक पुलिस सहायता केंद्र का आज छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया। यह पुलिस सहायता केंद्र पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें वातानुकूलन, वेंटिलेशन, विश्राम हेतु पृथक केबिन, दो बेड, प्रकाश, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। चौकी 24 घंटे जनसेवा हेतु खुली रहेगी। यह क्षेत्र एक मिश्रित आबादी वाला क्षेत्र है, चौकी के निर्माण में सभी संप्रदाय के लोगों ने सहयोग किया। इस पुलिस सहायता केंद्र के खुलने से थाना कोतवाली एवं थाना सिविल लाइन क्षेत्र के वासियों के लिए सुविधा रहेगी। यह मार्ग फोरलेन हाईवे सहित विभिन्न मार्गो से लिंक मार्ग भी है अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के मूवमेंट पर निगरानी रहेगी एवं आपराधिक गतिविधि पर नियंत्रण रहेगा। इस क्षेत्र में आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 112, दोनों थानों के मोबाइल, चीता मोबाइल, अतिरिक्त मोबाइल पार्टी निरंतर पेट्रोलिंग में रहेंगे। पूर्व में क्षेत्रवासियों द्वारा जनसंवाद के माध्यम से पृथक पृथक क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र की आवश्यकता जताई गई थी, जिसे दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार देरी तिराहा पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण कराया गया था जो वर्तमान में सक्रिय है एवं सकारात्मक प्रभावी है। लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी एवं धार्मिक गुरुओं की उपस्थिति में जनसंवाद कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जनसंवाद में आपराधिक गतिविधि में नियंत्रण हेतु विस्तार से चर्चा की गई। साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा पुलिस जनसंवाद, ऑनलाइन शिकायतकर्ताओं से संवाद, नशे से दूरी , बेटी की शिकायत पेटी इत्यादि अभियानों की प्रशंसा की गई। क्षेत्र वासियों की आवश्यकता अनुसार छतरपुर नगर के टोरिया मोहल्ला एवं झांसी-खजुराहो फोरलेन पर भी शीघ्र नवीन पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह चौकी दोनों थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, क्षेत्र वासियों, आगुन्तकों, राहगीरों की सहायता तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु एक सक्रिय केंद्र के रूप में कार्य करेगी। उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधिकारियों ने चौकी का निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी, माइक, लाउडस्पीकर जैसी व्यवस्थाओं एवं जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जन सहयोग से निर्मित यह पुलिस सहायता केंद्र जन सेवा हेतु समर्पित है, क्षेत्र वासियों एवं पुलिस अधिकारियों ने परस्पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक बाल्मीकि चौबे, नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारबंधु, क्षेत्रवासी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# किसानों पर बरसी लाठियां प्रशासनिक विफलता

*भिंड जिले की लहार तहसील में खाद के लिए घंटों से कतार में लगे किसानों पर चली पुलिस की लाठियां, कानून-व्यवस्था की मामूली घटना नहीं बल्कि यह प्रदेश की खाद वितरण व्यवस्था की विफलता का एक नमूना है। अभी कुछ समय पूर्व रीवा में भी खाद की मांग कर रहे किसानों को पुलिस बल प्रयोग का सामना करना पड़ा था। प्रदेश के अलग-अलग कोनों से खाद के किल्लत की खबरें एक ही कहानी कह रही हैं - मध्य प्रदेश का किसान परेशान है, व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं और संवाद की जगह लाठियां ले रही हैं।*

*दरअसल, यह संकट बहुस्तरीय है और इसकी जड़े प्रशासनिक विफलता, मांग-आपूर्ति के असंतुलन और नीतिगत खामियों में निहित हैं। रबी के मौसम की शुरुआत किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। गेंहू, चना और सरसों जैसी प्रमुख फसलों की बुवाई के लिए डीएपी और यूरिया जैसे उर्वरकों की समय पर उपलब्धता फसल के भविष्य को तय करती है। किसान अपनी मेहनत की कमाई और उम्मीदों को खेत में बोने के लिए तैयार खड़ा होता है, लेकिन जब उसे सबसे जरूरी चीज, यानी खाद के लिए सहकारी समितियों के बाहर रात-रात भर जागना पड़े या फिर बरसात और धूप में लंबी कतार में खड़ा होना पड़े, तो यह व्यवस्था पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है।*

*सरकार भले ही खाद की पर्याप्त उपलब्धता के दावे करती रहे, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों के ठीक उलट है। सहकारी समितियां, जो किसानों तक खाद पहुंचाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं, खुद कई समस्याओं से जूझ रही हैं। कहीं समय पर खाद का रैक नहीं पहुंच रहा, तो कहीं वितरण में पारदर्शिता का अभाव है। इसका सीधा फायदा कालाबाजारी करने वाले उठा रहे हैं। खबरें आम हैं कि जो खाद समिति में 800-1200 रुपये में मिलनी चाहिए, वही खुले बाजार में दोगुनी-तिगुनी कीमत पर बिक रही है। छोटा और सीमांत किसान, इस लूट का सबसे आसान शिकार बनता है। उसके पास घंटों और दिनों तक लाइन में लगने के सिवा कोई चारा नहीं बचता।*

*जब किसान इस अव्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाता है, तो प्रशासन का रवैया स्थिति को और भी बिगाड़ देता है। भिंड और रीवा की घटनाएं इसी प्रशासनिक असंवेदनशीलता का प्रमाण हैं। किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने, उनसे संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का समाधान निकालने की बजाय, उन पर बल प्रयोग करना सबसे आसान रहा है। यह विडंबना है कि जो किसान देश का पेट भरता है, उसे अपने हक के लिए अपमानित और प्रताड़ित होना पड़ रहा है। एक प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच कर देना महज एक तात्कालिक और प्रतीकात्मक कार्रवाई है, यह उस बीमारी का इलाज नहीं है जिसने पूरी व्यवस्था को जकड़ रखा है।*

*इस संकट का प्रभाव केवल किसानों की शारीरिक और मानसिक पीड़ा तक सीमित नहीं है, इसका सीधा असर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। खाद की कमी या देरी से बुवाई का मतलब है उत्पादन में गिरावट। कम उत्पादन न केवल किसान की आय को प्रभावित करेगा, बल्कि यह प्रदेश के कुल कृषि उत्पादन के आंकड़ो पर भी नकारात्मक असर डालेगा। मध्य प्रदेश, जिसे कई बार 'कृषि कर्मण पुरस्कार' से नवाजा गया है, के लिए यह स्थिति किसी भी नजरिए से अच्छी नहीं कही जा सकती।*

*लहार और रीवा में किसानों पर हुआ लाठीचार्ज महज भीड़ को तितर-बितर करने की घटना नहीं, बल्कियह सरकार और किसान के बीच टूटते भरोसे का प्रतीक है। यह संकट केवल खाद की कुछ बोरियों का नहीं, बल्कि नीति, नीयत और प्रबंधन का है। सरकार को तत्काल इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेना होगा। केवल आंकड़ों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बजाय, उसे अंतिम किसान तक समय पर और सही दाम पर पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाना, कालाबाजारी पर सख्त अंकुश लगाना और सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली को सुधारना सबसे पहली जरूरत है।*

# जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्र से कम होगी आयात पर निर्भरता

**जैव प्रोद्योगिकी नीति**

डॉ. निवेदिता शर्मा



भारत 21वीं सदी में केवल सूचना प्रौद्योगिकी या अंतरिक्ष विज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, यह जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महाशक्ति बनने का इरादा रखता है। बायो ई3 नीति का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं है, यह सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्मार्ट प्रोटीन, टिकाऊ कृषि, कार्बन कैप्चर, समुद्री जैव प्रौद्योगिकी और कोशिका एवं जीन थेरेपी जैसे क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करेंगे बल्कि भारत को आयात पर निर्भरता से भी मुक्त करेंगे।

भारत अब केवल अपनी जैव विविधता की धरोहर पर गर्व करने वाला देश नहीं रह गया है, उसने उस धरोहर को विज्ञान, नवाचार और आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदलना शुरू कर दिया है। देश में जैव प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था का नया इंजन बन रही है। पर्यावरणीय संतुलन, रोजगार सृजन और सामरिक स्वतंत्रता का भी प्रमुख आधार बनती जा रही है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बायो ई3 नीति के अंतर्गत उच्च-निष्पादन वाले जैव-विनिर्माण प्लेटफार्मों का शुभारंभ किया। एक नजरिए से देखें तो यह कदम स्पष्ट संकेत देता है कि भारत 21वीं सदी में केवल सूचना प्रौद्योगिकी या अंतरिक्ष विज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, यह जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महाशक्ति बनने का इरादा रखता है। समीक्षात्मक रूप से देखें तो दुनिया के कई देशों के बीच भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी जैव विविधता है। यह विश्व के 17 मेगाडायवर्स देशों में शामिल है। यहां लगभग पैंतालीस हजार से अधिक पौधों की प्रजातियाँ और नब्बे हजार से अधिक पशु प्रजातियाँ पाई जाती हैं। हिमालय की जड़ी-बूटियों से लेकर अंडमान-निकोबार के समुद्री संसाधनों तक, यह जैव संपदा बायोटेक्नोलॉजी के लिए अमूल्य स्रोत है। यही कारण है कि कृषि, औषधि, खाद्य प्रसंस्करण और समुद्री अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से अग्रणी भूमिका निभा रहा है। परंपरागत आयुर्वेद और औषधीय पौधों का ज्ञान आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर वैश्विक स्वास्थ्य समाधान प्रस्तुत कर रहा है।

इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पिछले एक दशक में असाधारण रही है। 2014 में देश की जैव-अर्थव्यवस्था लगभग दस अरब डॉलर के आसपास थी। 2023 तक यह बढ़कर डेढ़ सौ अरब डॉलर तक पहुंच गई और मार्च 2025 तक इसका आकार लगभग एक सौ पैंसठ अरब डॉलर हो गया। यह अब भारत की जीडीपी में चार प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है और पिछले चार वर्षों में औसतन अठारह प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक इसे तीन सौ अरब डॉलर तक ले जाया जाए। यह लक्ष्य अब अवास्तविक नहीं लगता क्योंकि बायोटेक स्टार्टअप्स की संख्या ही गवाही दे रही है। जहां 2014 में इनकी संख्या मात्र पचास थी, वहीं 2024 तक यह बढ़कर दस हजार से अधिक और 2025 में ग्यारह हजार तक पहुँच गई। इन स्टार्टअप्स को देश भर में सौ से अधिक इनक्यूबेटर और बीआईआरएसी जैसी संस्थाओं का समर्थन प्राप्त है।

इस सब के सार्थक परिणाम यह है कि भारत अब वैश्विक मानचित्र पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है। विश्व की 121 प्रमुख जैव कंपनियों में से 21 भारत में स्थित हैं। यह उपलब्धि उस देश के लिए विशेष महत्?व रखती है जिसे कभी तकनीकी अनुसरणकर्ता माना जाता था। हैदराबाद का नाम दुनिया के सात सबसे बड़े लाइफ-साइंसेज क्लस्टर्स में शामिल हो चुका है जहां पचपन हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है और दो लाख से अधिक नए रोजगार बने हैं। कर्नाटक राज्य ने अकेले ही तीस अरब डॉलर का बायो-आर्थिक योगदान दिया है और निकट भविष्य में तीस हज़ार अतिरिक्त रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है। असम पहला राज्य है जिसने बायो ई3 पहल को पूरी तरह से अपनाया है और पूर्वोत्तर को जैव प्रौद्योगिकी का नया केंद्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

यहां समझ लीजिए कि बायो ई3 नीति का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं है, यह सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्मार्ट प्रोटीन, टिकाऊ कृषि, कार्बन कैप्चर, समुद्री जैव प्रौद्योगिकी और कोशिका एवं जीन थेरेपी जैसे क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करेंगे बल्कि भारत को आयात पर निर्भरता से भी मुक्त करेंगे। पेट्रोलियम आयात को घटाने के लिए ईथेनॉल मिश्रण का प्रयास इसका उदाहरण है। 2014 में पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण मात्र डेढ़ प्रतिशत था जो 2024 में पंद्रह प्रतिशत तक पहुँच गया। इसके कारण लगभग सत्रह मिलियन टन कच्चे तेल के आयात से बचाव हुआ और करीब एक लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई। इस साल के अंत के बाद जो आंकड़े आएंगे, उम्?मीद है कि यह पंद्रह प्रतिशत से बढ़कर ही आएंगे।

जैव प्रौद्योगिकी का महत्व कोविड-19 महामारी के दौरान और भी स्पष्ट हो गया जब भारत ने रिकॉर्ड समय में वैक्सीन विकसित कर पूरी दुनिया को आपूर्ति की। जिन देशों ने समय पर वैक्सीन प्राप्त की, उनमें भारत की भूमिका निर्णायक रही। इससे यह स्पष्ट हो गया कि जैव प्रौद्योगिकी आज विज्ञान से आगे भू-राजनीतिक शक्ति का भी स्रोत बन चुका है। फिर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। अभी भी वेक्टर और प्लास्मिड जैसे आवश्यक बायोलॉजिकल इनपुट्स का उत्पादन देश में सीमित है। प्रोबायोटिक्स जैसे क्षेत्रों में नियामकीय बाधाएँ उद्यमियों को परेशान करती हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए निजी निवेश और विदेशी सहयोग को और बढ़ाना होगा। कॉन्ट्रैक्ट ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत के सामने बड़ा अवसर है परंतु चीन जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा के लिए लागत और नीति में लचीलापन आवश्यक होगा।

शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को गहरा करना भी अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उसे तभी सार्थक बनाया जा सकता है जब वह उद्योग और समाज तक पहुँचे। स्टार्टअप्स को केवल शुरुआती समर्थन ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश, वैश्विक साझेदारियाँ और मजबूत नैदानिक मान्यता भी चाहिए। सरकार का कार्य बीज बोना है परंतु उद्योग जगत को उसे फलने-फूलने योग्य बनाना होगा।

वर्तमान में भारत की जैव विविधता, उसकी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली और आधुनिक वैज्ञानिक क्षमता मिलकर एक ऐसा परिदृश्य रच रहे हैं जिसमें भारत आत्मनिर्भर होगा ही साथ ही वह वैश्विक नेता भी बनेगा। अफ्रीका और एशिया के विकासशील देशों के लिए भारत टिकाऊ कृषि, सस्ती दवाएं और पर्यावरणीय समाधान उपलब्ध कराएगा। इससे भारत की छवि केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय सहयोग का अग्रणी देश भी बनेगा।

बायोई3 नीति की प्रमुख विशेषताओं में अनुसंधान एवं विकास तथा उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन प्रदान करना शामिल है। इससे जैव-निर्माण एवं प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेज़ी आएगी। कुल मिलाकर, यह नीति नेट ज़ीरो कार्बन अर्थव्यवस्था और सर्कुलर बायोइकोनॉमी को बढ़ावा देकर भारत को त्वरित हरित विकास के पथ पर अग्रसर करेगी।

हमारा वर्तमान युग, जलवायु परिवर्तन शमन, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य जैसे कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के समाधान हेतु जीव विज्ञान के औद्योगीकरण में निवेश करने का एक उपयुक्त समय है। यदि हम अपनी विविधता को जिम्मेदारी से प्रौद्योगिकी और नवाचार में बदल सकें तो जैव प्रौद्योगिकी वास्तव में विकसित भारत की आधारशिला बन सकती है। जैसे 1990 के दशक में सूचना प्रौद्योगिकी ने भारत की वैश्विक छवि को बदला था, वैसे ही आज जैव प्रौद्योगिकी उसी परिवर्तन का नया साधन बनने जा रही है। आने वाले वर्षों में बीटी यानी बायोटेक्नोलॉजी वह शब्द होगा जो भारत की विकासगाथा को परिभाषित करेगा। यह स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और कूटनीति सभी को प्रभावित करेगा। इन सभी तथ्यों के प्रकाश में आप कह सकते हैं कि स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते भारत के लिए यही वह क्षेत्र है जो विकसित भारत के सपने को साकार करने की शक्ति रखता है।

# भिक्षावृत्ति से मुक्ति के लिए केंद्रीय कानून की जरूरत

**सामाजिक सरोकार**

विनोद पाठक



भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश भिखारियों की समस्या से जूझ रहे हैं। आज किसी भी नगर या महानगर के करीब-करीब प्रत्येक चौराहे, भीड़भाड़ वाले बाजारों, मंदिरों या अन्य प्रार्थना स्थलों के बाहर भिखारियों को देख सकते हैं। विडंबना यह है कि भिखारियों को लेकर देश में कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन अब मध्यप्रदेश, मिजोरम ने इस दिशा में पहल की है, लेकिन सख्ती से अमल कराने के लिए केंद्रीय नीति की जरूरत महसूस की जा रही है।

भारत में भीख मांगना कोई नई समस्या नहीं है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 4 लाख भिखारी थे। हालांकि, वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता समेत अधिकांश बड़े शहरों में भीख मांगना धंधा बन चुका है। फिल्म निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर ने वर्ष 2007 में ट्रैफिक सिग्नल नाम की फिल्म बनाई थी। फिल्म भिखारियों के नेटवर्क पर आधारित थी। फिल्म में बखूबी दिखाया गया कि कैसे मुंबई के एक व्यस्त चौराहे के ट्रैफिक सिग्नल पर अलग-अलग तरीकों से भीख मांगी जाती है। दरअसल, भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश भिखारियों की समस्या से जूझ रहे हैं। आज किसी भी नगर या महानगर के करीब-करीब प्रत्येक चौराहे, भीड़भाड़ वाले बाजारों, मंदिरों या अन्य प्रार्थना स्थलों के बाहर भिखारियों को देख सकते हैं। विडंबना यह है कि भिखारियों को लेकर देश में कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन अब मिजोरम ने अब राह दिखाई है।

उत्तर पूर्व के छोटे से राज्य मिजोरम ने अपने यहां भीख मांगने को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। मिजोरम भिक्षावृत्ति निषेध विधेयक 2025 का मकसद केवल भीख मांगने पर रोक लगाना नहीं, बल्कि भिखारियों का पुनर्वास एवं उन्हें स्थाई आजीविका उपलब्ध कराना भी है। इसी तरह कुछ माह पहले मध्य प्रदेश में भी भीख मांगने और देने पर रोक लगाई गई थी, लेकिन अमल पर ढिलाई के चलते यह ज्यादा असरकारक नजर नहीं आई।

भारत में भीख मांगना कोई नई समस्या नहीं है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 4 लाख भिखारी थे। हालांकि, वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता समेत अधिकांश बड़े शहरों में भीख मांगना धंधा बन चुका है। कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक कहा गया है कि बड़े शहरों में एक भिखारी प्रतिदिन 500 से 1500 रुपए तक कमा लेता है। कई शहरों में भीख मांगना एक संगठित उद्योग का रूप ले चुका है। ऐसी भी रिपोर्ट्स आई हैं कि भिखारियों को नियंत्रित करने वाले गिरोह उन्हें क्षेत्र बांटकर देते हैं।

भारत में इस समस्या को लेकर कोई केंद्रीय कानून मौजूद नहीं है। हालांकि, राज्यों ने भिक्षावृत्ति रोकने के लिए अपने-अपने एक्ट बनाए हैं। इनमें सबसे प्रमुख बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, 1959 है, जिस पर कई राज्यों ने अपने कानून आधारित किए हैं, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर भीख मांगना अपराध माना गया है।

दोषी को जुर्माना या जेल की सजा दी जा सकती है। कई बार भिखारी को सुधारगृह भेजा जाता है। केंद्र और राज्य सरकारें भिखारियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कुछ योजनाएं भी चला रही हैं। ऐसे समाचार भी हैं कि सरकार भिखारियों का डाटाबेस तैयार कर रही है, जिससे उन्हें आधार, जन-धन खाता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जा सके। वैसे, देश की अदालतों की भिक्षावृत्ति को लेकर अलग राय है। वर्ष 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना एक फैसला सुनाते हुए कहा था कि भीख मांगना अपराध नहीं है, बल्कि यह गरीबी और बेरोजगारी जैसी गहरी समस्याओं का परिणाम है।

अदालत ने दिल्ली और मुंबई में भीख को अपराध मानने वाले प्रावधानों को असंवैधानिक करार दिया। अदालत का स्पष्ट कहना था कि भिक्षावृत्ति की समस्या का समाधान दंड नहीं, बल्कि पुनर्वास है।

दुनिया के दूसरे देशों में भिक्षावृत्ति पर कानूनों की बात करें तो सबसे ताकतवर राष्ट्र अमेरिका के कुछ राज्यों में आक्रामक भीख मांगना अपराध है। हालांकि, यहां भी अदालतें इसे फ्रीडम ऑफ स्पीच मानती हैं। ब्रिटेन में वेग्रन्सी (आवारागर्दी) एक्ट 1824 अब ढीला कर दिया गया है। जर्मनी और फ्रांस में शांतिपूर्वक भीख मान्य है, लेकिन आक्रामक रूप से ऐसा करना अपराध है।

नॉर्वे और स्वीडन में स्थानीय स्तर पर भीख मांगने पर पाबंदी है। सऊदी अरब, यूएई एवं कतर में यह पूरी तरह गैर कानूनी है। दोषी पाए जाने पर जेल और विदेशी नागरिक होने पर देश से निष्कासन होता है। पड़ोसी देश चीन में भीख मांगने वालों को सुधारगृह भेजा जाता है। जापान में तो सामाजिक सुरक्षा इतनी मजबूत है कि भीख मांगना लगभग न के बराबर है।

न्यूजीलैंड में शांतिपूर्वक भीख वैध है, लेकिन धमकी या जबरदस्ती अपराध है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में 20 लाख से अधिक लोग भिक्षावृत्ति में शामिल हैं। कराची, लाहौर, फ़ैसलाबाद, इस्लामाबाद जैसे बड़े शहरों में भीख एक संगठित कारोबार बन चुका है। वहां प्रोफेशनल भिखारी शब्द आम हो गया है, यानी ऐसे लोग जिनके लिए भीख एक स्थायी पेशा है। विडंबना यह है कि जिन चौराहों, मंदिरों, सड़कों या बाजारों में भिखारी घूम रहे हैं, वहां से सरकार के जिम्मेदार लोग रोजाना गुजरते हैं। वो इस समस्या को देखकर भी अनदेखा करते हैं। हालांकि, मिजोरम की राजधानी आइजोल में मात्र 30 से कुछ अधिक भिखारी हैं, जिनमें से अधिकतर गैर स्थानीय हैं। छोटे राज्य में एक बार को यह ऐसा कानून लागू करना संभव हो सकता है, लेकिन उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में नए सिरे से इस समस्या के निदान को लेकर कुछ हटकर सोचना होगा। भिक्षावृत्ति को लेकर केंद्रीय कानून बनाना और उसे सख्ती से लागू कराना न केवल देशहित में है, बल्कि यह समय की मांग भी है। भिखारियों की बढ़ती संख्या के साथ विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

## प्रसंगवश

# गड़बड़ियों को ठीक करने आयोग दिखाए सक्रियता

कर्नाटक में अलंद निर्वाचन क्षेत्र से मिले तथ्यों से चेतावनी की घंटी बजनी चाहिए। अधिकारियों ने शरारती तत्वों द्वारा दाखिल हजारों फॉर्म-7 आवेदनों का पता लगाया है, जिनमें से ज्यादातर का मकसद सूचियों से वैध मतदाताओं का नाम हटवाना था।




बिहार में निर्वाचक सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने चिंता खड़ी कर दी है, क्योंकि कुछ इलाकों में जनसांख्यिकीय पैटर्न और सांख्यिकीय अनुमानों के विपरीत विलोपन हुए हैं। विपक्ष ने देश भर में सूचियों को लेकर गंभीर मसलों के दावे किये हैं, लेकिन किसी राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाने के लिए कपटपूर्ण जोड़-तोड़ के स्पष्ट सबूत अब भी उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, कर्नाटक में अलंद निर्वाचन क्षेत्र से मिले तथ्यों से चेतावनी की घंटी बजनी चाहिए। अधिकारियों ने शरारती तत्वों द्वारा दाखिल हजारों फॉर्म-7 आवेदनों का पता लगाया है, जिनमें से ज्यादातर का मकसद सूचियों से वैध मतदाताओं का नाम हटवाना था। इस मामले में समय पर हस्तक्षेप स्थानीय राजनीतिक नेताओं की तत्परता से संभव हो सका, न कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की पहल से। आवेदन कपटपूर्ण थे, इसकी पुष्टि करने वाली स्वतंत्र जांच अटक गयी है, क्योंकि आयोग ने उस टेक्निकल रिकॉर्ड तक पहुंच देने से इनकार कर दिया है जिसके बगैर जांच की यह कवायद डाइनामिक आईपी एड्रेसों और डिस्पोजेबल फोन नंबरों की धुंध में गुम हो जाती है। इसके बावजूद, बिहार एसआईआर और अलंद आपस में दो मुद्दों के जरिए जुड़े हुए हैं- सत्यापन योग्य ब्योरों का अभाव और निर्वाचन आयोग का अग्र-सक्रियात्मक के बजाय प्रतिक्रियात्मक रुख।

अलंद में, जांच की नियति अब उस चुनाव निकाय के विवेक पर निर्भर करती हैं जिसकी प्रणालियों की शुचिता से समझौता किया गया। बिहार में, आयोग ने नामों और उन्हें हटाये जाने के कारणों को तब तक एक ऐसे फॉर्म में, जिसका बाह्य सत्यापन हो सके, जारी नहीं किया, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए बाध्य नहीं किया।

आयोग के आधिकारिक दावों के स्वतंत्र परीक्षण को संभव बनाने वाली प्रक्रियाओं का अभाव वह भ्रंशरेखा है जिसने राजनीतिक दलों और आयोग के बीच विश्वास का संकट बढ़ाया है। राजनीतिक दलों के लिए, सूचियों में हर बदलाव चुनावी मैदान में बदलाव लाता है। बिहार में कई सीटें करीबी मुकाबले वाली हैं, ऐसे में अलंद में पिछले चुनाव में 700 से कम वोटों से जीत के अंतर ने राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है, क्योंकि वहां साल 2023 में लगभग 6000 वोटरों का नाम जालसाजी करके हटाने की कोशिश की गयी। जब स्पष्टीकरण आंशिक होते हैं या बड़ी मशक्कत से हासिल होते हैं, तो सहज उपलब्ध डेटा द्वारा हल हो सकने वाले विवाद स्वाभाविक रूप से ऐसे पूर्वाग्रहों में बदल जाने के खतरे का सामना करते हैं, जिनका सत्यापन कठिन होता है। बिहार में न्यायिक हस्तक्षेप केंद्रीय भूमिका में आ चुका है। इसने शिकायतों का निवारण सुगम बनाया है, लेकिन यह भी उजागर किया है कि जब तक अदालती आदेश नहीं आया जरूरी कदम नहीं उठाये गये। खुलासे (डिसक्लोजर्स) हासिल करने के लिए अदालतों पर निर्भरता प्राधिकार के संतुलन को बदलती है और आयोग की प्रक्रियाओं को सवालों के घेरे में लाती है। भले ही प्रत्येक मामले को तकनीकी विफलता या प्रशासनिक चूक से व्याख्यायित कर दिया जाए, लेकिन एक साथ मिलकर वे दिखाते हैं कि कैसे सत्यापन-योग्य साक्ष्यों का अभाव प्रक्रियागत चिंताओं को व्यवस्थागत संदेह में बदल देता है। इन चिंताओं को दूर करने की जिम्मेदारी सीधे-सीधे आयोग पर है। इस लिहाज से, एक और न्यायिक हस्तक्षेप का इंतजार करने के बजाय, आयोग को अलंद से उठे आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए और जांच में मदद करनी चाहिए। उसे फॉर्म-7 का दुरुपयोग रोकने, खासकर प्रॉक्सी के जरिए मतदाता विलोपन को अवरुद्ध करने के लिए भी कदम उठाने चाहिए।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।**
**न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥**

**भावार्थ**

कोई भी काम कड़ी मेहनत के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है सिर्फ सोचने भर से कार्य नहीं होते है, उनके लिए प्रयत्न भी करना पड़ता है। कभी भी सोते हुए शेर के मुंह में हिरण खुद नहीं आ जाता उसे शिकार करना पड़ता है।

**जीवन दर्शन**

# भीतर की क्षमता को पहचानें और औसत से ऊपर उठें

अपने जीवन में जीनियस बहुत कम बन पाते हैं, जबकि अधिकतर औसत दर्जे के ही रह जाते हैं। औसत रहने वाले लोग सोचते हैं कि शायद उनकी आई क्यू लेवल कम है, इसलिए वो औसत हैं, पर ऐसा नहीं है। असल में अधिकतर लोग औसत जीवन इसलिए जीते हैं क्योंकि वे अपने भीतर की क्षमता को पहचान नहीं पाते और उनके जीवन में दूरदर्शिता का अभाव होता है। आचार्य चाणक्य के अनुसार, औसतपन मनुष्य की कमजोरियों का परिणाम है और इसे केवल आत्मविकास के माध्यम से ही पार किया जा सकता है। लोगों का औसत बने रहने का मुख्य कारण आत्मसंयम की कमी, आलस्य और अवसर चूकना है। उच्च लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और आत्मसंयम बनाए रखना, जीवन में असाधारण बनने के लिए आवश्यक हैं। निरंतर ज्ञान प्राप्त करना और अपनी कमजोरियों को पहचानकर सुधारना, व्यक्ति के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में औसत नहीं बने रहना चाहता है, लेकिन हर कोई इस औसत के लेवल से आगे बढ़ भी नहीं पाता। लोग इसका जिम्मेदार अपने दिमाग को और इंटेलीजेंस को मानते हैं, जबकि प्रसिद्ध रणनीतिकार आचार्य चाणक्य का मानना था कि औसतपन कोई नियति नहीं, बल्कि मनुष्य की कमजोरियों का परिणाम है। अधिकतर लोग जीवन में औसत इसलिए रह जाते हैं क्योंकि वे आत्मविकास की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं करते और कुछ विशेष मानसिक बाधाएँ उन्हें आगे बढ़ने से रोकती हैं। जो व्यक्ति अपने भीतर की कमजोरियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का साहस करता है, वही जीवन में ऊँचाई प्राप्त करता है।लोग औसत क्यों रह जाते हैं? प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकरों का मानना है कि अगर कोई व्यक्ति औसत है, तो उसका मूल कारण है आत्मसंयम की कमी। संयम न होने से ऊर्जा व्यर्थ होती है और महान उपलब्धियाँ अधूरी रह जाती हैं। दूसरा मुख्य कारण है - आलस्य और अवसर चूकना। इसके अलावा लक्ष्यहीनता, दृढ़ निश्चय और साहस की कमी भी मुख्य कारण हैं। कई सारे लोग हैं जो कठिनाइयों से डरकर पीछे हट जाते हैं और यह औसतपन का सबसे बड़ा कारण है। ऐसा व्यक्ति सांसारिक सुखों और मोह में उलझकर अपनी ऊँचाइयों तक नहीं पहुँच पाता, जबकि औसत के दर्जे से ऊपर उठने के लिए व्यक्ति में भूख होनी चाहिए। जीवन में क्या प्राप्त करना है, उसका निर्णय करें। लक्ष्य छोटा नहीं, ऊँचा होना चाहिए। साथ ही अनुशासन और आत्मसंयम रखें। आचार्य चाणक्य का कहना था कि बिना अनुशासन वाला मनुष्य अपने शत्रुओं को नहीं, बल्कि खुद को ही हारता है। नींद, भोजन, समय और वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। चाणक्य के अनुसार विद्यार्थी जीवन कभी समाप्त नहीं होना चाहिए। जो निरंतर ज्ञान प्राप्त करता है, वही आगे बढ़ता है। उनका यह भी मानना था कि जीवन में जोखिम उठाना और कठिन परिस्थितियों का सामना करना ही महानता की कुंजी है। क्षणिक सुख के बजाय दीर्घकालिक लाभ और नीति पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा अपने दोषों को पहचानें और सुधारें। रोज़ कुछ नया सीखें, शास्त्रों और अनुभवों से ज्ञान लें। सद्गुणी और ज्ञानी लोगों की संगति करें क्योंकि संगति का प्रभाव गहरा होता है।

**- चंदा कुमारी**

## संक्षिप्त खबरें

### मेट्रो के निरीक्षण के लिए तैयारियां तेज



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सितंबर में होने वाले कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी निरीक्षण से पहले एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंगलवार को एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य सिविल कार्यों का जायजा लेने के लिए सुभाष नगर डिपो पहुंचे। इस दौरान डिपो में एडमिन बिल्डिंग मे कंट्रोल रूम, डिपो मेन गेट सिक्योरिटी एवं टाइम ऑफिस, फायर एनओसी जैसे कामों का जायजा लिया। साथ ही इन्स्पेक्शन-बे लाइन, रिपेयर बे लाइन, विभिन्न सिस्टम रूम, टेस्ट ट्रैक, ऑग्जिलियरी सब-स्टेशन, ट्रैक्शन सब-स्टेशन, प्रमुख सिस्टम के सभी काम तेजी से पूरे करने को कहा। डिपो रोड, रैम्प एरिया, अनलोडिंग-बे, बॉउन्ड्री वॉल, ट्रैनिंग बिल्डिंग, पम्प रूम के बचे हुए सिविल वर्क को भी इसी हफ्ते पूरा करने के निर्देश दिए। सिविल वर्क के साथ अंदर और बाहर सौंदरीयकर्ण के काम भी इसी हफ्ते करने को कहा है।

### श्रमिक परिवारों के खातों में 175 करोड़ अंतरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 सितम्बर को मंत्रालय भोपाल में संबल योजना अंतर्गत, अनुग्रह सहायता के 7953 प्रकरणों में 175 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी उपस्थित रहेंगे। संबल योजना के अंतर्गत प्रारम्भ से अब तक 7 लाख 60 हजार 866 प्रकरणों में 7046 करोड़ रूपये से अधिक के हितलाभ वितरित किये जा चुके है। संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह सहायता के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये और अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिक को प्रसुति सहायता के रूप में 16 हजार, श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा का सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

### सीएम मोहन यादव से मिले सिंगर मीका सिंह

**भोपाल। मुख्यमंत्री** मोहन यादव से गायक मीका सिंह मिले। मीका सिंह रविवार शाम को भोपाल पहुंचे, जहां उन्होंने डीबी सिटी मॉल की चौथी मंजिल पर स्थित स्टूडियो के मंच पर शानदार प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में प्रशंसक मौजूद थे और माहौल बहुत शानदार और जोशीला था। अगले दिन, सोमवार को, मिका सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने के लिए समत्व भवन, मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें शॉल पहनाकर सम्मानित किया और मध्य प्रदेश में उनका स्वागत किया। दोनों के बीच गर्मजोशी से बातचीत हुई। मीका सिंह ने मुख्यमंत्री से राज्य की सांस्कृतिक विरासत और संगीत के प्रति अपने लगाव के बारे में बात की।

### बुंदेली समागम शुरू

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि बुंदेली की संस्कृति और विरासत प्राचीनकाल से समृद्ध रही है। युवाओं को बुंदेली विरासत की जड़ों से जोड़ने में कामयाब होगा बुंदेली समागम। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह सोमवार को रवीन्द्र भवन में तीन दिवसीय बुंदेली समागम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भोपाल में बुंदेली समागम का आयोजन जनसामान्य में काफी लोकप्रिय हुआ है। समागम में युवाओं की बढ़ती भागीदारी प्रसन्नता का विषय है।

# मंत्रियों की शिकायतों पर अब जल्द नहीं हटेंगे अफसर

## पहल: अधिकारियों को हटाने की जगह मंत्रियों के साथ बनाया जाएगा तालमेल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में मंत्रियों की शिकायतों पर अब विभागीय अधिकारियों को जल्द नहीं बदला जाएगा, अलबत्ता उनका मंत्रियों के साथ तालमेल बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसकी पहल मुख्य सचिव द्वारा की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों कई मंत्रियों ने अपने विभाग के प्रमुख अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित दूसरे फोरम तक में शिकायत की थी। इसके अलावा कई विधायकों और भाजपा से जुड़े दूसरे जनप्रतिनिधियों में भी ऐसे अधिकारियों को लेकर अंसतोष होने की बात सामने आई थी। जिस पर पिछले दिनों राज्य सरकार द्वारा कुछ अधिकारियों को बदला भी गया, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मंत्रालय से जुड़े सूत्रों की मानें तो सरकार अधिकारियों के दायित्व बदलने से ज्यादा उनका विभागीय मंत्री के साथ बेहतर तालमेल बनाने का प्रयास करेगी। बताया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रशासनिक गलियारे में एक तरह का नवाचार करने की तैयारी कर रहे है। इसमें मंत्रियों और अधिकारियों के बीच परस्पर सामंजस्य बेहतर बनें और अधिकारियों को विभागीय योजनाओं को जमीन तक मूर्त रुप देने के लिए समय मिल सके। जानकारों का कहना है कि सीएम विभाग प्रमुख अधिकारियों को बार-बार बदलने के पक्ष में नहीं है। उनका मानना है कि हमें अधिकारियों को समय देना होगा,तभी हम उनकी कार्यक्षमता का पता कर पाएंगे और उनसे परिणाम मांग सकेंगे। कई बार मंत्रियों और अधिकारियों के बीच किसी छोटे से मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाती,जिससे उनके बीच दूरियां शुरु हो जाती है,जो शिकायतों तक पहुंचती है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान विभागीय योजनाओं पर पड़ता है। जिसे रोकने के लिए नई पहल प्रारम्भ की जाएगी।



### मंच से लेकर बैठकों तक में उठता है मामला

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में पिछले कुछ सरकारों के कार्यकाल के दौरान सार्वजनिक तौर पर अधिकारियों पर मंत्रियों की बात नहीं सुनने के मामले सामने आते रहे है। संघ से जुड़ी बैठकों और भाजपा संगठन की बैठकों में भी इस तरह के आरोप निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और संगठन पर बैठे पदाधिकारियों द्वारा लगाए जाते रहे हैं। इससे जहां सरकार की किरकिरी हुई है, तो विपक्षी दलों ने भी सरकार और भाजपा को सियासी हमले किए है। जिससे पार्टी और सरकार की छवि प्रभावित हुई है। कहा जा रहा है कि इसे लेकर कई बार शीर्ष नेतृत्व सरकार और संगठन से ऐसी स्थिति से बचने की बात कह चुका है। लेकिन इस पर नियंत्रण नहीं लग पा रहा है।

### एक-दूसरे का पूरक बनाने का प्रयास

मंत्रालय से जुड़े सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री चाहते हैं कि विभागीय मंत्री और उनके अधिकारी एक दूसरे के पूरक बनें। दोनों का लक्ष्य अपनी योजनाओं को पूरी तरह से जमीन पर उतारने का हो। जानकारों का कहना है कि अब सप्ताह में विभागीय मंत्री अपने विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव के साथ कम से कम दो घंटे अकेले में बैठकर विभागीय योजनाओं के बारे में मंत्रणा करेंगे और एक दूसरे के सुझावों का आदर करेंगे। इस बैठक में योजनाओं के साथ-साथ विभाग के दूसरे अधिकारियों और मैदानी अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी रिव्यू किया जाएगा। ऐसी बैठक कैबिनेट की बैठक से एक दिन पहले संभव हो सकती है।


### सेवानिवृत्त इंजीनियरों की वार्षिक पेंशन वृद्धि निरस्त

**विसं भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में अनुशासनहीनता और अनियमितताओं के मामलों में आयुक्त संकेत भोंडवे ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में वर्ष 2022 में उज्जैन नगर पालिक निगम में भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने के मामले में अनियमितताएं सामने आने पर कार्रवाई की गई है। प्राप्त शिकायतों और जांच के आधार पर यह पाया गया कि तत्कालीन अधीक्षण यंत्री जीके कठिल एवं तत्कालीन कार्यपालन यंत्री एल. डी. दोराया द्वारा गंभीर अनियमितताएं की गई थीं। दोष सिद्ध होने के बाद दोनों अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। दोषी पाए गए दोनों अधिकारी वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मध्यप्रदेश राज्य नगरीय यांत्रिकी सेवा नियमों के अंतर्गत उनकी वार्षिक वेतनवृद्धि (पेंशन वृद्धि) को निरस्त कर दिया गया है। आयुक्त संकेत भोंडवे ने स्पष्ट किया है कि विभाग को प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# राज्य सेवा के 16 अफसरों को आईएएस अवार्ड

## प्रमोशन में पति-पत्नी भी शामिल, बीते साल जांच की वजह से अटके अफसरों को भी एंट्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत किए गए हैं। इसके लिए केंद्रीय कार्मिक विभाग ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर किया है। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में राकेश कुमार कुशरे और नंदा भलावे कुशरे पति-पत्नी हैं। वहीं सूची में बीते वर्ष जांच की वजह से पदोन्नति नहीं पाने वाले दो अधिकारियों को भी आईएएस कैडर में एंट्री दी गई है। गौरतलब है कि इन पदों के लिए पिछले दिनों पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की गई थी। पिछले महीने 2023 और 2024 की अलग-अलग विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) बैठकों में इन अधिकारियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई गई। जानकारी के अनुसार, 2023 की डीपीसी में 8 अधिकारियों को आईएएस कैडर में पदोन्नति मिली। इतने ही वर्ष 2024 की डीपीसी में भी अधिकारियों को यह पदोन्नत किया गया है। इस तरह कुल 16 अफसर अब राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पहुंच गए हैं।



### ये अधिकारी बनें आईएएस

वर्ष 2023 बैच के लिए जिन 8 अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है, उनमें नारायण प्रसाद नामदेव, डॉ. कैलाश बुंदेला, नंदा भलावे कुशरे, अनिल कुमार डामोर, सविता झानिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी और जितेन्द्र सिंह चौहान शामिल हैं।

### ये होंगे वर्ष 2024 बैच के आईएएस

डीपीसी में जिन राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आईएएस बनाया गया है। उनमें संतोष कुमार टैगौर, निशा डामर, राकेश कुशरे, शैली कनाश, रोहन सक्सेना, कबिता बाटला, सपना अनुराग जैन और आशीष कुमार पाठक है।

### क्लीन चिट मिलने के बाद हुए पदोन्नत

विभागीय जांच के चलते नारायण प्रसाद नामदेव और डॉ. कैलाश बुंदेला पिछली डीपीसी में पदोन्नत से वंचित रह थे। लेकिन जांच में क्लीनचिट मिलने के उपरांत उन्हें पदोन्नत कर दिया गया है।

### ये अधिकारी रहे वंचित

जानकारी के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के आईएएस बनाने पिछले दिनों बनाई गई सूची में कई 8 ऐसे अधिकारियों के नाम भी शामिल थे, जिन्हें विभागीय जांच और निर्धारित आयु सीमा 56 साल से अधिक होने पर पदोन्नत से वंचित किया गया है। इनमें राज्य प्रशासनिक सेवा के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में विवेक सिंह और पंकज शर्मा का नाम शामिल हैं। इन्हें अधिक आयु होने की वजह से पदोन्नत होने से वंचित रहना पड़ा। इनके अलावा कमल चंद नागर, द्वारका प्रसाद वर्मन, कमलेश पुरी, सरोधन सिंह को भी विभागीय जांच और आयु सीमा अधिक होने की वजह से पदोन्नत होने का मौका नहीं मिल सका है।

### ग्रेड-2 अधिकारी की भर्ती कर रहा ईएसबी, जीएडी तक पहुंची शिकायत

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** कर्मचारी चयन मंडल मप्र (ईएसबी) का विवादों से नाता नहीं छूट रहा है। मंडल पर भर्ती से पहले ही गड़बड़ी के आरोप लग गए हैं। शासन के विभिन्न विभागों के तृतीय श्रेणी के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन अक्टूबर में किया जाना है। भर्ती से पहले आया विज्ञापन विवादों में घिर गया है। इस विज्ञापन को लेकर अधिवक्ता जितिन राठौर ने सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव और ईएसबी कंट्रोलर को आपत्ति दर्ज कराई है। राठौर ने ईएसबी पर नगर निगम भोपाल के सहायक यंत्रियों की अवैधानिक तरीके से भर्ती परीक्षा आयोजित करने का आरोप लगाया है। अपने आपत्ति पत्र में उन्होंने लिखा है कि ईएसबी द्वारा जारी विज्ञापन में तृतीय श्रेणी के पदों का उल्लेख करते हुए नगर निगम भोपाल में सहायक यंत्री (द्वितीय श्रेणी पद) के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। अधिनियम अनुसार ईएसबी सिर्फ तृतीय एवं चर्तुथ श्रेणी के पदों की भर्ती परीक्षा का आयोजन कर सकता है। इस विज्ञापन में अन्य विभागों के तृतीय श्रेणी के पद ही शामिल किये गये हैं, लेकिन नगर निगम भोपाल में ही द्वितीय श्रेणी के पदों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। नगरीय प्रशासन विभाग के जुलाई 2015 मई 2022 एवं दिसम्बर 2022 के राजपत्रों में भी भर्ती नियमों का हवाला दिया गया है। जिसमें द्वितीय श्रेणी के पद लोक सेवा आयोग एवं तृतीय/चतुर्थ श्रेणी के पद ईएसबी से भरे जाने का उल्लेख किया गया है। आवेदकों ने चेतावनी दी है कि ईएसबी द्वारा निगम भोपाल के सहायक यंत्री पद की भर्ती परिक्षा निरस्त नहीं की जाती है तो वे ईएसबी, सामान्य प्रशासन विभाग के खिलाफ कोर्ट जाएंगे।

# 20 आईपीएस के तबादले, धार और अशोकनगर में नए एसपी

## चार डीआईजी को प्रमोशन के 9 माह बाद मिली नई पोस्टिंग

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने सोमवार को 20 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इस सूची में 18 डीआईजी और 2 एसपी स्तर के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। लंबे समय से अटकी हुई डीआईजी स्तर के अधिकारियों की तबादला सूची में 2010 बैच के चार अधिकारी विजय कुमार खत्री, विनीत कुमार जैन, मनोज कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह के नाम शामिल हैं। ये सभी अधिकारी इसी साल 1 जनवरी को प्रमोशन पाकर डीआईजी बने थे और तब से नई पदस्थापना का इंतजार कर रहे थे। ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार धार और अशोकनगर जिलों के एसपी बदले गए हैं। मयंक अवस्थी धार के नए एसपी होंगे, जबकि अशोकनगर के पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी राजीव कुमार मिश्रा को सौंपी गई है। ये दोनों अफसर 2012 बैच के हैं। इसके अलावा मोनिका शुक्ला को भोपाल में एडिशनल सीपी क्राइम एवं मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गई है।

### नई पदस्थापना पाने वाले अधिकारियों की सूची

| नाम | पूर्व पद | नवीन पद |
|---|---|---|
| ललित शाक्यवार | डीआईजी, छतरपुर | डीआईजी पीएचक्यू |
| मुकेश श्रीवास्तव | डीआईजी बालाघाट | डीआईजी मानवाधिकार आयोग |
| सुनील कुमार पांडे | डीआईजी सागर | डीआईजी पीएचक्यू |
| ओमप्रकाश त्रिपाठी | डीआईजी भोपाल ग्रामीण | डीआईजी एसएएफ मध्यक्षेत्र |
| मनोज कुमार सिंह | डीआईजी रतलाम | डीआईजी लोकायुक्त भोपाल |
| मनोज कुमार श्रीवास्तव | एडिशनल सीपी, इंदौर | डीआईजी पीआरटीएस इंदौर |
| मोनिका शुक्ला | डीआईजी रेल, भोपाल | एडिशनल सीपी, भोपाल शहर |
| निमिष अग्रवाल | डीआईजी इंदौर ग्रामीण | डीआईजी रतलाम |
| डी कल्याण चक्रवर्ती | डीआईजी छिंदवाड़ा | डीआईजी पीएचक्यू |
| पंकज श्रीवास्तव | एडिशनल सीपी, भोपाल | डीआईजी पीएचक्यू |
| राजेश कुमार सिंह | डीआईजी पीआरटीएस | एडिशनल सीपी, इंदौर |
| हेमंत चौहान | डीआईजी एससीआरबी | डीआईजी रीवा |
| विजय कुमार खत्री | एसएसपी रेडियो भोपाल | डीआईजी छतरपुर |
| विनीत कुमार जैन | एसपी अशोकनगर | डीआईजी बालाघाट |
| मनोज कुमार सिंह | एसपी धार | डीआईजी इंदौर ग्रामीण |
| राकेश कुमार सिंह | कमांडेंट एसआईएसएफ | डीआईजी छिंदवाड़ा |
| राजेश सिंह | डीआईजी रीवा | डीआईजी भोपाल ग्रामीण |
| शशीन्द्र चौहान | कमांडेंट 32 वीं बटा. उज्जैन | डीआईजी सागर |
| मयंक अवस्थी | एआईजी स्पेशल ब्रांच | एसपी धार |
| राजीव कुमार मिश्रा | एआईजी महिला सुरक्षा | एसपी अशोकनगर |

# चौधरी-जीतू भी संभालेंगे जिलों की जिम्मेदारी

## संगठन को मैदानी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस सक्रिय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र कांग्रेस जमीनी जमावट के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी देने की तैयारी में है। सूत्रों की मानें तो प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी सहित दूसरे बड़े नेताओं को जिलों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जहां उन्हें हर विधानसभा में कांग्रेस को जीत दिलानी होगी। कांग्रेस ने रणनीति को बदला है। संगठन सृजन अभियान के तहत जहां जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं,वहीं अब बड़े नेताओं को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी की जा रही है। बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी जहां प्रदेश संगठन के साथ को मजबूत बनाने के साथ-साथ नेताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए काम करेंगे, तो वहीं उन्हें भी किसी एक जिले को व्यक्तिगत तौर पर गोद लेना होगा। जहां पर वो सक्रिय होंगे और वहां की सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस कैसे मजबूत बने, इसके लिए चौधरी को अपनी भूमिका का निर्वाहन करना होगा। कामोवेश प्रदेश अध्यक्ष जीत पटवारी की भी भूमिका कुछ ऐसी ही होगी। इनके अलावा पार्टी के कई पूर्व सांसद, केन्द्र और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे नेताओं को भी ऐसी ही जिम्मेदारी सौंपी जाएंगी।








### जिलाध्यक्ष बने नेता होंगे दायित्व से मुक्त

संगठन सृजन अभियान के तहत जिन नेताओं को कांग्रेस ने जिलों की कमान सौंपी है, उन्हें जल्द ही मुक्त किया जाएगा। इनमें पूर्व मंत्री और गुना जिले के जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह, प्रियव्रत सिंह से पीसीसी द्वारा सौंपे गए दायित्व वापस होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष रहे प्रियब्रत सिंह, यूथ कांग्रेस का प्रभार संभालने वाले जयवर्धन सिंह के अलावा प्रदेश महामंत्री जनित उईके से एससी विभाग का प्रभार जहां वापस लिया जाएगा,तो वहीं बाल कांग्रेस के प्रभार देख रही प्रतिमा रघुवंशी और निलय डागा से सेवादल की जिम्मेदारी वापस ली जाएगी।

### पचमढ़ी में होगा प्रशिक्षण

इधर कांग्रेस एक बार फिर से अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए पचमंढ़ी में शिविर लगा सकती है। हालांकि अब तक इस पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। लेकिन चर्चा है कि इस महीने की 25 तारीख से 5 अक्टूबर तक कांग्रेस अपने जिलाध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगी। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इनके अलावा दूसरे नेता भी इस प्रशिक्षण शिविर में जिलाध्यक्षों को कांग्रेस का रोडमैप समझाने पचमंढ़ी आ सकते है। इसके अलावा शिविर में कार्यकर्ताओं को बूथ की ताकत, सोशल मीडिया का इस्तेमाल, कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ाव और नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बैठाने को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इन कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन को लेकर भी जरुरी जानकारी दी जाएगी।

# फर्जी मीसाबंदी भी ले रहे हैं पेंशन : विधायक पन्नालाल

**जागरण, गुना।** विधायक पन्नालाल शाक्य ने एक सार्वजनिक मंच से दावा किया है कि फर्जी लोग मीसाबंदी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। दरअसल, विधायक गुना की सांस्कृतिक विरासत को भूलने पर चिंता जाहिर कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने यह उदाहरण दे दिया, उनका उदाहरण मंच पर मौजूद कुछ लोगों को प्रासंगिक भी नजर आया और वे विधायक ओर आश्चर्य चकित होकर ताकते रह गए। विधायक पन्नालाल ने मीसाबंदी फर्जी होने का तर्क उस समय दिया जब वे गुना के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हो रही 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। पन्नालाल शाक्य का कहना था कि इस कार्यक्रम के मंच से प्रतिभागियों ने पंजाब का भांगड़ा और आदिवासी संस्कृति का नृत्य प्रस्तुत किया है, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन दुख इस बात का है कि राजस्थान, बुंदेलखंड, मालवा और चंबल की मिश्रित संस्कृतियों का धनी होने के बावजूद गुना जिले की संस्कृति को प्रमोट नहीं किया गया। अगर मंच से गुना की संस्कृति और धरोहरों का प्रदर्शित किया जाता है तो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने आए बच्चों को शहर के इतिहास और वर्तमान से भी परिचित कराया जा सकता था।

### आगे परिस्थितियां विकट होने वाली हैं

खिलाड़ियों और शहरवासियों से मुखातिब हुए पन्नालाल शाक्य ने कई ऐसी बातों का भी जिक्र किया, जिसका कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने अमेरिका और चीन का हवाला देते हुए 18 से 30 वर्ष आयु के लोगों से आव्हान किया कि वे सेना की ट्रेनिंग अवश्य ले लें। विधायक का तर्क था कि आने वाले दिनों में स्थितियां बहुत विकट होने वाली हैं। इसलिए युवाओं को सेना से संबंधित प्रशिक्षण लेना चाहिए।

**तैयारी** — 72 यूनिट से मांगा ब्यौरा, ज्वाइन न करने वाले आवेदकों को अब नहीं मिलेगा मौका

# 1360 खाली पदों पर वेटिंग लिस्ट से होगी आरक्षकों की भर्ती

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) 2023 में हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में सफल होने के बाद भी ज्वाइन न करने वाले आवेदकों के स्थान पर वेटिंग लिस्ट से भर्ती करेगा। चयन एवं भर्ती शाखा ने इसकी तैयारी कर ली है। यह भी तय कर लिया गया है कि ज्वाइन न करने वाले आवेदकों को अब और मौके नहीं दिए जाएंगे। पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा के तहत चयन एवं भर्ती शाखा ने 6420 आरक्षकों की मेरिट लिस्ट बनाई थी। इसके अलावा कोर्ट के आदेश पर ओबीसी के 13 प्रतिशत पदों की रिजर्व लिस्ट भी बनाई गई थी। इस साल मार्च में जारी रिजल्ट के बाद अब तक केवल 5000 उम्मीदवारों ने ही अपनी ज्वाइनिंग दी और शेष 1420 उम्मीदवारों में से 1360 ने बार-बार रिमाइंडर के बाद भी न तो ज्वाइनिंग दी और न ही किसी तरह का आवेदन पीएचक्यू को भेजा। इसके बाद अब पीएचक्यू ने फैसला लिया है कि इन पदों पर वेटिंग लिस्ट के जरिए नियुक्तियां दी जाएंगी। पीएचक्यू ने अब प्रदेश की सभी 72 पुलिस और एसएएफ इकाईयों से खाली पदों का विवरण मांगा है, जहां इन आरक्षकों को आमद देनी थी।



**रोस्टर के हिसाब से बनेगी वेटिंग लिस्ट**

वेटिंग लिस्ट में आरक्षण के रोस्टर का पालन किया जाएगा। जिस वर्ग के आरक्षक के पद रिक्त होंगे उन्ही वर्गों के आवेदकों को वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति दी जाएगी। इसके अलावा ओबीसी के 13 प्रतिशत रिजर्व पदों के लिए जारी सूची यथावत रहेगी। अगर कोर्ट इन पदों पर नियुक्ति का आदेश देगा तो इस रिजर्व लिस्ट के आवेदकों को भी ज्वाइन करा दिया जाएगा।

### मार्च में परिणाम लेकिन घोटाले की भी गूंज

पुलिस मुख्यालय ने 2023 में कांस्टेबल के 7090 पदों को भरने के लिए मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) के जरिए परीक्षा आयोजित की थी। इस साल मार्च में परीक्षा परिणाम जारी करने के साथ ही ईएसबी ने 6420 आवेदकों की लिस्ट जारी की थी। इसके अलावा ओबीसी के 13 प्रतिशत पदों की एक रिजर्व लिस्ट भी बनाई थी। इस साल मार्च में परिणाम जारी होने के बाद इस परीक्षा में आधार कार्ड के अपडेशन के जरिए फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था। इस मामले में प्रदेश भर में 35 एफआईआर दर्ज कर दो दर्जन आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। घोटाला उजागर होने के बाद पीएचक्यू ने सभी चयनित आवेदकों को उनकी यूनिटों में आधार अपडेट हिस्ट्री अपने दस्तावेजों के साथ जमा कराने को कहा था। इसके बाद लगभग 1360 से अधिक उम्मीदवार न तो ज्वाइन करने आए और न ही उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा भेजे गए रिमाइंडरों का जवाब दिया। इसके बाद पीएचक्यू के आला अफसरों ने इन पदों पर वेटिंग लिस्ट के जरिए भर्ती करने का फैसला ले लिया। वेटिंग लिस्ट से भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करने का दावा पीएचक्यू के अफसरों ने किया है, हालांकि इसके लिए समय सीमा नहीं बताई गई है। इन 1420 में से 60 उम्मीदवार पहले से ही अन्य स्थानों पर कार्यरत हैं, जिन्होनें वर्तमान पद से मुक्त होने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। जानकारी के अनुसार केवल एसएएफ की बटालियनों में ही 1000 से ज्यादा पदों पर चयनित आरक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दी है।

## पृष्ठ एक की खबरों का शेष

**राधाकृष्णन होंगे देश...**

एस. जयशंकर सहित कई बड़े नेताओं ने वोट डाला। सबसे अलग नजारा तब देखने को मिला जब तिहाड़ जेल से बारामूला के सांसद शेख अब्दुल राशिद (इंजीनियर राशिद) मतदान करने संसद पहुंचे। उपराष्ट्रपति का पद राज्यसभा का सभापति होने के कारण बेहद महत्वपूर्ण है। राधाकृष्णन अब सभापति के रूप में सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बढ़ते टकराव को संतुलित करना होगी।

**हेड कांस्टेबल को ...**

देर रात द्वारकापुरी थाने की टीम जांच कर रही थी। मौके पर जोन-4 के डीसीपी आनंद कल्याडगी, एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी अन्नपूर्णा शिवेन्द्र जोशी भी मौजूद थे।

**शिक्षित महिला नहीं कह ...**

संबंध बनाए रखे। ये परिस्थितियां पुष्ट करती हैं कि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से थे और शादी के झूठे वादे से प्रेरित नहीं थे। ऐसे मामलों में वयस्कों को अपनी मर्जी से लिए गए फैसलों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। महिला ने दावा किया था कि आरोपी ने शादी का वादा करके कई बार उसका रेप किया और बाद में दूसरी महिला से शादी कर ली।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत पर टैरिफ लगाना बिल्कुल सही: जेलेंस्की



**कीव, जेएनएन।** भारत और अमेरिका के रिश्ते इस समय बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। रूस से लगातार तेल खरीदने की वजह से अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी का टैरिफ लगाया है। इस तरह अमेरिका ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत पर अमेरिकी टैरिफ का समर्थन किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ट्रंप के टैरिफ का समर्थन करते हुए कहा कि रूस से लगातार डील करते रहे देशों पर टैरिफ लगाने का आइडिया बहुत सही है। आपने पीएम मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग की मीटिंग देखी होगी। क्या भारत पर टैरिफ लगाने की ट्रंप की योजना उल्टी पड़ गई है? इस पर जेलेंस्की ने कहा कि रूस से लगातार तेल खरीद रहे देशों पर टैरिफ लगाने का आइडिया एकदम सही है। दरअसल यूक्रेनी राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया चीन दौरे को लेकर सवाल किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन समिट के लिए चीन गए थे।

### पर्यावरणविदों ने विनाशकारी बताकर रोक की मांग की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय जलवायु और पर्यावर्णीय न्याय मंच ने हरियाणा की महत्वाकांक्षी अरावली चिड़ियाघर सफारी पार्क परियोजना को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री को भेजे गए इस ज्ञापन में परियोजना को अरावली के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र, स्थानीय समुदायों और वन्यजीवों के लिए एक गंभीर खतरा बताया गया है। एनएसीईजे जो जमीनी स्तर के आंदोलनकारियों, पारिस्थिति-कीविदों और कानूनी विशेषज्ञों का एक अभा मंच ने परियोजना के पर्यावरणीय परिणामों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम और नूंह जिलों में फैली 10,000 एकड़ अरावली भूमि पर दुनिया का सबसे बड़ा क्यूरेटेड सफारी पार्क बनाने का प्रस्ताव दिया है। इसका उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देना है। परियोजना की योजना में पशु बाड़ों के अलावा होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, मनोरंजन पार्क, कृत्रिम झीलें और एक सफारी क्लब जैसे बड़े पैमाने पर व्यावसायिक निर्माण शामिल हैं।

### 130 किमी की रफ्तार से बढ़ रहा हवाई में किको तूफान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के हवाई राज्य में शक्तिशाली तूफान के खतरे के बीच प्रशासन ने इमरजेंसी की घोषणा कर दी है। श्रेणी 4 का तूफान 'किको' अब द्वीप समूह के नजदीक आ रहा है। मौसम सेवा ने बताया कि तूफान होनोलूलू से लगभग 1,205 मील पूर्व-दक्षिण-पूर्व में स्थित था। तूफान की हवाओं की रफ्तार 130 मील प्रति घंटे थी और यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की दिशा में 25 मील प्रति घंटे की गति से बढ़ रहा था। तूफान सप्ताह के मध्य तक यह पूर्वी हवाई द्वीप समूह में अपने चरम स्तर पर पहुंच सकता है। हवाई इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने बताया कि किको तूफान मंगलवार और बुधवार को हवाई द्वीप के उत्तर से गुजरने की संभावना है। हालांकि इसके सीधे प्रभाव का खतरा कम होता दिख रहा है, लेकिन नए पूर्वानुमानों पर नजर बनाए रखना जरूरी है। सोमवार को लहरें उठेंगी और सोमवार रात और मंगलवार को पूर्व की ओर स्थित तटों पर चरम पर पहुंच जाएंगी, जिससे खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि बिग आइलैंड पर तट से टकराने से पहले यह तूफान पहले श्रेणी 2 और फिर श्रेणी 1 में कमजोर हो जाएगा।

# नेपाल में नई पीढ़ी की नाराजगी का विस्फोट



**प्रदर्शनकारी क्या कह रहे हैं?**
प्रदर्शन के आयोजकों ने इसे 'जनरेशन-जी का आंदोलन' बताया है। युवाओं का कहना है कि सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाकर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी और आजादी पर सीधा हमला किया है। नारों में गूंज रहा था- 'सोशल मीडिया पर बैन बंद करो, भ्रष्टाचार रोको।' एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'यह नेपाल की नई पीढ़ी का आंदोलन है।' कई छात्र अपने स्कूल और कॉलेज की यूनिफॉर्म में प्रदर्शन में शामिल हुए और संसद परिसर तक जा पहुंचे।

**काठमांडू, जेएनएन।** काठमांडू की सड़कों पर सोमवार को वह नजारा देखने को मिला, जिसने पूरे नेपाल की राजनीति और समाज को हिला दिया। संसद भवन से लेकर राष्ट्रपति निवास तक, और पोखरा से लेकर विराटनगर तक, हजारों की संख्या में युवा सड़कों पर उतरे। यह सिर्फ एक आंदोलन नहीं था, बल्कि नेपाल की नई पीढ़ी की नाराजगी का विस्फोट था। सवाल-जवाब के रूप में समझते हैं कि यह विरोध क्यों भड़का, किस तरह फैला और इसका असर कितना घातक रहा।

## युवा ही क्यों नेतृत्व कर रहे हैं?

नेपाल की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवा है। देश की कुल आबादी का 20.8 फीसदी हिस्सा 16 से 25 साल के बीच है। करीब 90 फीसदी लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप युवाओं की रोजमर्रा का हिस्सा बन चुके हैं। सरकार ने अचानक 26 प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाने से छात्रों, युवा पेशेवरों और छोटे कारोबारियों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई। यही वजह रही कि यह विरोध ऑनलाइन असहमति से सड़कों पर आंदोलन में बदल गया।

### सरकार का पक्ष क्या है?

प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का कहना है कि राष्ट्रीय संप्रभुता और गरिमा किसी की तरह की नाराजगी से ऊपर है। संचार मंत्रालय का कहना है कि सोशल मीडिया कंपनियों को मंत्रालय में पंजीकरण, शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति, अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति और नेपाल में संपर्क कार्यालय खोलने के लिए 7 दिन का समय दिया गया था।

### हिंसा कितनी घातक हुई?

राज्य टीवी के मुताबिक, पुलिस कार्रवाई में 22 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हुए। पुलिस ने आंसू गैस, रबर की गोलियां और लाठियां चलाईं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अंधाधुंध गोलीबारी की। अधिकारियों का कहना है कि बल का इस्तेमाल तभी हुआ जब भीड़ हिंसक हो गई।

### विरोध कैसे फैला?

शुरुआत काठमांडू से हुई, लेकिन जल्द ही यह पोखरा, विराटनगर और भरतपुर तक फैल गया। सोमवार को हजारों युवाओं ने संसद परिसर की बैरिकेडिंग तोड़ दी। एक एम्बुलेंस को आग के हवाले कर दिया गया। दंगा-रोधी पुलिस पर पत्थरबाजी हुई। इसके बाद सरकार ने कर्फ्यू का ऐलान किया।

### आंदोलन की जड़ क्या है?

ताजा वजह थी सरकार का फैसला। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, एक्स, रेडिट सहित 26 प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध। आरोप था कि ये कंपनियां नेपाल में पंजीकरण नहीं करा रहीं और इनका इस्तेमाल घृणा फैलाने, गलत सूचना और धोखाधड़ी के लिए हो रहा है। दिलचस्प है कि टिकटॉक और वाइबर जैसी कुछ कंपनियों ने नियम मान लिए और वे अब भी चालू हैं।

**जम्मू-कश्मीर और पंजाब में बाढ़ ने मचाई तबाही, आपदा को अवसर बनाने की फिराक में पाकिस्तान**

# बाढ़ की आड़ में पाकिस्तानी आंतकी भारत में घुसपैठ की फिराक में, हाई अलर्ट पर बीएसएफ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर और पंजाब में इन दिनों बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इस बाढ़ ने जहां लोगों की जीना मोहाल कर दिया। वहीं पाकिस्तान इस आपदा में भी अपने नापाक मंसूबों से बाज़ आता नहीं दिख रहा है। एक खुफिया रिपोर्ट पाकिस्तान के खतरनाक मंसूबों का पर्दाफाश किया है। सूत्रों के मुताबिक, सीमा पार बैठे आतंकी संगठन इस आपदा को घुसपैठ के अवसर में बदलने की साजिश रच रहे हैं। खुफिया एजेंसी से मिली इस जानकारी के बाद बीएसएफ को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दरअसल बाढ़ के पानी ने सीमा सुरक्षा बल की करीब 100 चौकियों को नुकसान पहुंचाया है। जम्मू रीजन में लगभग 30 किलोमीटर और पंजाब रीजन में करीब 80 किलोमीटर तक बाढ़ का पानी फेंसिंग में घुस गया, कई जगहों पर सुरक्षा घेरे को नुकसान हुआ है। जहां फेंसिंग टूटी है, वहां अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। सुरक्षा बल की कोशिश है कि पाकिस्तान की ओर से किसी भी घुसपैठ की कोशिश को समय रहते नाकाम किया जा सके।

**सर्चलाइट से रखी जा रही नजर**
बाढ़ का फायदा उठाकर पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ की किसी भी साजिश को नाकाम करने के लिए बीएसएफ ने अब दोनों क्षेत्रों में बाड़ और सीमा चौकियों को बहाल करने के लिए अभियान शुरू किया है ताकि जवान फिर से वहां तैनात हो सकें। इन इलाकों में अंतरराष्ट्रीय सीमा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के साथ ड्रोन, बड़ी सर्चलाइट से नजर रखी जा रही है और नावों से गश्त की जा रही है। पानी कम हो रहा है और बीएसएफ कर्मी जल्द ही वहां तैनात हो जाएंगे। केवल निचले इलाकों में ही पानी जमा रहेगा। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि तीन दिनों में हालात सामान्य होने लगेंगे।




**100 चौकियां क्षतिग्रस्त**
मानसून के चलते हो रही बारिश की वजह से भारत-पाकिस्तान सीमा पर 30 किमी बाड़बंदी को भारी नुकसान पहुंचा है। कई जगह पर बाड़ टूट गई है। इस वजह से सीमा सुरक्षा बल को दर्जनों चौकियां खाली करनी पड़ी हैं। अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर सेक्टर में 30 किमी बाड़ेबंदी को नुकसान हुआ है। बीएसएफ पंजाब में 553 किमी की पहरेदारी करती है। बाढ़ से बीएसएफ की करीब 100 चौकियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### पाकिस्तान रेंजर्स ने भी चौकियां खाली कीं

बाढ़ से हालात पाकिस्तान की तरफ भी गंभीर हैं। रावी नदी ने जीरो लाइन के दोनों ओर बाढ़ ला दी है। पाकिस्तान रेंजर्स ने भी अपनी चौकियां खाली कर दी हैं। पाक रेंजर्स को अपनी पोस्ट छोड़कर पीछे हटना पड़ा है। सरहद के उस पार भी पानी ही पानी नजर आ रहा है।

### आउटपोस्ट छोड़ बनाई सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस

सीमा पर बाढ़ की वजह से बीएसएफ जवानों को बॉर्डर आउटपोस्ट (बीओपी) से एक किलोमीटर तक पीछे हटना पड़ गया है। कुछ चौकियों की छतों पर चढ़कर बीएसएफ के जवान देश की सुरक्षा कर रहे हैं लेकिन कुछ बीओपी की तरफ बाढ़ का पानी इतना अधिक भर गया है कि वहां बीओपी की छतों पर भी नहीं ठहरा जा सकता। ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ पोस्ट छोड़कर जवानों को पीछे हटकर एक और डिफेंस लाइन बनानी पड़ी है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के डीआईजी एके विद्यार्थी ने कहा कि गुरदासपुर में हमारी लगभग 30 से 40 चौकियां पानी में डूब गईं। सभी जवानों और उपकरणों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर सेक्टर में लगभग 30 किलोमीटर बॉर्डर फेंसिंग को नुकसान हुआ है।

**भारत-ईयू व्यापार वार्ता तेज**

## कतर सहित कई देशों के साथ समझौते जल्द होंगे पूरे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के व्यापार समझौते को लेकर बातचीत इस सप्ताह तेज होने वाली है। सूत्रों के अनुसार, यूरोपीय संघ (ईयू) की टीम नई दिल्ली पहुंच चुकी है और आज से औपचारिक रूप से वार्ता शुरू हो गई है। इसके साथ ही भारत अन्य द्विपक्षीय साझेदारों के साथ भी बातचीत की नई दौर में प्रवेश करेगा। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त से मुलाकात कर मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही चर्चाओं की समीक्षा करेंगे। वहीं न्यूजीलैंड, चिली और पेरू के साथ व्यापार वार्ता अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। कतर के साथ वार्ता भी जल्द पूरी होने वाली है और दोनों पक्षों द्वारा अगले महीने की शुरुआत में प्रस्तावित एफटीए के लिए विचारार्थ शर्तों पर निर्णय लिए जाने की उम्मीद है। मंत्री गोयल अक्टूबर के पहले सप्ताह में कतर की यात्रा कर सकते हैं।

### पांच वर्षों में हुए कई व्यापार समझौते

भारत ने पिछले पांच वर्षों में कई व्यापार सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें 2021 में लागू भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौता, 2022 में भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता और भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता, 2024 में भारत-यूरोपीय ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता, और 2025 में हस्ताक्षरित भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता शामिल है।

# एसआईआर पर सुनवाई: आधार पहचान का प्रमाण, नागरिकता का नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा- इसे 12वां दस्तावेज माना जाए**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में चल रहे एसआईआर को लेकर दायर याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने साफ कहा कि 'आधार कार्ड पहचान का दस्तावेज है, नागरिकता का नहीं।' साथ ही चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि मतदाता पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के रूप में मान्यता दी जाए। अभी तक एसआईआर प्रक्रिया में 11 दस्तावेज ही स्वीकार्य हैं।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि आधार कार्ड को लेकर यदि कोई शंका है तो चुनाव आयोग जांच कर सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 'कोई भी नहीं चाहता कि अवैध प्रवासी मतदाता सूची में शामिल हों। केवल वास्तविक भारतीय नागरिकों को ही वोट देने का अधिकार होगा।' फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम दर्ज कराने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाएगा।

जस्टिस बागची ने नोटिस देखकर सवाल उठाया कि इसमें सिर्फ 11 दस्तावेजों का ही उल्लेख क्यों है, जबकि कोर्ट ने इसे एक 'उदाहरणात्मक सूची' कहा था। उन्होंने टिप्पणी की कि 'पासपोर्ट और जन्म प्रमाणपत्र को छोड़कर कोई भी दस्तावेज नागरिकता का निर्णायक सबूत नहीं है।' सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि 10 जुलाई को कोर्ट ने आयोग को आधार को मान्य दस्तावेज मानने का आदेश दिया था, लेकिन अभी भी 65 लाख से अधिक मतदाताओं के लिए आधार स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

**याचिकाकर्ताओं की दलील**
याचिकाकर्ताओं ने अदालत में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर मतदाताओं के नाम मनमाने तरीके से हटाए जा रहे हैं। इस तरह लाखों नागरिक अपने मतदान अधिकार से वंचित हो सकते हैं। उनका तर्क था कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की मूल भावना को प्रभावित करेगा। इसके जवाब में चुनाव आयोग ने कहा कि 'सूची से फर्जी नाम हटाना और केवल पात्र नागरिकों को शामिल करना उसकी जिम्मेदारी है।

**पति संग मीटिंग में पहुंचीं सीएम, विवाद**

## आप-कांग्रेस बोले-दिल्ली में 'फुलेरा पंचायत' की सरकार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अपने पति मनीष गुप्ता के साथ पहुंचीं। खुद सीएम रेखा गुप्ता ने इस मीटिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं, जिनमें उनके पति अधिकारियों के साथ बैठे नजर आए। मनीष गुप्ता एक कारोबारी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। इस घटना ने राजधानी की राजनीति में हलचल मचा दी है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पर परिवारवाद और असंवैधानिक व्यवहार के आरोप लगाए हैं। आप ने एक्स पर सीएम की तस्वीर के साथ पंचायत वेब सीरीज का एक सीन पोस्ट किया और लिखा— दिल्ली में फुलेरा पंचायत की सरकार। आप नेता संजय सिंह ने कहा-प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में दो मुख्यमंत्री बनाए हैं। रेखा गुप्ता आधिकारिक मुख्यमंत्री हैं, जबकि उनके पति सुपर मुख्यमंत्री। भाजपा ने महज छह महीने में दिल्ली का कबाड़ा कर दिया है।

## पूर्व विधायक ने तेजस्वी की पत्नी पर की अश्लील टिप्पणी



**पटना, जेएनएन।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सियासी बयानबाजी में नेता लगातार भाषाई मर्यादा लांघ रहे हैं और अब पूर्व विधायक और आरजेडी नेता राजबल्लभ यादव तेजस्वी यादव की पत्नी को लेकर ही विवादित बयान दिया। उन्होंने तेजस्वी यादव की पत्नी की तुलना जर्सी गाय से कर डाली। राजबल्लभ यादव आरजेडी की ही एक विधायक के पति भी हैं, जिसको लेकर विवाद बढ़ गया है। राजबल्लभ यादव ने नारदीगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विवादित बयान दिया था। उन्होंने तेजस्वी की शादी को लेकर सवाल उठाते हुए उनकी पत्नी की तुलना 'जर्सी गाय' से कर डाली थी। उनके इस बयान ने न सिर्फ नवादा बल्कि पूरे बिहार में राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया है। राजद के नेताओं ने इसे नारी समाज का अपमान बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। और राजबल्लभ यादव को फिर से जेल भेजने की मांग की है।

**तेजस्वी पर बोला बड़ा हमला :** राजबल्लभ यादव ने अपनी सभा में कहा कि तेजस्वी यादव हमेशा जाति की बात करते हैं, लेकिन उन्होंने खुद एक यादव लड़की से शादी नहीं की। अगर वह ऐसा करते तो यादव समाज की एक बेटी का भला होता। पूर्व आरजेडी विधायक ने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव हरियाणा-पंजाब से 'जर्सी गाय' लेकर आए हैं। राजबल्लभ यादव के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। राजबल्लभ यादव ने कहा था कि तेजस्वी यादव सिर्फ यादव वोट के लिए जाति की बात करते हैं। उन्होंने तेजस्वी की पत्नी राजश्री के हरियाणा से होने का जिक्र करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसके साथ ही राजबल्लभ ने तेज प्रताप यादव के तलाक का भी जिक्र किया। तेज प्रताप का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि एक ने किया भी तो भगा दिया।

**आरजेडी नेता ने की बयान की निंदा :** आरजेडी के पूर्व विधायक कौशल यादव ने विभा देवी के पति और पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लभ यादव के विवादित बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। कौशल यादव ने कहा कि राजबल्लभ यादव द्वारा लालू परिवार को लेकर दिया गया आपत्तिजनक बयान किसी भी उचित नही है। राजबल्लभ यादव ने तेजस्वी यादव की पत्नी पर अनुचित टिप्पणी की है।

### पार्षद अनवर कादरी की रिमांड 12 तक बढ़ी

**जागरण, इंदौर।** पार्षद अनवर कादरी को सोमवार को इंदौर की बाणगंगा पुलिस ने रिमांड खत्म होने के बाद दूसरी बार कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने पुलिस की मांग पर कादरी का रिमांड 12 सितंबर तक बढ़ा दिया है। पुलिस का कहना है कि अनवर से अब तक कई अहम दस्तावेज और अकाउंट की डिटेल्स नहीं मिली है, जिन्हें लेकर आगे पूछताछ की जाएगी। पुलिस रविवार को अनवर कादरी को नागपुर से इंदौर लेकर लौटी थी, लेकिन वहां से कोई खास जानकारी हाथ नहीं लगी। वहीं पुलिस ने अनवर की बेटी आयशा को रिमांड खत्म होने के बाद जेल भेज दिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने अनवर और आयशा का आमना-सामना भी कराया, लेकिन कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई। इससे पहले कोर्ट ने अनवर को 5 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा था।

## दिलवाले दुल्हनिया... की छुटकी का सोनाक्षी से है खास रिश्ता?

**मुंबई, जेएनएन।** दिल वाले दुलहनिया की छुटकी पूजा रूपारेल दिलवाले दुलहनिया से पहले भी एक फिल्म में शाहरुख खान के साथ काम कर चुकी थीं। मूवी में उनका छुटकी का रोल सबको काफी पसंद आया। कम लोग जानते हैं कि वह शत्रुघ्न सिन्हा की रिश्तेदार हैं। दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे, हिंदी सिनेमा की ऐसा कल्ट फिल्म है जिसे कई लोग शाहरुख खान की बेस्ट मूवी मानते हैं। इस फिल्म के गाने, डायलॉग्स यहां तक कि सपोर्टिंग एक्टर्स ने भी लोगों को दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। मूवी में काजोल की बहन बनीं पूजा रूपारेल ने छुटकी उर्फ मिस राजेश्वरी का रोल निभाया था। पूजा रूपारेल ने जब दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे में छुटकी का रोल निभाया, उस वक्त उनकी उम्र महज 13 साल थी। फिल्म में वह काजोल की बहन बनी हैं जिसे उनके होने वाले जीजाजी कुलजीत पसंद नहीं आते। फिल्म में पूजा रूपारेल का किरदार छोटा था लेकिन सबको पसंद आया। इंट्रेस्टिंग बात ये है कि पूजा ने पहली बॉलीवुड फिल्म की थी उसमें भी उनके साथ शाहरुख खान थे। यह मूवी थी किंग अंकल। दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे कि बाद पूजा ने दिल से फिल्म में काम किया। इसमें भी शाहरुख खान थे। इसके बाद पूजा को इंडस्ट्री में कुछ खास काम नहीं मिला।



**अध्ययन** डीएनए की रक्षा करने वाले टेलोमियर्स को बचाता है विटामिन

# सनशाइन विटामिन रोक सकता है बुढ़ापा



### विटामिन डी और टेलोमियर्स क्या है कनेक्शन?



विटामिन डी को सनशाइन विटामिन भी कहते हैं, हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। यह हड्डियों को मजबूत करता है। इम्यून सिस्टम को ताकत देता है। लेकिन नई स्टडी कहती है कि यह बुढ़ापे को भी धीमा कर सकता है। हमारे शरीर में 46 क्रोमोसोम्स होते हैं, जिनके सिरों पर टेलोमियर्स नाम की छोटी संरचनाएं होती हैं। ये टेलोमियर्स डीएनए को नुकसान से बचाते हैं, जैसे जूते के फीते की टोपी फीते को खराब होने से रोकती है। हर बार जब हमारी कोशिकाएं विभाजन करती हैं, टेलोमियर्स थोड़े छोटे हो जाते हैं। जब ये बहुत छोटे हो जाते हैं, तो कोशिकाएं मरने लगती हैं, जिससे कैंसर, दिल की बीमारी और गठिया जैसी उम्र से जुड़ी बीमारियां बढ़ सकती हैं। धूम्रपान, तनाव और सूजन टेलोमियर्स को और तेजी से छोटा करते हैं। लेकिन विटामिन डी इन टेलोमियर्स को बचाने में मदद करता है, जिससे कोशिकाएं लंबे समय तक स्वस्थ रहती हैं।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्टडी में पता चला है कि विटामिन डी की गोलियां हमें लंबे समय तक स्वस्थ और जवान रख सकती हैं। यह हमारे डीएनए की रक्षा करने वाले टेलोमियर्स को बचाता है, जो बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मदद करते हैं। विटामिन डी की यह स्टडी हमें बुढ़ापे को समझने की नई दिशा देती है। यह टेलोमियर्स को बचाकर हमें लंबे समय तक स्वस्थ रख सकता है। लेकिन अभी और रिसर्च की जरूरत है ताकि सही खुराक और इसके जोखिमों को समझा जा सके। तब तक, अच्छा खान-पान, व्यायाम और तनावमुक्त जीवन ही हमें जवान और स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा तरीका है।

ऑगस्टा यूनिवर्सिटी, अमेरिका की एक स्टडी में 1031 लोगों को शामिल किया गया, जिनकी औसत उम्र 65 साल थी। इन लोगों को पांच साल तक देखा गया। आधे लोगों को रोज 2000 आईयू विटामिन डी की गोली दी गई। बाकी आधों को प्लेसिबो। शोधकर्ताओं ने उनके टेलोमियर्स को शुरू में, दो साल बाद और चार साल बाद मापा। नतीजे चौंकाने वाले थे। जिन लोगों ने विटामिन डी लिया, उनके टेलोमियर्स 140 बेस पेयर्स ज्यादा बचे रहे, जबकि प्लेसिबो ग्रुप में ऐसा नहीं हुआ। सामान्य तौर पर, टेलोमियर्स 10 साल में 460 बेस पेयर्स छोटे होते हैं। इसका मतलब है कि विटामिन डी बुढ़ापे को धीमा करने में सचमुच मदद कर सकता है।

**स्टडी में क्या पता चला?**
कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि बहुत लंबे टेलोमियर्स भी बीमारी का खतरा बढ़ा सकते हैं, जैसे कुछ तरह के कैंसर। इसका मतलब है कि टेलोमियर्स की लंबाई का एक सही संतुलन होना चाहिए, जिसे हम अभी पूरी तरह नहीं समझते। इसके अलावा, विटामिन डी की सही खुराक पर भी सहमति नहीं है। इस स्टडी में 2000आईयू रोज दी गई, जो सामान्य सलाह (600आईयू 70 साल से कम उम्र वालों के लिए और 800आईयू बुजुर्गों के लिए) से ज्यादा है। खुराक हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकती है, जैसे उनकी मौजूदा विटामिन डी की मात्रा, खान-पान और अन्य पोषक तत्वों पर निर्भर करता है। ज्यादा मात्रा में विटामिन डी लेना खतरनाक भी हो सकता है, जैसे किडनी में पथरी या कैल्शियम का जमाव। इसलिए, बिना डॉक्टर की सलाह के ज्यादा खुराक नहीं लेनी चाहिए।

# सीएम राइज विद्यालय में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सागर लोकायुक्त की कार्यवाही

## वेतन भुगतान के एवज में 1 लाख की रिश्वत लेते दो कर्मचारी गिरफ्तार



**जागरण, पलेरा।** समूचे जिले में रिश्वतखोर अधिकारियों-कर्मचारियों पर लोकायुक्त के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके रिश्वत लेने के मामलों में कमी नहीं आ रही है। लोकायुक्त के पास भ्रष्टाचार से जुड़ी औसतन 12 से 15 शिकायतें हर माह पहुंच रहीं हैं। इसमें रिश्वत मांगने, आय से अधिक संपत्ति सहित शासकीय कर्मियों द्वारा की जा रहीं अन्य आर्थिक अनियमितताओं संबंधी हैं। इसी तारतम्य में बीते मंगलवार को पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त श्री योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश पर सागर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही में पलेरा नगर के सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय मे एक लाख की रिश्वत समेत दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। लोकायुक्त पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल कुमार खरे पिता श्यामा चरण खरे उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम ग्राम आलमपुर तहः पलेरा सहायक शिक्षक माध्यमिक विद्यालय बेला तहसील पलेरा मे पदस्थ हैं। आवेदक को उनकी शाला का प्रभार नहीं लेने के आरोप में जनवरी 2023 में निलंबित किया गया था एवं जुलाई 2023 को बहाल किया गया था। आवेदक के निलंबन अवधि के शेष वेतन का भुगतान उसके खाते में करवाने के एवज में अनावेदक कैलाश खरे सहायक शिक्षक सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय पलेरा एवं शंकर लाल कटारे भत्य माध्यमिक विद्यालय टोरिया द्वारा 5 लाख रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। आवेदक अनिल कुमार खरे द्वारा इस संबंध में लोकायुक्त सागर में शिकायत करने के पश्चात आवेदक के आवेदन पत्र के सत्यापन हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निरीक्षक रंजीत सिंह को आदेशित किया गया। सत्यापन के दौरान आरोपीगण ने आवेदक से 2 लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई एवं मंगलवार तक 01 लाख रुपए लेने को सहमत हो गए। जिन्हें बीते मंगलवार को एक लाख रुपए रिश्वत राशि ग्रहण करते रंगे हाथों ट्रेप किया गया। जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। लोकायुक्त सागर टीम की इस कार्यवाही में ट्रैपकर्ता अधिकारी निरीक्षक रंजीत सिंह,निरीक्षक कमल सिंह उईके, एवं ट्रैप दल मौके पर मौजूद रहा।

# अमृत हरित महाअभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**टीकमगढ़।** नगर में हरियाली और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत मंगलवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक और मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुरानी टेहरी और इमला बाबा मंदिर प्रांगण में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, नगरपालिका अधिकारी, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पौधारोपण के दौरान पार्षद अरविंद रजक, श्रीमती पूनम रजनी जैसवाल, पार्षद प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुशवाहा, गोविंद प्रजापति, नगर पालिका से सिटी मिशन मैनेजर गिरीश सोनी, सामुदायिक संगठक श्रीमती दीपिका शर्मा और सुश्री आयुषी सोनी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यालय की ओर से प्राचार्य और शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

**इनका कहना है :** पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित वातावरण देने के लिए नगर पालिका टीकमगढ़ अधिक से अधिक पौधे लगाएगी, ओर परिषद समय-समय पर ऐसे अभियान चलाती रहेगी।

**अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक, नपा अध्यक्ष**

नहर पालिका के साथ साथ आमजन से भी भागीदारी की अपेक्षा

अमृत हरित महाअभियान का उद्देश्य टीकमगढ़ को हराभरा बनाना है। पौधे सिर्फ लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। नगर पालिका की पूरी टीम इस दिशा में सतत प्रयासरत है और आमजन से भी इसमें भागीदारी की अपेक्षा है।

**ओमपाल सिंह भदोरिया, सीएमओ टीकमगढ़**

## ईव्हीएम गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण 16 सितम्बर को

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा कलेक्टेªट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आगामी 16 सितम्बर को अपरान्ह 4 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# कलेक्टर ने श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

## ग्राम मनौर में गरीब आदिवासी परिवार की अवैध तरीके से जमीन क्रय का मामला

## 15 सितम्बर को कलेक्टर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा ग्राम मनौर में गरीब आदिवासी परिवार की अवैध रूप से जमीन कब्जाने के प्रकरण में टिकुरिया मोहल्ला पन्ना निवासी श्रीकांत दीक्षित पिता स्व. भास्कर दीक्षित एवं इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना निवासी अनुपम त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 15 सितम्बर को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए सुबह 11 बजे कलेक्टर न्यायालय में समक्ष में उपस्थित होने के लिए आहूत किया है अन्यथा मामले की सुनवाई और निपटारा के संबंध में आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर ने तहसीलदार पन्ना को नोटिस की प्रतियां अनावेदकों को व्यक्तिशः तामील कराने तथा तामीली न होने पर संबंधितजन के निवास स्थल पर चस्पा कराने के निर्देश भी दिए हैं। इस संबंध में एक आवेदिका द्वारा 13 जनवरी 2022 को शिकायत प्रस्तुत कर बताया गया था कि मेरे पिता की मृत्यु हो गई है तथा जीवित माता नेत्रहीन हैं। अपने माता-पिता की हम केवल दो संतानें पुत्रियां हैं। ग्राम जैतूपुर तहसील अमानगंज निवासी एक फर्जी व्यक्ति द्वारा अपने एवं हमारे पिता के मिलते जुलते नाम का फायदा उठाया गया है और हमारा भाई एवं माता-पिता का एक मात्र फर्जी पुत्र बनाकर फर्जी तरीके से हमारी जमीन अनुपम त्रिपाठी एवं श्रीकांत दीक्षित द्वारा क्रय की गई। इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना से जांच कराई गई। एसडीएम द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में लेख किया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र और संलग्न दस्तावेज शपथ पत्र में उल्लेख है कि उनके पिता की ग्राम मनौर स्थित भूमि खसरा नंबर 148/4 रकवा 2.000 हे. को अनुपम एवं श्रीकांत ने जैतुपुरा के एक फर्जी व्यक्ति राजाराम को आवेदिकाओं का भाई और उनके माता पिता का फर्जी पुत्र बनाकर जमीन अवैध तरीके से क्रय की गई, जबकि दोनों बहनों के संलग्न शपथ पत्र में लेख है कि हमारा कोई भाई नहीं है। आवेदिकाओ के निकट संबंधी एवं दो साक्षियों के प्रस्तुत शपथ पत्र में भी इस बात का उल्लेख है कि दिवंगत पिता की केवल दो पुत्रियां है एवं कोई भाई नहीं है। उक्त खसरा नंबर की भूमि को कुछ लोगों ने धोखाधड़ी करने ट्रांसफर करवा ली है। इनमें राजाराम सौंर सहित श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी शामिल हैं। शपथ पत्रों में यह भी लेख है कि श्रीकांत दीक्षित एवं रामलखन त्रिपाठी ने इस फर्जी कार्य के लिए राजाराम को 35 हजार रूपए दिए थे। इस प्रकरण में ग्राम मनौर की नामांतरण पंजी प्रविष्टि क्रमांक 10 पर तहसीलदार पन्ना द्वारा पारित आदेश की प्रति के संबंध में मूल नामांतरण पंजी से मिलान की कार्यवाही की गई। इस दौरान पाया गया कि यह प्रविष्टि हल्का पटवारी द्वारा खसरा नंबर के खातेदार की 15 वर्ष पूर्व मृत्यु और उनकी पत्नी 10 वर्ष पूर्व फौत होना लेखकर उनके फर्जी पुत्र के पक्ष में नामांतरण किए जाने के संबंध में दर्ज की गई थी। तहसीलदार पन्ना द्वारा मृतक के स्थान पर बारिश के नाम नामांतरण स्वीकृत किया गया। मूल नामांतरण पंजी के साथ उद्घोषणा पत्र चस्पा है, किंतु तामीली, मुनादी या प्रकाशन कराने संबंधी कोई रिपोर्ट इसमें अंकित नहीं है। 9 नवम्बर 2020 की नकल अनुसार पंजीकृत विक्रय पत्र 05.09.2020 के आधार पर श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी के पक्ष में स्वीकृत किया गया है। इस मामले में दस्तावेजों के अवलोकन उपरांत पाया गया कि प्रश्नाधीन भूमि जगोला पिता बल्दुआ गौड़ निवासी मनौर के नाम दर्ज रही है, जबकि जैतुपुरा निवासी राजाराम आदिवासी गौड़ नहीं बल्कि सौंर जनजाति के हैं। अनावेदकों द्वारा फर्जी तरीके से जमीन क्रय करने के बाद प्रभावित परिवार को भूमि पर फसल बोने से मना करने पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को इसकी शिकायत की गई थी। दोनो बहनों द्वारा क्रेता अनुपम त्रिपाठी और श्रीकांत दीक्षित से कई बार संपर्क साधा गया, लेकिन अनावेदकों ने जातिगत अपमान करते हुए गाली गलौच कर भगा दिया। ससुराल में भरण पोषण के लिए पर्याप्त भूमि नहीं होने पर उक्त भूमि वापस दिलाने तथा फर्जीबाड़ा करने वाले क्रेताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की गई। इस संबंध में प्रश्नाधीन सर्वे नंबर की भूमि के राजाराम सौंर के पक्ष में किए गए नामांतरण आदेश को म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत पुनरीक्षण में लिया जाकर तहसीलदार पन्ना का 28 जुलाई 2018 का आदेश निरस्त कर मूल भूमि स्वामी जगोला गौड़ पिता बल्दुआ के वैध वारिसों के नाम पुनः दर्ज करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मुद्दा गरमाया, कांग्रेस ने पन्ना कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## एक ही मकान पर दर्ज दर्जनों मतदाता, मृतकों के नाम सूची में बने रहने और फर्जी वोटर्स को लेकर जताई आपत्ति



**जागरण, पन्ना।** देश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची को उजागर करने की कमान संभाली है। इसी क्रम में पन्ना जिले में भी वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए। आगामी चुनावों की तैयारियों के बीच मतदाता सूची में सामने आई गड़बड़ियों ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना ने इस मामले को गंभीर बताते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पुलिस ने गेट पर ही उन्हें रोक लिया, जिसके बाद खासी झूमाझपटी हुई और कांग्रेसजन परिसर में प्रवेश कर सके। इस दौरान सैंकडों कार्यकर्ता बाहर ही रह गए। ज्ञापन में मतदाता सूची में व्यापक पैमाने पर हो रही विसंगतियों को चिन्हित कर तत्काल शुद्धिकरण की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि नगर पालिका चुनाव में जारी हुई मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। इस सूची ने मतदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है और यदि इसे समय रहते ठीक नहीं किया गया, तो आगामी चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी। कांग्रेस ने ज्ञापन में आठ प्रमुख बिंदुओं के माध्यम से गड़बड़ियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। जिसमें बताया गया कि एक ही मकान पर 10 से अधिक मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए हैं, जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। मृत व्यक्तियों के नाम अब भी मतदाता सूची में शामिल हैं, जिन्हें हटाया नहीं गया। ऐसे मतदाताओं के नाम सूची में हैं, जिन्होंने दूसरी विधानसभा क्षेत्रों में नाम स्थानांतरित करा लिया है। कई मतदाताओं का नाम एक से अधिक जगह दर्ज है, जिससे फर्जी वोटिंग की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे नाम भी सूची में बने हुए हैं, जिनका सत्यापन अब तक आधार के माध्यम से नहीं हो सका है। कांग्रेस ने इस स्थिति को चुनावी पारदर्शिता के लिए खतरा बताते हुए कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किए गए, तो विपक्ष इसे वोट चोरी की साजिश मानने पर मजबूर होगा। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री राजा पटैरिया, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कविता सिंह, पन्ना प्रभारी भूपेन्द्र राहुल, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे,पूर्व कॉग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईयाराजा,पूर्व कॉग्रेस अध्यक्ष भास्कर देव बुंदेला, राघवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्नाराजा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मिश्रा, राजेश तिवारी, मुरारीलाल थापक, जीवनलाल सिद्धार्थ, पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, गिरधारी लोधी, आनंद शुक्ला, राकेश गर्ग, मार्तण्डदेव बुंदेला, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, बबलू गौतम, सालिगराम गौतम, माखन पटेल, भभूत सिंह, दादूराम मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, भानू प्रताप सिंह, सौरभ दुबे, नन्नाई लोधी, संतोष मिश्रा संतु, शंकर दुबे, राजबहादुर पटेल, राम बहादुर द्विवेदी, कदीर खान, जीतेन्द्र जाटव, वैभव थापक, अब्दुल नसीम हक, हसीब खान रिंकू, हिम्मत बागरी, वसुंदरा राजे, जीरा बाई पटेल, शिवप्रकाश दीक्षित, केसरी अहिरवार, सनी बुंदेला, चैन सिंह राठौर, वासुदेव बुंदेला, धीरेन्द्र सिंह, जगदेव सिंह, जगदीश यादव, सौरभ पटैरिया, अक्षय जैन, रियासत खान, राजा बाबू पटेल, शशिकांत दीक्षित, अमित शर्मा, सत्यजीत सिंह, रवि यादव, श्रवण तिवारी, विक्रम सिंह, राजाजी बुंदेला, लखन लोधी, गुमान सिंह यादव, अजय पाल लोधी, रामदास जाटव, सत्यम उपाध्याय, चन्द्रप्रकाश पाठक, उमाशंकर तिवारी, जन्मजय अरजरिया, संदीप दुबे सहित जिले भर से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राहुल गांधी की राह पर पन्ना कांग्रेस ने ज्ञापन में राष्टीय स्तर पर पार्टी की चिंता को भी जोड़ा। इसमें उल्लेख किया गया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी मतदाता सूचियों में हो रही गड़बड़ियों और वोट चोरी का मुद्दा संसद से लेकर सड़कों तक उठाया है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि यदि मतदाता सूची ही संदिग्ध होगी तो चुनाव की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी जिलों में मतदाता सूची की समीक्षा कर रहे हैं और जहाँ भी अनियमितताएँ सामने आ रही हैं, वहाँ चुनाव आयोग से सुधार की मांग की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पन्ना में भी स्थिति चिंताजनक है। यहाँ न केवल मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने हुए हैं, बल्कि एक ही नाम अलग-अलग स्थानों पर दर्ज हैं। यह साफ तौर पर वोटों में गड़बड़ी करने का प्रयास है।

**फर्जी वोटर लिस्ट भी सौंपी :** ज्ञापन के साथ जिला कांग्रेस कमेटी ने फर्जी वोटर लिस्ट की छायाप्रति भी सौंपी और निर्वाचन अधिकारी से मांग की कि इस पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। शहर के वार्ड क्रमांक 6 की वोटर लिस्ट को सौंप कर बताया गया कि इसमें भाजपा नेता के मकान नम्बर पर ही दर्जन भर मुस्लिम मतदाताओं को जोड़ा गया है, एक ही घर में अलग-अलग धर्मो के लोगों का होना फर्जीवाड़े को प्रर्दशित करता है। ज्ञापन सौंपने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो वे आंदोलन करने पर भी मजबूर होंगे।

# आबकारी द्वारा दो अलग-अलग व्यक्तियों से 124 लीटर अवैध शराब जब्त कर किया गिरफ्तार




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में जिला उड़नदस्ता का गठन किया गया है। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सुनवानी और सिमरिया में दो व्यक्तियों द्वारा अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि करने के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई, और उनके मार्गदर्शन में टीम बनाकर सुबह अचानक दबिश दी गई। ग्राम सुनवानी में पुलिस थाने से भी आवश्यक बल हेतु सहयोग लिया गया। जिसमें थाना प्रभारी सरिता तिवारी, प्रधान आरक्षक ब्रजेश,आरक्षक दयाराम कुर्मी के साथ आबकारी दल ने आरोपी कमलेश विश्वकर्मा पिता प्रदीप विश्वकर्मा, उम्र 21 वर्ष निवासी सुनवानी के रिहायशी मकान जिसमें टेंट हाउस भी खुला है, दबिश देकर विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 367 पाव देशी शराब प्लेन (66.06 बल्क लीटर) अनुमानित कीमत 27525 रुपए जप्त की गई। आरोपी के पास उक्त शराब से संबंधित कोई वैध लायसेंस या परमिट नहीं मिला। आरोपी कमलेश को मौके से गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसके पश्चात दूसरी सूचना पर कार्रवाई के लिए आरोपी सुरेंद्र गुप्ता पिता मोहनलाल गुप्ता, उम्र 55 वर्ष, निवासी सिमरिया की चाय नाश्ते की दुकान पर दबिश देकर विधिवत तलाशी ली गई। आरोपी सुरेश गुप्ता के कब्जे से 322 पाव देशी शराब प्लेन (57.96 बल्क लीटर) अनुमानित कीमत 24150 रुपए लगभग जप्त की गई। आरोपी ने बताया कि उक्त शराब के संबंध में उसके पास कोई वैध लायसेंस या परमिट नहीं है। अतः आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34 ( 2) के अपराध में गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु पवई न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें पवई उपजेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक सुश्री स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, रवि प्रकाश मिश्रा, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, सुरेंद्र बुंदेला आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पोषण आहार सप्ताह मनाया गया

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पोषण आहार सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य एस.डी.चतुर्वेदी के संरक्षण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में संतुलित आहार और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को पोषण आहार एवं संतुलित भोजन के महत्व पर शपथ दिलाकर की गई, शपथ के दौरान बच्चों को यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए पौष्टिक भोजन सबसे आवश्यक है, इसके पश्चात व्याख्यान वाला का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार विटामिन प्रोटीन तथा खनिज पदार्थों के महत्व की जानकारी दी। सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने नारे लगाते हुए स्थानीय नागरिकों को पोषण आहार के प्रति जागरूक किया इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डीपी कुशवाहा एवं डॉ पियूषा शर्मा उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ग्राम इटवॉखास स्थित भूमि को शासकीय दर्ज करने के संबंध में जारी किया कारण बताओ नोटिस

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अपर कलेक्टर पन्ना के प्रतिवेदन पर पन्ना तहसील के ग्राम इटवॉखास की विभिन्न रकवे की भूमि को म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत म.प्र. शासन दर्ज करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रतिवेदन के अवलोकन से प्रथम दृष्ट्या बगैर किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के भू-अभिलेख में फर्जी प्रविष्टि होना पाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा ग्राम इटवॉखास निवासी 6 व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर पक्ष प्रस्तुत करने के लिए आगामी 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्टर न्यायालय में समक्ष में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं, अनुपस्थिति पर मामले की सुनवाई और निपटारा की कार्यवाही की जाएगी। इटवॉखास की प्रश्नाधीन सर्वे नंबर 591/8 रकवा 4.856 हे. भूमि के संबंध में भगोना तनय प्रभू काछी, सर्वे नंबर 591/19 रकवा 4.856 हे. भूमि के संबंध में देवकुमारी पत्नी पारसनाथ पाण्डे, 591/37 रकवा 4.856 हे. भूमि के संबंध में पारसनाथ पाण्डे पिता रामकृष्ण पाण्डे, 591/38 रकवा 4.047 हे. भूमि के संबंध में शालिगराम पिता गनपतराम सेन, 591/44 रकवा 4.856 हे. भूमि के संबंध में बूटी बाई पत्नी हरिभान सिंह ठाकुर तथा 591/53 रकवा 4.856 हे. भूमि के संबंध में मीना देवी पति महेश प्रसाद को नोटिस जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम इटवॉखास की मिसल बंदोबस्त वर्ष 1955-56 में सर्वे नंबर 591 रकवा 535.36 एकड़ म.प्र. सरकार वर्ग 9/5 दर्ज रही है। खसरा वर्ष 1961-62 से 1962-63 एवं खसरा पांचशाला वर्ष 1963-64 से 1967-68 में भी उक्त भूमि म.प्र. शासन दर्ज रही, लेकिन आगामी वर्षों में क्रमशः सर्वे नंबर 591 के विभिन्न रकवा पर खातेदारों का नाम सक्षम आदेश के बगैर सीधे भूमि स्वामी स्वत्व पर दर्ज किया गया है। खसरा में भूमि बंटन या भू-स्वामी स्वत्व प्राप्त होने संबंधी कोई टीप दर्ज नहीं है। इसके अलावा वर्ष 2024-25 के खसरा में आराजी नंबर 591 के 63 बटांक दर्ज हैं और कुल रकवा 254.547 हे. है। यह तत्समय मिसल वर्ष के रकवा से 37.897 हे. अधिक है। उक्त भूमि के विक्रय पत्र स्लॉट 3.12.2024 के संलग्न आधार कार्ड अनुसार संबंधितजनों की जन्मतिथि तथा खसरा में दर्ज नाम के वर्ष की अवधि में भिन्नता भी पाई गई है। इसके अतिरिक्त ग्रामवासियों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विक्रेता ग्राम इटवॉखास के निवासी नहीं है एवं न ही ग्रामवासी विक्रेता को पहचानते हैं। विक्रेता का विक्रित भूमि पर कभी कब्जा भी नहीं रहा है।

# बीमा कंपनी के अभिभाषकों के साथ की प्रि-सिटिंग बैठक

**पन्ना।** आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन तथा राजीनामा के जरिए अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से आज जिला न्यायालय स्थित एडीआर सेंटर में प्रि-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में एवं विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान क्लेम प्रकरणों के आवेदक एवं अनावेदक और बीमा कंपनी के अभिभाषकों के साथ आवश्यक चर्चा की गई। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, बीमा कंपनी के अभिभाषक किशोर श्रीवास्तव, एम.एल. अवस्थी, आवेदक अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह परमार, पवन शुक्ला, महेन्द्र द्विवेदी, राजेश तिवारी, प्रमोद पटेल, मो. इस्माइल खान, महेश पटेल, राजकुमार कुशवाहा, आनंद त्रिपाठी, करण सिंह, पवन कुमार पाण्डेय, विजयलक्ष्मी प्रजापति एवं रोहित नायक भी उपस्थित रहे। प्रि-सिटिंग बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा क्लेम प्रकरणों में प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन के तहत उभयपक्ष के मध्य विस्तारपूर्वक चर्चा कर सहमति बनाई गई और प्रपोजल भी तैयार कराया गया। बीमा कंपनी से सहमति प्राप्त होते ही लोक अदालत में सभी प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण होगा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब, महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**पवई।** ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब की बिक्री के विरोध में ग्राम हड़ा की महिलाओं ने मंगलवार को पवई के एस.डी.एम.,थाना प्रभारी और एस.डी.ओ.पी को ज्ञापन सौंपा। भगवती मानव कल्याण संगठन के नेतृत्व में महिलाएं इस कुप्रथा के खिलाफ खड़ी हुईं। महिलाओं ने बताया कि हड़ा ग्राम में खुले आम और बिना किसी रोक-टोक के 24 घंटे अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। शराब विक्रेता पूरी दबंगई से कार्य कर रहे हैं और गांव में इसका खुला प्रभाव नजर आ रहा है। महिलाओं ने कहा कि इस अवैध शराब के चलते गांव का सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है।

# अमानक स्तर के खाद बीज बेचने वालों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही : कमिश्नर

## सागर संभाग में खाद बीज गुण नियंत्रण के लिए कार्यवाही नहीं होने पर कमिश्नर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

## सभी उप संचालक कृषि को नोटिस देने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में अमानक स्तर के बीज खाद एवं कीटनाशक बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उप संचालकों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि अमानक स्तर के खाद बीज और कीटनाशक बेचने वाले फर्मों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में किसी भी स्थिति में अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशकों का विक्रय नहीं होना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि अगर कोई फर्म अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशक विक्रय करता हुआ पाया जाता है तो ऐसे फर्मो के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। कमिश्नर ने संभाग अंतर्गत खाद, बीजों और कीटनाशकों के गुण नियंत्रण हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने के कारण सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उप संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संयुक्त संचालक कृषि को दिए।

कमिश्नर श्री सुचारी ने आज कृषि विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पराली जलाने से होने वाले हानियों के प्रति किसानों को जागरुक करें तथा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में आधुनिक कृषि यंत्रों हैप्पी सीडर, सुपर सीडर के संबंध में किसानों को जानकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों का किसानों के बीच में प्रदर्शन कराएं और उनका उपयोग करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी करें। बैठक में कमिश्नर ने स्वाईल हेल्थ कार्ड योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि स्वाईल हेल्थ कार्ड योजना का शत प्रतिशत लक्ष्य सभी जिलों में पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर द्वारा सागर संभाग की मंडी समितियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त कमिश्नर द्वारा एमपी एग्रो के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

"प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस"
कार्यालय प्राचार्य - छत्रसाल शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना (म.प्र.)
(नैक द्वारा ग्रेड- B++ प्रदत्त)
Off. 07732-252020 E-Mail: hegcpgcpan@mp.gov.in
Website: https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=305

क्रमांक/ 2207/स्था./पुस्तकालय/2025 दिनांक: 08.09.2025

पुस्तकें एवं स्टेशनरी क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना 2025-2026

म.प्र. शासन द्वारा अनुसूचति जति एवं अनुसूचित जनजाति के नियमित विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तके एवं स्टेशनरी प्रदाय योजनान्तर्गत आवंटित राशि एवं महाविद्यालय के विभिन्न मदों से आवश्यकतानुसार ग्रंथालय पुस्तकें एवं स्टेशनरी क्रय हेतु पुस्तकालय विभाग प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में पंजीकृत प्रतिष्ठानों / फर्मो से निर्धारित शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार महाविद्यालय द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र को भरकर निविदा के साथ अमानत राशि रु 6000 (छ हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट जो प्राचार्य छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के नाम देय हों को फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र के साथ मुहरबंद लिफाफे में केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करे। जो दिनांक 29.09.2025 को सायं 05:00 बजे तक महाविद्यालय में अनिवार्यत: प्राप्त हो जानी चाहिये। निविदा प्रपत्र में किसी भी तरह का परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के संबंध में प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। निविदा हेतु निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी महाविद्यालय में कार्यालयीन समय तथा महाविद्यालय की बेबसाईट https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=305 से प्राप्त की जा सकती है। एफ.ओ.आर. शासकीय महाविद्यालय पन्ना तथा सम्बंधित महाविद्यालय देय होगा।

विपिन कुमार ग्रंथपाल
पुस्तकालय प्रभारी
डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी प्राचार्य

# अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से सिक्की कला ने खोली रोजगार की नई राह





## महिलाओं के बीच उनकी आजीविका के लिए स्थानीय कलाओं को मिला बढ़ावा

जागरण, बैढ़न

सरई तहसील अंतर्गत धिरौली एवं सुलियारी परियोजना के पड़ोस के गांवों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा बिहार में नेपाल की सीमा से सटे इलाकों की लुप्त होती मनमोहक सिक्की कला को पुनर्जीवित करने की कोशिश की जा रही है। सिक्की कला से बननेवाली कलाकृतियाँ न केवल बेहद खूबसूरत होती हैंए बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार भी उपलब्ध कराने में सक्षम है। इस दिशा में अदाणी फाउंडेशन द्वारा आसपास के गांवों अमरईखोह आमडांड़ बजौड़ी एवं झलरी की 30 महिलाओं और लड़कियों को बिहार के सिक्की आर्ट के मशहूर कलाकार दिलीप कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षित किया गया है। जल्द ही 60 अन्य महिलाओं और लड़कियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल किया जायेगा। कलाकारों की जीवन शैली में बदलाव और पहचान दिलाने के लिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा श्साथ बढ़ोश् कार्यक्रम के माध्यम से भारत के हर कोने से बनाई जा रही आर्ट को पहचान एवं सम्मान देने के कार्य किया जा रहा है। मध्य प्रदेश का यह क्षेत्र सिक्की कलाकारों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सिक्की कला से पारंपरिक वस्तुओं के साथ.साथ कई तरह की आकृतियाँ बनती हैं जिनमें देवी.देवताओं पक्षियों जानवरों खिलौनों गुड़ियों टोकरियों डिब्बों और अन्य सजावटी वस्तुएँ शामिल हैं। इस कला का उपयोग करके सजावटी उत्पाद के साथ डलिया डगरा छितनी मौनी समेत कई प्रकार के सामान को बेहतर नक्काशी के साथ तैयार किया जाता है। सिक्की कला में घास के सुनहरे रेशों को सजावटी वस्तुओं में बुनना शामिल है। विलुप्त होने के कगार पर पहुँच चुके इस कला को अदाणी फाउंडेशन की टीम के द्वारा इसे पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षित स्थानीय महिलाऐं एवं लड़कियां को अपने हुनर से घर बैठे प्रति महीने 8,000 रुपये तक की आमदनी हो जाती है जिससे वो अपनी पारिवारिक जरूरतों को पूरा कर पाती हैं। इस आर्ट की खूबसूरती एवं प्राकृतिक जुड़ाव के कारण इसकी अच्छी मांग है जो स्थानीय महिलाओं के आय के स्रोत रूप में उपयोगी हो रहा है। सिक्की कला का प्रशिक्षण ले रही महिलाऐं अब मांग के मुताबिक काम भी करने लगी हैं जिससे उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी हो रही है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा उनके हस्तशिल्प बेचने के लिए बाजार भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। यहां के बने सामान स्थानीय बाजार के अलावा राज्य के अन्य शहरों में भेजने की योजना है। ऐसी कला में अब उच्च संभावनाएं देखी जा रही हैं आसपास के गांवों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने स्वरोजगार स्वास्थ्य और शिक्षण के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



# सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी : रूपाली

## सहायक आयुक्त ने किया वार्ड क्र. 40 की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन

**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारी स्वच्छता श्रीमती रूपाली द्विवेदी के द्वारा वार्ड पार्षद श्रीमती सीमा जयसवाल के साथ संयुक्त रूप से वार्ड क्र. 40 के विभिन्न कालोनियो सर्वजनिक स्थलो के साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया। सहायक आयुक्त ने वार्ड के साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन करने के पश्चात स्वच्छता निरीक्षक को निर्देश दिए कि वार्ड कालोनियो में नियमित साफ सफाई कराने के साथ सर्वजनिक स्थलो मे दोने टाईम सफाई कराये। उन्होने नालियो की सफाई कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि नालियो की गाद निकासी के बाद तत्काल उसका उठाव कराये तथा कीटनाकशक दवाओ का छिड़काव भी कराये। सहायक आयुक्त ने निर्देश दिया कि घरो से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचारे को अलग अलग करने हेतु नागरिको प्रेरित करे तथा यह भी समझाई दे कि नागरिक अपने घरो से निकालने वाले कचरे को निगम द्वारा संचालित कचरा वाहन में डाले उन्होने कहा कि इसकी लगातार मानीटरिंग करे कि कचरा वाहन समय पर कालोनियो में पहुचे इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती सीमा जयसवाल के द्वारा दिए गए सुझावो पर भी अमल करने के निर्देश दिए गए ताकि वार्ड की बेहतर साफ सफाई व्यवस्था बनी रहे तथा वार्ड दिखने में स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी सफाई दरोगा अशोक त्रिपाठी सहित सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# सब जूनियर कुराश राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिंगरौली के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ में दिखाएंगे अपना दमखम

**जागरण, सिंगरौली।** सब जूनियर कुराश राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिंगरौली के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ में अपना दमखम दिखाएंगे गत दिनों दतिया में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर कुराश प्रतियोगिता में सिंगरौली जिले के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय सब जूनियर कुराश प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ था। जिसमें उपरोक्त खिलाड़ी ईशिका मौर्य .60 किलोग्राम भार वर्ग मेंए सिगिनां नित्या श्री.52 किलोग्राम भार वर्ग में एवं प्रत्यूष नायक .60 किलो भार वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु अपनी जगह पक्की कर कर लिया था। टीम कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू साकेत के नेतृत्व में सिंगरौली की टीम आज प्रातः शक्तिपुंज से जबलपुर होते हुए छत्तीसगढ़ रायपुर रवाना हो गए हैं। उपरोक्त खिलाड़ी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए रायपुर छत्तीसगढ़ कल से 13 तक आयोजित हो रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे।





# लायंस क्लब विद्युत विहार ने आयोजित किया शिक्षक सम्मान समारोह

**जागरण, बैढ़न।** बैढ़न स्थित प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में लायंस क्लब विद्युत विहार द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें स्थानीय स्कूलों एवं कॉलेजों के प्रधानाध्यक सहित शिक्षकों को शिक्षा में उनके बहुमूल्य योगदान हेतु सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से पीएम एक्सीलेंस कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ एम यू सिद्दीकी काइट्स राइज पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य शाहीन सिद्दीकी सैमफोर्ड स्कूल बरगवां प्रधानाचार्य विशाखा राय डीएवी सूर्यविहार प्रधानाचार्य मृत्युंजय तिवारी सरस्वती शिशु मंदिर विंध्यनगर प्रधानाचार्य मुद्रिका प्रसाद द्विवेदी सरस्वती शिशु मंदिर बैढन प्रधानाचार्य अश्विनी सोनी स्काईलार्क पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार एवं क्रीडोग्रो स्कूल प्रधानाचार्या सोनम बाला के अलावा पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के कई शिक्षक सम्मानित किए गए। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत के बाद मंडल 321 ई के जीएसटी कोऑर्डिनेटर लायन एस पी सिंह द्वारा लायंस इंटरनेशनल के कार्यकलापों एवं समाज में इसकी महत्ता के बारे में बताया गया तत्पश्चात कॉलेज एवं स्कूलों के प्रधानाचार्यों का संबोधन संपन्न हुआ। सभी शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यकम का संचालन रीजन चेयरपर्सन लायन अमित राज एवं धन्यवाद ज्ञापन क्लब अध्यक्ष लायन सुभाष चंद्र बैस द्वारा हुआ। इस दौरान क्लब के सचिव लायन अशोक उपाध्याय कोषाध्यक्ष लायन सतीश चौरसिया ज़ोन चेयरपर्सन लायन श्याम नारायण सिंह सर्विस चेयरपर्सन लायन नटवर दास अग्रवाल लायन तारकेश्वर गुप्ता लायन सर्वेश सिंह लायन मयंक अग्रवाल लायन मनीष शाह लायन विनोद शाह लायन ओम प्रकाश सिंह लायन विजय नारायण सिंह के अलावा कई अन्य लायन सदस्य एवं शिक्षक उपस्थित थे।



## सरस्वती विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं का टेबल टेनिस में चयन

**जागरण विंध्यनगर।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विंध्यनगर के 4 भैया/बहनों का चयन अखिल भारतीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 25 से 28 सितंबर तक भागलपुर बिहार के लिए चयन हुआ है इनकी क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 6 से 8 तक बिलासपुर छत्तीसगढ़ में जिसमें विंध्यनगर के भैया/ बहने आयु वर्ग 14 बहने विजेता आयु वर्ग 17 भैया विजेता रहे 4 भैया/बहनों का चयन अखिल भारतीय के लिए बहिन आरुषि शाह कक्षा 6 आयु वर्ग 14 अर्चना रजक कक्षा 6 आयु वर्ग 14 साक्षी श्रीवास्तव कक्षा 6 आयु वर्ग 14 एवं सतीश राजभर कक्षा 10 आयु वर्ग .17 विद्यालय के प्राचार्य एवम विधालय प्रबंध समिति ने विजेता भैया /बहनों एवं खेल शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह एवं संरक्षक के रूप में श्रीमती गीता पाठक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सुकन्या खाता एवं अन्य सभी योजनाओं हेतु कैंप का आयोजन 11 को

**जागरण, बैढ़न।** आज केंद्रीय विद्यालय जयंत में सुकन्या रक्षा अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया जाएगा इसके तारतम्य में केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य मुकेश कुमार भदोरिया द्वारा सुकन्या खाता एव अन्य सभी योजनाओं हेतु 11 को कैंप आयोजन हेतु अनुमति प्रदान की गई जिसके तहत भारतीय डाक उप निरीक्षक अधिकारी हेमंत साहू एवं कुशाग्र पाल आयोजन को सफल बनाने हेतु निर्देशित कर जीरो से 10 वर्ष की सभी बच्चियों का सुकन्या समृद्धि योजना खाता एवं बाल आधार एवं भारतीय डाक विभाग के सभी योजनाओं हेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत न्यू आधार में जन्म प्रमाण पत्र सर्टिफिकेट एवं न्यू सुकन्या खाता है तो संपूर्ण सभी दस्तावेज उपस्थित कर या खाता मात्र 250 से खोले जा सकते हैं बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित करने इस खाते से जुड़कर इस योजना को सफल बनाए।



# एनटीपीसी रिहंद में सत्यनिष्ठा शपथ कार्यक्रम का आयोजन




**जागरण, रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद के सतर्कता विभाग द्वारा तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान 25 के अंतर्गत आदर्श शिक्षा निकेतन बीजपुर में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के लगभग 550 छात्र–छात्राएँ तथा विद्यालय के प्राचार्य शामिल रहे। समारोह के दौरान छात्रों को ईमानदारी पारदर्शिता अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही तीन माह तक चलने वाले अभियान के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की गई ताकि विद्यार्थी इस अभियान में बढ़.चढ़कर भाग लें और समाज में नैतिकता एवं स्वच्छ छवि को बढ़ावा दें।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक आयोजित होगा सेवा पखवाड़ा

## भाजपा सिंगरौली जिले से लेकर बूथों तक आयोजित करेगी विविध कार्यक्रम

**जागरण, बैढ़न।** 17 को विश्व शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती के साथ ही भारतीय जनता पार्टी अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्मोत्सव मनाती है तथा इसी दिन से आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती तक एक विशेष सेवा पखवाड़ा पार्टी के द्वारा आयोजित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी इस अभियान को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित करती है। सिंगरौली जिले में भी यह कार्यक्रम व्यापक स्तर पर आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु भाजपा जिला कार्यालय मे एक जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व मे एक विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला मे विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम सुमिरन गुप्ता गिरीश द्विवेदी पूर्व विधायक सुभाष वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि इस पूरे पखवाड़े को पार्टी ने सेवा पखवाड़े का नाम दिया है तथा संचालन की दृष्टिकोण से जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी को इस अभियान का प्रभारी नियुक्त किया है तथा सह प्रभारी के रूप में जिला महामंत्री लालपति साकेत जिलामंत्री विनोद चौबे भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह चंदेल सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। कार्यशाला मे सेवा पखवाड़े के प्रभारी राजेश तिवारी मे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताई। प्रभारी ने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रबुद्ध संवाद संगोष्ठी वोकल फार लोकल के प्रचार.प्रसार कार्यक्रमों के लिए वो स्वयं ही प्रभारी रहेंगे तथा उनके साथ निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय एवं जिलामंत्री प्रवेंद्र धर द्विवेदी विशेष सहयोगी रहेंगे। इसी प्रकार स्वच्छता अभियान स्वास्थ्य शिविर तथा प्रदर्शनी के लिए जिला महामंत्री लालपति साकेत प्रभारी तथा जिलामंत्री अरविंद तिवारी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष एक्तिस चंद्र वैश्य विशेष सहयोग रहेंगे। रक्तदान शिविर डाक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन तथा प्रधानमंत्री के संबंध मे पुस्तक वितरण के प्रभारी जिलामंत्री विनोद चौबे रहेंगे तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के सीताराम वर्मा उनके विशेष सहयोगी होंगे। वृक्षारोपण तथा दिव्यांगों के अंग वितरण कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह होंगे तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप झा एवं शारदा शर्मा उनके विशेष सहयोगी होंगे। नमो मैराथन रक्तदान द्वितीय चरण अभियान तथा सांसद खेल कूद प्रतियोगिता के प्रभारी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह होंगे तथा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंबेश द्विवेदी एवं महामंत्री रामेश्वर गुप्ता उनके सहयोगी होंगे।कार्यशाला मे अपने उद्बोधन मे विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह ने बताया कि शासन स्तर से भी इस पखवाड़े का आयोजन हो रहा है तथा हम सबको मिलकर ये सुनिश्चित करना है कि सेवा पखवाड़े मे आयोजित कार्यक्रमों का लाभ अधिक से अधिक जनता तथा हितग्राहियों को मिले और हमारे जनसेवा के उद्देश्य की पूर्ति अधिकाधिक रूप से हो सके। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम हमारे लिए कोई नया नहीं है हम हर वर्ष इसे आयोजित करते हैं किंतु मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल मे ये मेरा पहला अवसर है। जिस प्रकार विगत महीनों मे हमने संगठन के हर कार्य को उत्कृष्टता के साथ पूरा किया है और प्रदेश संगठन के शीर्षस्थ जिलों मे सम्मिलित रहे हैं उसी प्रकार इस बार का सेवा पखवाड़ा अपने आप मे ऐतिहासिक हो ऐसा हम सभी को प्रयास करना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा हमे पार्टी ने तय करके दी है और हमने सभी के बीच कार्यक्रमों का विभाजन किया है किंतु हर एक कार्यक्रम में हर किसी को सहयोग करना है जिससे यह कार्यक्रम प्रदेश मे हमारी उत्कृष्टता को कायम रखे और जिले का संगठन प्रदेश के अव्वल जिलों मे गिना जाय। कार्यशाला का मंचीय संचालन जिला महामंत्री लालपति साकेत ने किया तथा आभार प्रकटन कार्यक्रम के सह प्रभारी विक्रम सिंह चंदेल ने किया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ रविन्द्र सिंह सरोज सिंह सरोज शाह आशा यादव चंद्रिका वैश्य अरविंद दुबे जिला महामंत्री राजकुमार दुबे जिलामंत्री पूनम गुप्ता कलावती यादव अरविंद तिवारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल आईटी सेल संयोजक सुरेश गिरी वरिष्ठ नेता नरेश शाह योगेश द्विवेदी गिरिजा पांडेय विनोद दुबे प्रदीप शाह समस्त मंडल अध्यक्ष मंडलों के प्रभारी शक्ति केन्द्र संयोजक तथा प्रभारी एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# एनसीएल की गृहिणियां सीख रहीं जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार

**जागरण, सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल द्वारा गृहणियों को आपात परिस्थितियों में जीवन बचाने हेतु प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कंपनी की सभी परियोजना और इकाइयों में गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा अभी तक 144 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 4727 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इन प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को सीपीआर हृदय पुनर्जीवन सड़क दुर्घटनाओं में तुरंत चिकित्सा सहायता सांप काटने पर प्राथमिक उपचार जलने या गंभीर चोट पर त्वरित राहत उपायों के साथ रक्तचाप और सामान्य रोगों की पहचान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। ग़ौरतलब है कि एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी।

## अब तक 4700 से अधिक महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुरेश वर्मा पिता स्व.लालजी वर्मा उम्र 40 वर्ष पता.आदर्श गंगा स्कूल सिंगरौली थाना मोरवा जिला सिंगरौली म.प्र. का निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि कुमारी स्नेहा मेरी पुत्री है जिसका मै पिता/संरक्षक हूँ जिसकी माता का नाम सोनी देवी वर्मा है। मेरी पुत्री कुमारी स्नेहा का जन्म 16/06/ 2009 है। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम उसके आधारकार्ड नं. 9034 3381 1617 एवं जन्म प्रमाण पत्र एवं समग्र आई.डी. मे कुमारी स्नेहा है परन्तु मेरी पुत्री के शैक्षणिक रिकार्ड कक्षा 8 वी की मार्क सीट में स्नेहा अंकित है जो गलत है। जिसे सुधार कर मेरी पुत्री का सही नाम कुमारी स्नेहा अंकित किया जाय जो उसके आधारकार्ड एवं जनम प्रमाण पत्र एवं समग्र आई.डी. में अंकित है। अपनी पुत्री कुमारी स्नेहा के नाम सुधार करने बावत शपथ पत्र निष्पादित कराया हूँ।

### एशिया कप टी-20 : भारतीय ऑलराउंडर निभाएंगे बड़ी भूमिका, मैच आज रात आठ बजे से, प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स पर

# कमजोर यूएई का सामना विश्व चैंपियन भारत से

जेएनएन, दुबई

खिताब का प्रबल दावेदार भारत एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को जब मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, तो ऑलराउंडर के जरिए टीम में पर्याप्त संतुलन स्थापित करने की कोशिश करेगा। भारत हालांकि अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि इस मुकाबले में तीसरे स्पिनर या विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के साथ उतरना है या नहीं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद से भारत ने सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर को प्राथमिकता दी है। ऐसा विशेष कर बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए किया गया है, ताकि आठवें नंबर तक उसके पास अच्छे बल्लेबाज रहें। अमीरात के खिलाफ मैच 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले अभ्यास मैच की तरह होगा। कमजोर मानी जाने वाली यह टीम भारतीय टीम प्रबंधन को इस बात का अंदाजा देगी कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए किस संयोजन के साथ मैदान में उतरना बेहतर होगा। यूएई के खिलाड़ियों के लिए यह सबसे बड़ा मैच होगा। जसप्रीत बुमराह का सामना करना या शुभमन गिल को गेंदबाजी करना किसी एसोसिएट देश के क्रिकेटर के जीवन में आम बात नहीं है और एशिया कप उन्हें खेल के वास्तविक माहौल से अवगत कराएगा।

### यूएई की नजरे उलटफेर करने की होंगी

यूएई ने भारत के आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद टी-20 त्रिकोणीय सीरीज खेली है। वे अफगानिस्तान को हराने के बेहद करीब थे, हालांकि उन्होंने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करने से पहले उन्हें इसी तरह के कड़े क्रिकेट की जरूरत थी, एक ऐसे साल में जब बांग्लादेश के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज जीतने की उनकी लय पर्ल ऑफ अफ्रीका सीरीज में युगांडा से दस दिनों में दो हार के कारण टूट गई थी। इसमें कोई शक नहीं कि उनका मुकाबला मौजूदा टी-20 विश्व चैंपियन से है, जो न सिर्फ टी-20 विश्व कप में हर मैच जीतने वाली एकमात्र टीम है, बल्कि उस अभियान के बाद से लगातार बेहतर होती जा रही है। मुहम्मद वसीम, राहुल चोपड़ा और सिमरनजीत सिंह जैसे खिलाड़ी अनुभवी कोच लालचंद राजपूत के मार्गदर्शन में अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं।




**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह।

**यूएई:** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान, अर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतीउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह, सगीर खान।

■ भारत की फॉर्म की बात की जाए तो वे पिछले दोनों मैच जीते हैं, लेकिन इससे पहले उनको एक मैच में हार का सामना करना पड़ा था। जबकि इससे पहले दोनों ही मैचों में उनको जीत नसीब हुई थी।

■ यूएई की टीम पिछली बार त्रिकोणीय सीरीज में खेलती दिखी थी, लेकिन पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों ही टीमों के खिलाफ वे एक भी मैच नहीं जीत पाए थे। कुल मिलाकर पिछले पांच मैचों में उनको सभी में हार मिली है।

### भारत के लिए टीम चयन समस्या

भारतीय टीम में संजू सैमसन बनाम जितेश शर्मा की पहेली फिलहाल सुलझ गई है। जितेश की फिनिशर की भूमिका को सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी पर प्राथमिकता मिलना तय है। शीर्ष क्रम में गिल की वापसी से भी सैमसन के लिए अंतिम एकादश में जगह बना पाना मुश्किल हो गया है। गिल अब अभिषेक शर्मा के साथ बल्लेबाजी का आगाज करेंगे। ऐसे में तीसरा नंबर बचता है, लेकिन इस स्थान पर तिलक वर्मा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे वह टी-20 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे या चौथे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं। इसके बाद ऑलराउंडर का नंबर आता है, जिसमें हार्दिक पंड्या महत्वपूर्ण हैं। फिर आते हैं बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे, जो धीमी पिचों पर भी स्पिन गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा सकते हैं। नंबर सात पर जितेश आरसीबी की तरफ से आईपीएल में किए गए प्रदर्शन को देखते हुए फिट बैठते हैं। इसके बाद अक्षर पटेल का नंबर आता है, जो कुशल स्पिनर होने के साथ उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। कपिल देव के बाद भारत के सबसे कुशल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और भारत के सबसे सफल टी-20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह का चयन तय है, जिससे केवल एक ही स्थान खाली रह जाता है। सितंबर में एशिया कप खेले जाने का मतलब है कि दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच मार्च की तुलना में अधिक हरी-भरी और ताजा होगी, जिसमें अधिक उछाल होगा। भारत ने मार्च में यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान रविन्द्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को उतारा था। लेकिन बदली परिस्थितियों में अगर टीम प्रबंधन अक्षर के साथ अन्य स्पिनर को अंतिम एकादश में रखता है तो उसके पास कुलदीप और चक्रवर्ती के रूप में दो अच्छे विकल्प हैं।

## 12 साल के शुभमन गिल को गेंदबाजी करने वाला अब उनके खिलाफ खेलेगा

**दुबई, जेएनएन।** मैं शुभमन को तब से जानता हूं, जब वह बच्चा था, लेकिन पता नहीं उसे मैं याद हूं या नहीं, यह कहना है यूएई के बाएं हाथ के स्पिनर सिमरनजीत सिंह का। अपने क्रिकेट करियर के सबसे बड़े पल भारत के खिलाफ एशिया कप मुकाबले से पहले लुधियाना के 35 साल के इस खिलाड़ी को याद है, जब 12 साल का प्रतिभाशाली शुभमन मोहाली में पंजाब क्रिकेट संघ मैदान पर अभ्यास के लिए आता था। उन्होंने कहा कि यह 2011-12 की बात होगी, जब शुभमन 11 या 12 साल का रहा होगा। हम मोहाली में पीसीए अकादमी पर सुबह छह से 11 बजे तक अभ्यास करते थे। शुभमन अपने पिता के साथ सुबह 11 बजे आता था। सिमरनजीत ने कहा कि मैं अपने नेट सत्र के बाद काफी अतिरिक्त गेंदबाजी करता था। पता नहीं अब वह मुझे पहचानेगा या नहीं, लेकिन उन दिनों मैने उसे काफी गेंदबाजी की है। यूएई के कोच लालचंद राजपूत के अनुसार सिमरनजीत काफी प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट में बाएं हाथ के हर स्पिनर में गेंद को लगातार फ्लाइट देने की हिम्मत नहीं होती। सिमरन को पता है कि फ्लाइट से विकेट कैसे लिए जाते हैं।

**यूएई की टीम में भारत के सिमरनजीत**

पंजाब के इस गेंदबाज ने अब तक 12 टी-20 मैचों में 15 विकेट लिए हैं। सिमरनजीत ने कहा कि मैंने पंजाब में काफी जिला क्रिकेट खेली है। फिर 2017 में रणजी संभावितों में चुना गया। मैंने किंग्स इलेवन पंजाब के नेट्स पर भी काफी गेंदबाजी की है। इसके बावजूद सफलता नहीं मिलने से उन्हें समझ में आ गया कि भारत के लिए खेलने का सपना पूरा नहीं होने वाला। फिर कोरोना ने उनकी जिंदगी बदल दी। उन्होंने कहा कि मुझे दुबई में अभ्यास का प्रस्ताव मिला और अप्रैल 2021 में 20 दिन के लिए मुझे यहां आना था। फिर कोरोना की दूसरी लहर के बाद भारत में फिर लॉकडाउन लग गया और मैं महीनों यहीं रह गया। इससे वह यूएई के लिए खेलने के पात्र हो गए, चूंकि घरेलू क्रिकेट में तीन और सत्र खेलने की जरूरत थी। उन्होंने पात्रता की शर्त पूरी करने के ह्यबाद मुख्य कोच लालचंद राजपूत से संपर्क करके ट्रायल लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि 2021 के बाद से मैं दुबई में हूं और जूनियर खिलाड़ियों को कोचिंग देकर अच्छा पैसा मिल रहा है। मैं क्लब क्रिकेट भी खेलता हूं। यूएई टीम में आने के बाद अमीरात क्रिकेट बोर्ड से केंद्रीय करार मिल गया। यह बेहतरीन देश है और मुझे अगर कोई दिक्कत होती तो मैं इसके लिए नहीं खेलता। मेरे मजहब का सम्मान किया जाता है।

## तीरंदाजी : भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक प्लेऑफ में पहुंची

**ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया), जेएनएन।** दीपिका कुमारी, गाथा खडके और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में पहुंच गई, लेकिन पुरुष टीम पहले दौर से बाहर हो गई। कंपाउंड तीरंदाज भी दो पदकों से आगे नहीं बढ सके। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2-6 से हार गई। अब कांस्य पदक के लिए भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय महिला टीम की नजरें 2015 के बाद विश्व चैम्पियनशिप में पहले पदक पर है। भारत ने अभी तक दो पदक जीते हैं और दोनों कंपाउंड वर्ग में मिले है। पुरुष टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और रिषभ यादव तथा च्योति सुरेखा वेन्नम ने मिश्रित टीम में रजत पदक हासिल किया। रिकर्व में महिला टीम की अगुआई कर रही चार बार की ओलंपियन दीपिका क्वालिफिकेशन में 677 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त गाथा ने 666 और 30वीं वरीयता प्राप्त अंकिता ने 656 अंक बनाए।

### मैदान से हटकर

## स्टोइनिस ने समुद्र के बीच किया गर्लफ्रेंड को प्रपोज



ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने अपने जीवन में एक नई पारी की शुरुआत की है। इस स्टार खिलाड़ी ने अपनी गर्लफ्रेंड सारा चारनच से सगाई कर ली है।



इस कपल ने कुछ दिन पहले (3 सितंबर) सगाई की थी, जिसे फैंस के साथ शेयर किया था। उन्होंने तस्वीर शेयर करने के साथ सगाई की अंगूठी का वीडियो भी डाला है। दोनों तस्वीरों में अपने जीवन के नए सफर की शुरुआत का जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। स्टोइनिस ने गर्लफ्रेंड को समुद्र के बीच ले जाकर सगाई के लिए प्रपोज किया। स्टोइनिस ने शॉर्ट्स पहन रखा था, जबकि उनकी मंगेतर बिकिनी में थी। सगाई की जानकारी सारा ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट डाल कर दी। स्पेन के कोस्ट पर एक नाव पर मैंने अपने जीवन का सबसे आसान हां कहा। स्टोइनिस और सारा का रिश्ता किसी से छिपा नहीं है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सारा को अक्सर स्टेडियम में स्टोइनिस को सपोर्ट करते हुए देखा गया है। सारा पेशे से एक ऑस्ट्रेलियन मॉडल और फैशन डिजाइनर हैं और अपने स्टाइल व ग्लैमर के लिए जानी जाती हैं। इस साल फरवरी में स्टोइनिस ने वनडे इंटरनेशनल से संन्यास लेकर टी-20 क्रिकेट पर ध्यान लगाने का फैसला किया। 2015 में डेब्यू के बाद से उन्होंने वनडे करियर में 71 मैच खेले। (जेएनएन)

### श्रीलंका ने पिछली बार 2012 और भारत ने 2016 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी

## भारत-श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जा सकता है टी-20 विश्व कप 2026

**दुबई, जेएनएन।** 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेले जाने की संभावना है। इस टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी। ये मुकाबले भारत में कम से कम पांच और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे। फाइनल अहमदाबाद या कोलंबो में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान फाइनल खेल रहा है या नहीं। भारत और पाकिस्तान वर्तमान में दोनों सरकारों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेल रहे हैं। आईसीसी अभी भी कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहा है, वहीं ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि उसने समय सीमा तय कर ली है और भाग लेने वाले देशों को सूचित भी कर दिया है। भारत 2026 के पहले चार महीनों में डब्ल्यूपीएल से शुरू होने वाले कई प्रमुख आयोजनों की मेजबानी कर रहा है, जिनकी तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं। बीसीसीआई ने छह टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए जनवरी की शुरुआत और फरवरी की शुरुआत के बीच का समय निर्धारित किया है। डब्ल्यूपीएल के बाद पुरुष टी-20 विश्व कप होगा, जिसके बाद बीसीसीआई आईपीएल की मेजबानी करेगा, जिसकी संभावित अवधि 15 मार्च से 31 मई है। भारत 11 से 31 जनवरी तक वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड की भी मेजबानी करेगा।



### 20 टीमों लेंगी हिस्सा, 15 तय

इसका प्रारूप वेस्टइंडीज और यूएसए में 2024 में खेले गए पुरुष टी-20 विश्व कप जैसा ही होगा, जहां 20 टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में विभाजित किया गया था और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर आठ दौर के लिए क्वालिफाई करेंगी। यहां एक बार फिर आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक सुपर आठ समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारत मौजूदा चैंपियन है, जिसने बारबेडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। पूरे टूर्नामेंट में 55 मैच खेले गए थे। वर्तमान में, 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए 15 टीमों की पुष्टि हो चुकी हैः भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएसए, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड्स और इटली। इटली ने पहली बार विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। शेष पांच टीमों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालिफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया पैसिफिक क्वालिफायर से आएंगी।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी के साथ किरण जॉर्ज आगे बढ़े

**हांगकांग, जेएनएन।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने मंगलवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया, जबकि किरण जॉर्ज ने क्वालिफाइंग मुकाबला जीतकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पेरिस विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में अपना दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहले दौर के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के चियू शियांग चिए और वांग ची-लिन को 21-13, 18-21, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक जोड़ी मुकाबले के शुरुआती गेम में अच्छी लय में दिखी, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को दूसरे गेम में वापसी करने का मौका दे दिया। तीसरे गेम में सात्विक और चिराग ने हालांकि अपने चिर-परिचित अंदाज में नेट का शानदार इस्तेमाल करते हुए कुछ दमदार स्मैश लगाकर शानदार वापसी की। आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अब जापान के केनया मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा तथा थाईलैंड के पीरचाई सुखफुन और पक्कापोन टीरारत्सुकुल के बीच होने वाले मैच के विजेता से

### हांगकांग ओपन सुपर 500




भिड़ेगी। पुरुष एकल वर्ग में किरण ने क्वालिफायर में लगातार दो जीत हासिल करके मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई। उन्होंने मलेशिया के चियाम जून वेई को 21-14, 21-13 से हराने के बाद हमवतन एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-18, 21-14 से मात दी। शंकर ने इससे पहले शुरुआती मुकाबले में इंग्लैंड के वांग यू हैंग को 21-10, 21-5 से हराया था। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज किरण का अगला मुकाबला सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा। थारुन मन्नेपल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत को क्वालिफायर के पहले मुकाबले में 28-26, 21-13 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## महिला एशिया कप : भारत सुपर चार मुकाबले में कोरिया से भिड़ेगा आज

**हांगझोउ (चीन), जेएनएन।** पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर अविजित रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपनी प्रभावशाली लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार तरीके से करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंदा, इसके बाद जापान के खिलाफ 2-2 ड्रॉ खेला। भारत ने अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 12-0 से हराकर पूल-बी में गोल अंतर के आधार पर जापान से आगे रहते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत इस लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने की कोशिश करेगा। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारत सुपर चार चरण में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान की टीम कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगा। कोरिया के बाद भारत गुरुवार को खिताब के दावेदार चीन के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद शनिवार को जापान से भिड़ेगा। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर और मुमताज खान पूल स्टेज में पांच-पांच गोल कर शानदार लय में हैं। उनसे उम्मीद होगी कि वे अपनी लय बरकरार रखते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाने में अपना योगदान दे। सुपर चार चरण में भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज चीन है।

## 31 साल के पाक गेंदबाज शिनवारी ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने महज 31 साल की उम्र में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। शिनवारी ने 2013 से 2019 के बीच पाकिस्तान के लिए सभी प्रारूपों में कुल 34 मैच खेले। उन्होंने एक टेस्ट, 17 वनडे और 16 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में हिस्सा लिया। पाकिस्तान के लिए अपना पिछला मैच छह साल पहले खेलने वाले शिनवारी हालांकि 'लीग क्रिकेट' खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। अब समय आ गया है कि अगली पीढ़ी के लिए रास्ता बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मैं लीग क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा और इसके जरिये इस खेल और अपने प्रशंसकों से जुड़ा रहूंगा। मेरे लिए प्रशंसकों का प्यार और समर्थन ही सबकुछ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके संन्यास की पुष्टि करते हुए लिखा, धन्यवाद उस्मान शिनवारी। शिनवारी ने खेल के तीनों प्रारूपों में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण किया।



## बैजबॉल को लेकर गलतफहमी खिलाड़ियों का अपमान: मैकुलम

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि क्रिकेट का बैजबॉल ब्रांड कोई कड़ी खेल शैली नहीं है, बल्कि यह खिलाड़ियों को स्वच्छंद होकर खेलने की छूट देने से जुड़ा है तथा इसको लेकर गलत धारणाएं खिलाड़ियों के लिए अपमानजनक है। मैकुलम ने 2022 में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान संभाली और आक्रामक अंदाज में क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दी। क्रिकेट जगत ने इस शैली को बैजबॉल नाम दिया, लेकिन मैकुलम को यह शब्द पसंद नहीं है। बीबीसी स्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, मैकुलम ने 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट में कहा, हमारे अंदर कभी भी अपने बारे में ऐसी मानसिकता नहीं रही है। चीजों को लेकर हमारा रवैया सख्त नहीं है। उन्होंने कहा कि हम जिस तरह की क्रिकेट खेलते हैं, उसको लेकर कुछ गलत धारणा है। मुझे लगता है कि यह सभी खिलाड़ियों और टीम के अन्य सदस्यों के लिए अपमानजनक है। हम कड़ी मेहनत करते हैं और सफल होना चाहते हैं, लेकिन हमें इस तरह से वर्गीकृत करना सही नहीं है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि उनका जोर हमेशा खिलाड़ियों की मानसिकता पर रहा है, न कि किसी विशेष तरीके से खेलने पर।

## टोनाली का इंजरी टाइम में गोल, इटली ने विश्व कप क्वालिफाइंग में इजराइल को 5-1 से हराया


**डेब्रेसेन (हंगरी), जेएनएन।** सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फुटबॉल विश्व कप क्वालिफाइंग में सोमवार को इजराइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जून में नॉर्वे से 3-0 की हार के बाद इटली का क्वालिफिकेशन अभियान मुश्किल में पड़ गया था। उसकी मुश्किल तब और बढ़ गई थी, जब तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए मैच में इजराइल ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी।



इटली ने मोइज कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया। लेकिन इजराइल ने दो मिनट में दो गोल करके स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। उसकी तरफ से डोर पेरेट्ज ने दो गोल किए। इसके बाद टोनाली ने खेल समाप्ति से एक मिनट पहले गोल करके इटली को पूरे अंक दिलाए। यूरोपीय क्वालिफाइंग के अन्य मैच में कोसोवो ने स्वीडन को 2-0 से, स्विट्जरलैंड ने स्लोवेनिया को 3-0 से, डेनमार्क ने यूनान को 3-0 से, स्कॉटलैंड ने बेलारूस को 2-0 से और क्रोएशिया ने मोंटेनेग्रो को 4-0 से हराया।

## ट्यूनीशिया लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालिफाई

**ट्यूनिस (ट्यूनीशिया)।** मोहम्मद अली बेन रोमधाने के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से ट्यूनीशिया ने इक्वेटोरियल गिनी पर 1-0 से जीत दर्ज करके फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया। ट्यूनीशिया को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए दो मैच बाकी रहते जीत की जरूरत थी। वह ग्रुप-एच में आठ मैचों में 22 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद नामीबिया से 10 अंक आगे है। ट्यूनीशिया ने क्वालिफाइंग में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। ट्यूनीशिया ने कुल सातवीं और लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है।



वह विश्व कप में 2018 और 2022 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

## जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक अब 15 को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी वन मित्र पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक अब 15 सितंबर को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 12 को

**सतना।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 12 सितंबर 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है।

## बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में चोरी

**जागरण सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में कोमल इंटरप्राइजेज नाम की फर्म के ऑफिस में चोरी की घटना सामने आई है। यह वारदात 8 और 9 सितंबर की रात हुई। नकाबपोश बदमाश ऑफिस का ताला तोड़कर अंदर घुसा और वहां रखे प्रिंटर व तिजोरी को निशाना बनाया। फर्म के मालिक ज्ञानचंद्र फुलवानी ने बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे वे ऑफिस बंद कर अपने घर चले गए थे। अगले दिन जब सुबह ऑफिस का गेट खोला गया तो ताला टूटा मिला। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और तिजोरी का लॉक भी टूटा हुआ था। इससे साफथा कि बदमाश काफी समय तक ऑफिस के अंदर रहा और तिजोरी को तोड़ने की कोशिश करता रहा। घटना के बाद जब सीसीटीवी फुटेज देखी गई तो पता चला कि ऑफिस के अंदर लगाया गया कैमरा उस समय बंद था। हालांकि कैंपस में लगे एक और कैमरे में नकाब पहने हुए बदमाश की हलचल रिकॉर्ड हो गई। यह फुटेज फर्म मालिक ने पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और आसपास के सुरागों के आधार पर जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# विद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में नशा को करो प्रतिबंधित

### कार्यवाही करने पुलिस को दिये गये निर्देश




जागरण सतना

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा सतना जिले में संचालित सदस्य श्रीमती मेघा पवार ने मंगलवार को सेवा भारती (मातृ छाया) का निरीक्षण किया गया। इसके बाद सरस्वती आवासीय विद्यापीठ उतैली के शिशु वाटिका के बालकों तथा कक्षा 5वीं व हाईस्कूल के बालकों से चर्चा की। उन्होंने बालकों को मोबाइल से दूर रहने तथा जीवन में खेल को बढ़ावा देने एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दी एवं विद्यालय में स्थापित बाल सुलभ पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय का भ्रमण किया। सर्किट हाउस सतना में बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में अंर्तविभागीय समन्वय बैठक में आयोग सदस्य ने पाक्सो प्रकरणों में बाल कल्याण समिति को अनिवार्य रूप से गंभीरता बरतने तथा विद्यालयों के 100 मीटर के दायरे के अंदर नशा को पूर्णतः प्रतिबंध किये जाने की कार्यवाही हेतु पुलिस विभाग को निर्देश दिये। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेशित बालकों को नियमानुसार लाभ प्रदान किये जाने एवं विद्यालयों में शाला त्यागी बालकों का शत-प्रतिशत पंजीयन एवं स्कूल बैग का वजन नियमानुसार रखने तथा विद्यालयों में गुड टच बैड टच तथा पॉक्सो अधिनियम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। बाल भिक्षावृत्ति के संबंध में रेल्वे स्टेशन तथा सभी मुख्य हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अभियान चलाकर बालकों को शासन की योजनाओं से जोड़ने हेतु एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर एक सूचनातंत्र का गठन करना जिससे समय रहते बाल विवाह के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके तथा उचित कार्यवाही हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया। जनजातीय कार्य विभाग के सभी छात्रावासों में बालिकाओं से मिलने वाले आगंतुकों के आधार कार्ड से पहचान के उपरांत ही मिलने का प्रावधान किये जाने तथा सीसीटीव्ही कैमरा अनिवार्य रूप से लगाये जाने तथा पॉक्सो अधिनियम की जानकारी के संबंध में निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ऑटो रिक्शा के माध्यम से स्कूल के बच्चों के आवागमन को रोकने एवं स्कूल बसों के चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन के संबंध में परिवहन विभाग को निर्देश दिये गय। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल.के. तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, आर.टी.ओ. संजय श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी, श्रम विभाग अनुराग प्रताप सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के.के. शुक्ला, क्षेत्र संयोजक, सपोर्ट पर्सन पैनल, विशेष किशोर पुलिस इकाई उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 10 सितम्बर को प्रातः 11 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा, वन अधिकार पट्टा, वन राजस्व भूमि एवं सीमा विवाद, सिविल केस विथ जीपी एवं एजीपी, लीगल कॉलोनी डिप्लायमेंट, आरसीएमएस के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा विहीन ग्रामों का भौतिक सत्यापन, राहत प्रकरणों की समीक्षा, भू अर्जन के प्रकरण, लंबित सीएम मानिट प्रकरण, पीएम किसान योजना, लंबित आडिट कंडिकाएं, मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना, कृषि संगणना फेज-3, सर्वेयरों का भुगतान की समीक्षा की जायेगी। बैठक में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त प्रभारी अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, लोक सेवा को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## संबल योजना अंतर्गत अनुदान सहायता राशि वितरित

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 7945 हितग्राहियों को 175 करोड की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से भोपाल से किया गया। सतना जिले के 147 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना की 3 करोड 33 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया। जिला एनआईसी केन्द्र सतना में सहायक श्रमायुक्त सतना, श्रम निरीक्षकगण एवं जनपद सोहावल तथा नगर पालिक निगम सतना के हितग्राही उपस्थित रहे। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सतना जिले की सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आयोजित किया गया। जिसमें संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

# सीपी राधाकृष्णन की जीत पर सांसद ने दी बधाई



**जागरण सतना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और सतना से सांसद गणेश सिंह ने उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की शानदार जीत पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति को बधाई देते हुए कहा कि सीपी राधाकृष्णन एक योग्य और अनुभवी राजनेता हैंए जिनके नेतृत्व में देश और संसद को उनके विशाल अनुभव का लाभ मिलेगा। सतना सांसद गणेश सिंह ने अपने बयान में कहा कि सीपी राधाकृष्णन एक अनुभवी और समर्पित राजनेता हैं। उनकी यह जीत न केवल एनडीए की एकता और ताकत को दर्शाती हैए बल्कि यह भी साबित करती है कि देश की जनता और संसद उनके नेतृत्व पर भरोसा करती है। उपराष्ट्रपति के रूप में वे देश की संसदीय परंपराओं को और मजबूत करेंगे। मैं उन्हें कोटि.कोटि बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। गणेश सिंह ने आगे कहाए राधाकृष्णन जी का चार दशकों से अधिक का राजनीतिक अनुभवए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के साथ उनका गहरा जुड़ावए और तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका उन्हें इस पद के लिए एक आदर्श उम्मीदवार बनाती है।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल सतना आयेंगे



**जागरण सतना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 11 सितंबर को एक दिवसीय प्रवास पर सतना आयेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान के तहत युवा संसद एवं अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह की प्रतिमा का अनावरण एवं ओपन थियेटर के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा तथा महापौर योगेश ताम्रकार शामिल होंगे।

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• गॉलब्लॉडर • अपेंडिक्स • सभी प्रकार के हार्निया • ओवेरियन सिस्ट
• डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी • हिस्ट्रैक्टमी • रेक्टप्रोलैप्स
• सुडोपेन कियाटिक सिस्ट • पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) 07662-356125, 8435896118

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप राष्ट्रपति चुनाव जीत पर मनाया जश्न



**जागरण सतना।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सतना में उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। कार्यालय परिसर में पटाखे फोड़कर,मिठाई बाँटकर और नारे लगाकर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय' ने इस अवसर पर कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनके विजन की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब जन.जन की पार्टी बन चुकी हैए जहाँ हर वर्ग को महत्व दिया जाता है और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की आवाज़ भी सुनी जाती है। जिला कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राधाकृष्णन को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे देश के विकास और संवैधानिक परंपराओं के संरक्षण में अहम भूमिका निभाएँगे। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता मुरारी सोनी जिला महामंत्री ऋषभ सिंह जिला मंत्री दीप नारायण सिंह कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू सुनील मिश्रा महेंद्र तिवारी अतुल सिंह परिहार गणेश मिश्रा मनीष शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जागरण सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आपदा पीड़ित व्यक्ति के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (ग्रामीण) एलआर जांगडे द्वारा रघुराजनगर तहसील अंतर्गत पुरवा निवासी महेश कोल के पुत्र की कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

।।जय माता दी।। कर्म माँ भूमि
पिन्टू कार बाजार
हमारे यहॉ सभी कम्पनियों की गाड़ियां खरीदी व बेची जाती हैं हमारे यहॉ बोलेरो स्कार्पियो, इनोवा एवं छोटी गाड़ियां उपलब्ध हैं फइनेंस एवं बीमा की सुविधा उपलब्ध है 10000 किमी इंजन की गारंटी है 1 टैंक डीजल फ्री ।
पता :- सेमरिया रोड बदखर जिला सतना मध्य प्रदेश एवं रीवा रोड लोहरा
मो 6264241950 7566961380

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ 2025-26
SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रीवा (म.प्र.)
AICTE नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
POLYTECHNIC Duration : 3 Years Eligibility : 10th
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (MMS)
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
महाविद्यालय में निःशुल्क पंजीयन की सुविधा
संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संस्था में प्रवेश 19.08.2025 से 15.09.2025
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी रीवा (म.प्र.)
PCI नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
D. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
B. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 05.08.2025 से 04.09.2025 | संस्था का चयन 20.08.2025 से 08.09.2025 | संस्था में प्रवेश 13.09.2025 से 18.09.2025
लेटरल एंट्री के माध्यम से B. PHARMACY द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
Duration : 3 Years | Eligibility : D.Pharmacy
सुविधाएँ : • अत्याधुनिक लैब एवं लाइब्रेरी। • प्ले ग्राउण्ड एवं ए.सी. ऑडोटोरियम। • महाविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण • Wi-Fi कैम्पस। • 15 एकड़ का भव्य ग्रीन कैम्पस।
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा (म.प्र.) / सिटी ऑफिस : ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902 7049399904

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611




जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com